सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 07 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 123, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 941 अंकों की उछाल

ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत में प्रगति के दावे के बाद सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया। } 10

## डोपिंग को अपराध घोषित करने का प्रस्ताव

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि एनएसएफ की बैठक में डोपिंग को अपराध घोषित करना और आगामी राष्ट्रमंडल तथा एशियाई खेलों की तैयारियां चर्चा के मुख्य विषय होंगे। } 12



## भारत-वियतनाम के बीच मजबूत हुए रिश्ते

### पीएम मोदी व वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम ने किये कई समझौते

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम के बीच हुई वार्ता के बाद बुधवार को भारत और वियतनाम ने अपने संबंधों को बढ़ाकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया और 2030 तक 25 अरब डॉलर के वार्षिक व्यापार का लक्ष्य तय किया।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने भूराजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच व्यापार, रक्षा और दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी-लाम की मुलाकात के बाद दोनों पक्षों ने 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए जो डिजिटल भुगतान, दुर्लभ खनिजों, फार्मास्युटिकल्स, शिक्षा, बैंकिंग और संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में गहन दोतरफा साझेदारी का मार्ग खोलेंगे। मोदी और लाम ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की दबदबा बढ़ाने की कोशिशों के बीच क्षेत्र की स्थिति पर भी चर्चा की और कानून व्यवस्था, शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान देते रहने पर भी सहमति जताई। समझा जाता है कि दक्षिण चीन सागर में चीन का बढ़ता सैन्य दबदबा भी दोनों पक्षों की प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में सामने आया। इस महीने की शुरुआत में ही राष्ट्रपति निर्वाचित हुए लाम ने मंगलवार को भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बंगाल में नयी सरकार का शपथ ग्रहण नौ मई को

### मोदी के शामिल होने की संभावना



कोलकाता। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि राज्य में भाजपा की पहली सरकार का शपथग्रहण समारोह नौ मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सुबह 10 बजे शुरू होने वाले शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और कई केंद्रीय मंत्रियों के उपस्थित रहने की उम्मीद है। भट्टाचार्य ने पत्रकारों से कहा नयी भाजपा सरकार 9 मई को सुबह 10 बजे ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेगी। खास बात यह है कि शपथग्रहण समारोह बंगाली पंचांग के बैसाख महीने के 25वें दिन आयोजित ...शेष पृष्ठ 10 पर

### हिमंत ने सीएम पद से दिया इस्तीफा



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ इस्तीफा दे दिया जिससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 126 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटें जीती हैं। असम में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को एक चरण में हुए थे और मतगणना चार मई को हुई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, असम चुनाव 2026 के परिणामों की औपचारिक अधिसूचना के बाद और नयी सरकार के गठन को सुगम बनाने के लिए डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज लोक भवन में माननीय राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

### विजय ने पेश किया सरकार बनाने का दावा



चेन्नई। टीवीके प्रमुख विजय ने बुधवार को तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। यह कदम उनकी पार्टी के दो दिन पहले हुए चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरने के बावजूद साधारण बहुमत से पीछे रहने के बाद आया है। टीवीके संस्थापक ने दोपहर 3:15 बजे लोक भवन के निमंत्रण पर राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई नेता मौजूद थे, जिनमें बुस्सी एन आनंद, आधव अर्जुन, के ए सेंगोत्तयैन, सी टी निर्मल कुमार और अन्य शामिल हैं। विजय ने यह मुलाकात कांग्रेस पार्टी द्वारा समर्थन देने की घोषणा के कुछ घंटों बाद की। इससे पहले टीवीके प्रमुख और कांग्रेस नेताओं के बीच भी बैठक हुई थी। हालांकि टीवीके, वीसीके और दो अन्य वामपंथी दलों का समर्थन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अब बदल चुकी है युद्ध की शैली : योगी

### युद्ध अब साइबर व स्पेस तक विस्तारित, डेटा, सिग्नल्स व नेटवर्क बने नये हथियार, टेक्नोलॉजी की बढ़ी भूमिका

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लड़ाई सीमाओं से बढ़कर साइबर, स्पेस, डेटा नेटवर्क और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम तक फैल चुकी है। पारंपरिक युद्ध कौशल के साथ-साथ अब तकनीकी दक्षता, रणनीतिक सोच और मानसिक दृढ़ता भी अनिवार्य हो गई है। आज के युद्ध में कीबोर्ड, सेटेलाइट और डेटा उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने पारंपरिक हथियार। दुश्मन के संचार नेटवर्क को बाधित करना तथा अपने सिस्टम को सुरक्षित रखना नई युद्ध रणनीति का आधार बन रहा है। ऐसे परिदृश्य में वही राष्ट्र आगे रहेगा, जो साहस और तकनीक के बीच संतुलन स्थापित कर सके। नेशन फर्स्ट केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय सैनिक के जीवन का संकल्प है। यह हर नागरिक के लिए भी मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए, क्योंकि राष्ट्र सर्वोपरि है और उससे बढ़कर कुछ भी नहीं। सीएम




योगी बुधवार को प्रयागराज में 'रक्षा त्रिवेणी संगम की थीम पर नॉर्थ टेक सिम्पोजियम (एनटीएस) 2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सियाचिन की जमाने वाली ठंड हो, रेगिस्तान की तपती रेत, घने जंगलों का अंधकार या समुद्र व आकाश की अनंत चुनौतियां, हमारे सैनिक हर परिस्थिति में तत्पर रहते हैं। उनकी सतर्क निगाहों के कारण ही पूरा देश सुरक्षित और निश्चिंत रह पाता है। आधुनिक युद्ध अब केवल जल, थल और नभ तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस के युग में प्रवेश कर चुका है। युद्ध में साइबर, स्पेस और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम जैसे क्षेत्र भी उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं। कीबोर्ड भी एक प्रभावी हथियार बन चुका है। दुश्मन के पावर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीएम योगी ने बाबा विश्वनाथ व काल भैरव के दरबार में की पूजा



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह काशी पहुंचे और उन्होंने यहां बाबा विश्वनाथ धाम व काशी कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार में पूजा की। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने बाबा काल भैरव मंदिर में हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन करने आए भक्तों ने मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेलों पर जारी रहेगी रोक

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों पर पिछले साल पूरी तरह से लगाई गई रोक जारी रहेगी लेकिन सीमा पार से आने वाले खिलाड़ियों को कई देशों के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यहां आने से नहीं रोका जाएगा।

मंत्रालय ने खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों और अंतरराष्ट्रीय खेल संचालन संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई जिससे कि भारत को एक पसंदीदा खेलस्थल के रूप में स्थापित किया जा सके। मंत्रालय ने सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ), भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) सहित अन्य संस्थाओं को जारी एक सर्कुलर में कहा, जहां तक एक-दूसरे के देश में द्विपक्षीय खेलप्रतियोगिताओं का संबंध है तो भारतीय टीमें पाकिस्तान में होने वाली प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लेंगी। ना ही हम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण आज से

लखनऊ। प्रदेश में जनगणना के पहले चरण में स्वगणना की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो रही है। परिवार के मुखिया घर बैठे ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म में पूछे गए 34 सवालों के जवाब देने होंगे। कोई गलत तथ्य न दर्ज करें। इसके लिए कोई भी दस्तावेज अपलोड नहीं करना होगा। परिवार के प्रत्येक सदस्य को फॉर्म नहीं भरना है। परिवार के मुखिया ही फॉर्म में परिवारीजनों की संख्या दर्ज करेंगे। मुख्य जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा के अनुसार स्वगणना की प्रक्रिया 7 से 21 मई तक चलेगी। इस दौरान परिवार के मुखिया को पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा। उसके बाद 34 सवालों के जवाब भरने होंगे। ये सवाल मकान और परिवार से जुड़े हैं। इस प्रक्रिया को पूरा करने पर 11 अंकों की एक आईडी मिल जाएगी। जब 22 मई के बाद जनगणना कर्मी घर पहुंचेंगे, तो उन्हें यह आईडी देनी होगी। जनगणना कर्मी भरी गई जानकारी का सत्यापन करने के बाद उसे ओके कर देंगे।

### मासूम की कुकर्म के बाद हत्या, आरोपी ढेर

हरदोई। जिले के मल्लावां इलाके में सात साल के मासूम की हत्या के आरोपी 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश को पुलिस ने बुधवार तड़के मार गिराया। पुलिस ने मासूम के साथ कुकर्म और उसकी हत्या करने के आरोपी मेहनूर उर्फ शहनूर को सुबह साढ़े तीन बजे एक मुठभेड़ में सीने पर गोली मारकर ढेर कर दिया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी को दाहिने हाथ में गोली लगी है जिनको उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मासूम बच्चे को आरोपी ने एक मई को तब अगवा किया था जब वह गांव में लगे उर्स मेले को देखने गया था। आशंका है कि वहीं से अगवा करने के बाद मृतक अपराधी ने उसके साथ कुकर्म किया और उसके बाद पास में ही एक गन्ने के खेत में बच्चे को गड्ढे में दबा दिया था।

## होर्मुज नहीं खोला तो फिर करेंगे बमबारी : ट्रंप

### चीन और ईरान ने होर्मुज खोलने पर की व्यापक चर्चा

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरुमध्य न खोलने की स्थिति में ईरान पर और ज्यादा बमबारी करने की बुधवार को चेतावनी दी। इस बीच युद्ध खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के समझौते के करीब पहुंचने की खबर भी सामने आई है। वहीं दूसी ओर चीन ने बुधवार को ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य को यथा शीघ्र फिर से खोलने का आह्वान किया। चीन ने तेहरान की परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता की सराहना की, जो इस्लामी गणराज्य के खिलाफ युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख मांग थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान के साथ युद्ध जल्द ही खत्म हो सकता है और तेल व प्राकृतिक गैस की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सबकुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ईरान एक प्रस्तावित समझौते को स्वीकार कर ले। ट्रंप ने समझौते के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। ट्रंप ने कहा अगर वह सहमति नहीं जताता है, तो बमबारी शुरू होगी। इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के बाद चीन के ईरान युद्ध में समग्र संघर्ष विराम की अपील की। अराघची 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला किए जाने के बाद से पहली बार चीन की यात्रा पर है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को कहा कि उनका देश इस संकट के कारण बेहद चिंतित है।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने यहां अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से बातचीत के दौरान कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय जलडमरूमध्य के जरिये सामान्य और सुरक्षित नौवहन बहाल करने को लेकर समान रूप से चिंतित है, और चीन आशा करता है कि संबंधित ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जालंधर व अमृतसर में सेना छावनी के पास धमाका

चंडीगढ़। पंजाब में सुरक्षा प्रतिष्ठानों के पास मंगलवार रात सिलसिलेवार हुए दो विस्फोट ने पूरे राज्य को दहला दिया और विपक्षी दलों ने इसकी निंदा करते हुए इसे राज्य को अस्थिर करने का प्रयास करार दिया।

पुलिस ने बताया कि पहला विस्फोट जालंधर में रात करीब आठ बजे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय के बाहर हुआ, जबकि दूसरा धमाका रात करीब 11 बजे अमृतसर में सैन्य छावनी के पास हुआ। इन विस्फोट में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विस्फोट की दोनों घटनाओं की जांच की जा रही है। अमृतसर (ग्रामीण) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुहैल मीर कासिम ने बताया कि पुलिस को रात करीब 11 बजे खासा की एक सड़क पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## उत्तराखंड : सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी

### धामी सरकार ने एक साथ जारी की करोड़ों की सहायता राशि

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन को मजबूती देते हुए राज्य सरकार ने अप्रैल माह की पेंशन का एकमुश्त वितरण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय से वन क्लिक डिजिटल प्रणाली के माध्यम से 7.56 लाख से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में 111.82 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे स्थानांतरित की।

इस कदम से राज्य के वरिष्ठ नागरिकों, निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों और अन्य जरूरतमंद वर्गों को तत्काल आर्थिक सहयोग मिला है। विभिन्न योजनाओं के तहत वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान पेंशन के साथ परित्यक्ता सहायता, भरण-पोषण अनुदान, तीलू रौतेली योजना और बौना पेंशन का लाभ भी शामिल रहा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र व्यक्ति को समय पर योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों को चिन्हित करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं, जो पात्र होने के बावजूद अब तक योजनाओं से वंचित हैं। उन्होंने 59 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नागरिकों के अग्रिम सर्वेक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ताकि 60 वर्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

### ओडीओसी योजना में ब्रज से बुंदेलखंड व पूर्वांचल तक हर क्षेत्र के स्वाद को मिलेगा मंच

# यूपी : 75 जिलों के पारंपरिक व्यंजनों को मिलेगी विशिष्ट पहचान

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विविध स्वाद और समृद्ध खानपान परंपरा को नई पहचान देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। ओडीओपी की तर्ज पर ह्यएक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के प्रमुख पारंपरिक व्यंजनों की व्यापक मैपिंग कर ली गई है, जिससे अब हर जिले की अपनी एक खास फूड आइडेंटिटी तय हो गई है। इस पहल में आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा, वाराणसी की लस्सी, जौनपुर की इमरती, गोरखपुर के समोसे, मेरठ की रेवड़ी-गजक, लखनऊ का मलाई मक्खन, सहारनपुर का शहद और मुजफ्फरनगर का गुड़ जैसे प्रसिद्ध व्यंजनों को प्रमुखता दी गई है। इसके साथ ही अन्य जिलों के स्थानीय और पारंपरिक स्वाद जैसे कासगंज की सोन पापड़ी, अयोध्या की दही-जलेबी, बलिया का सत्तू, चित्रकूट का मावा और बागपत का घेवर भी इस सूची में शामिल किए गए हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में ओडीओसी को लागू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। योजना के तहत ब्रज क्षेत्र की मिठास, अवध की समृद्ध कचौड़ी-समोसा संस्कृति, पूर्वांचल का देसी स्वाद और बुंदेलखंड के पारंपरिक व्यंजन, इन सभी को एक प्लेटफॉर्म पर लाकर ह्यटेस्ट ऑफ यूपीह्व की अवधारणा को मजबूत किया जा रहा है। इससे प्रदेश के खानपान की विविधता को एकीकृत पहचान मिलेगी। इस पहल का सीधा फायदा स्थानीय कारीगरों, हलवाई, छोटे दुकानदारों और फूड उद्यमियों को मिलेगा। पारंपरिक व्यंजनों की मांग बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और छोटे कारोबार को मजबूती मिलेगी। प्रदेश सरकार ओडीओसी को पर्यटन से जोड़कर फूड टूरिज्म को बढ़ावा देने की रणनीति पर काम कर रही है। अब पर्यटक किसी जिले में जाएंगे तो वहां के प्रसिद्ध व्यंजन का अनुभव लेना भी उनकी यात्रा का हिस्सा होगा। योगी सरकार की योजना है कि इन व्यंजनों को बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के जरिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जाए। इससे न सिर्फ यूपी के स्वाद को वैश्विक पहचान मिलेगी, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक छवि भी और मजबूत होगी। आगरा का पेठा, नमकीन (दालमोठ), गजक, पराठा, फिरोजाबाद का आलू उत्पाद/ आलू टिक्की/कचौड़ी, मैनपुरी का सोहन पापड़ी, भुना हुआ ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले दो आतंकवादी गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आईएसआई के इशारे पर महत्वपूर्व प्रतिष्ठानों पर हमले के षड्यंत्र में शामिल संदिग्ध आतंकी बाराबंकी निवासी दानियाल अशरफ व कुशीनगर निवासी कृष्णा मिश्रा को गिरफ्तार किया है। दोनों सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम चैनल के माध्यम से पाकिस्तानी गैंगस्टर के संपर्क में आए थे। एटीएस ने बीते दिनों ऐसे ही दो अन्य संदिग्ध आतंकियों तुषार व समीर को गिरफ्तार किया था। एटीएस का कहना है कि आरोपी अलग-अलग ग्रुप के हैं। ऐसे कई ग्रुपों के सक्रिय होने की आशंका है। पाकिस्तान के आतंकी संगठन भारत के युवकों को इंस्टाग्राम व विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से अपना फुट सोल्जर्स बना रहे हैं। युवकों को स्लीपर सेल के रूप में आतंकी गतिविधियों के ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.00डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00डिसे. |

### भीतर पढ़ें

- युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बना रही सरकार (पृष्ठ-02)
- डेयरी से गांवों की अर्थव्यवस्था हो रही मजबूत (पृष्ठ-02)
- रुपया 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- कच्चे तेल 11 प्रतिशत टूटकर 8,588 रुपये बैरल (पृष्ठ-10)
- विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि रुझान मार्च में सकारात्मक (पृष्ठ-10)

C M Y K

# हमारी उदारता को कोई कमजोरी न समझे : सीएम

## मुख्यमंत्री ने रक्षा प्रदर्शनी का किया अवलोकन, उभरती स्वदेशी क्षमताओं को सराहा

विशेष संवाददाता (vol)



**प्रयागराज।** नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय संस्कृति ने सदैव वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत को आत्मसात किया है।

उदारता हमारे संस्कार का हिस्सा है, लेकिन इसकी रक्षा के लिए शक्ति व सामर्थ्य का होना अनिवार्य है। उन्होंने इस संदर्भ में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह ह्यदिनकरह्न की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षमा व शांति की भाषा वही प्रभावी ढंग से बोल सकता है, जिसके पास पर्याप्त शक्ति हो। भारत अपनी सामरिक और आंतरिक शक्ति इसलिए नहीं बढ़ा रहा कि किसी पर आक्रमण करे, बल्कि इसलिए कि उसकी उदारता को कोई कमजोरी न समझे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने वर्ष 2017 में सत्ता संभाली, प्रदेश अराजकता, अव्यवस्था और पहचान के संकट से जूझ रहा था। तब हमने रूल ऑफ लॉ को स्थापित करने का संकल्प लिया और अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पूरी सख्ती के साथ लागू की।

आज उत्तर प्रदेश का कानून-व्यवस्था मॉडल देश-दुनिया में एक उदाहरण है। इसी सुदृढ़ कानून-व्यवस्था ने प्रदेश में विश्वसनीय और निवेश अनुकूल इकोसिस्टम तैयार किया, जिसने उद्योग व रोजगार के नए अवसरों को गति दी। डिफेंस कॉरिडोर भी इसका एक हिस्सा है। आज प्रदेश के पास एक्सप्रेसवे, हाईवे, आधुनिक रेलवे कनेक्टिविटी, मेट्रो नेटवर्क व एयर कनेक्टिविटी के रूप में देश का विशालतम इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क है।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, लेफ्टिनेंट जनरल वी. हरिहरन, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, एसआईडीएम के वाइस प्रेसिडेंट नीरज गुप्ता, आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर ए.के. घोष के साथ ही सेना के कई वरिष्ठ अधिकारीगण और स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे।

भारतीय सेना, उद्योग और स्टार्टअप्स की सहभागिता का संगम रहा आकर्षण का केंद्र

नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए देश की उभरती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की सराहना की। तीन दिवसीय इस आयोजन में आधुनिक युद्ध की जरूरतों के अनुरूप विकसित अत्याधुनिक तकनीकों और उपकरणों का व्यापक प्रदर्शन किया गया, जिसमें सेना, उद्योग और स्टार्टअप्स की सहभागिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। प्रदर्शनी के दौरान मुख्यमंत्री ने बुलेटप्रूफ जैकेट, टैक्टिकल गियर, अत्याधुनिक हेलमेट और मल्टी-टेरेन ऑपरेशंस के लिए विकसित सैन्य उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेषज्ञों से तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली और उत्पादों की उपयोगिता पर चर्चा की। विशेष रूप से हेड-टू-बूट सुरक्षा प्रणाली, अत्यधिक विषम तापमान में पहने जाने वाले कपड़े और मॉड्यूलर प्रोटेक्शन सिस्टम जैसे इनोवेशन आकर्षण का केंद्र रहे। सिम्पोजियम में प्रदर्शित तकनीकों में ड्रोन, स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम, कम्युनिकेशन उपकरण और भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए विकसित एआई आधारित समाधान भी शामिल रहे। यह आयोजन इस बात का संकेत है कि भारत अब पारंपरिक युद्ध से आगे बढ़कर मल्टी-डोमेन वॉरफेयर यानी साइबर, स्पेस और इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रम में भी अपनी तैयारी मजबूत कर रहा है। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में एमएसएमई, स्टार्टअप्स और रक्षा कंपनियों की भागीदारी ने ह्यमेक इन इंडियाह्न और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती दी है। समापन अवसर पर समूह फोटो में सैन्य अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों और नीति निमार्ताओं की संयुक्त उपस्थिति इस बात का संकेत देती है कि भविष्य का युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और साझेदारी से तय होगा और प्रयागराज का यह मंच उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## हर जरूरतमंद का बनवायें आयुष्मान कार्ड



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि सरकार इलाज कराने में भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद निस्तारण होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह बुधवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा, साथ ही भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अस्पताल का एस्टीमेट मिलते ही विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्यार किया और उन्हें आशीर्वाद के साथ चॉकलेट दी। इस दौरान उन्होंने एक महिला के साथ आए दो बच्चों से हंसी-ठिठोली भी की और उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।

## किसानों-पशुपालकों को बांटे गये नेपियर घास रूट स्लिप समेत हरे चारे के बीज

### पशुओं को साल भर हरा चारा उपलब्ध कराने का लक्ष्य: मुकेश मेश्राम

विशेष संवाददाता (vol)

- हरे चारे की अच्छी पैदावार के लिए पशुपालकों-किसानों को दी जाएगी ट्रेनिंग

**लखनऊ।** प्रदेश में किसानों, पशुपालकों और चारागाहों में हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाने के लिए पशुधन विभाग तेजी से प्रयास कर रहा है। इसके लिए नेपियर घास रूट स्लिप, बरसीम और ज्वार चारा बीज किसानों और पशुपालकों को वितरित किया जा रहा है। पशुधन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य विभाग अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार का लक्ष्य है कि पशुओं के लिए साल भर पोषक और सस्ता हरा चारा उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसानों की लागत कम हो और दूध उत्पादन में वृद्धि हो।

अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि इस साल हजारों हेक्टेयर में हरा चारा उगाने के लिए प्रदेश के 75 जिलों में काम शुरू हो चुका है। इसी क्रम में करोड़ों रुपये विभाग खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा फोकस प्रदेश में नेपियर घास की पैदावार बढ़ाने पर किया जा रहा, जिसकी कटाई साल भर में 6 बार तक की जा सकती है। साथ ही हरा चारा उगाने के लिए हर जिले में दो मास्टर ट्रेनर भी तैयार किए जा रहे हैं, जो कि जिलों में किसानों और पशुपालकों को हरा चारा उगाने की ट्रेनिंग भी देंगे। प्रक्षेत्र एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील कुमार राय ने बताया कि अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम के तहत किसानों, पशुपालकों को बरसीम और ज्वार चारा बीज का वितरण किया गया है, जिससे 4,156 हेक्टेयर में हरे चारे की पैदावार होगी। इस पर 2 करोड़ रुपये विभाग ने खर्च किए हैं। वहीं नेपियर घास की पैदावार इस साल 230 हेक्टेयर में कराने का लक्ष्य है, जिसके तहत 60 लाख नेपियर रूट स्लिप का वितरण 75 जिलों में किया जा चुका है। इस पर विभाग ने 64 लाख रुपये खर्च किए हैं। वहीं किसानों को प्रोत्साहन के लिए 4 हजार रुपये भी दिए गए। गो आश्रय स्थल से संबंद्ध एवं अन्य गोचर चारागाह की भूमि पर हरा चारा उत्पादन की योजना के तहत 2,815 हेक्टेयर में हरा चारा उगाने के लिए ज्वार, मक्का व बाजरा के बीज वितरित किए गए हैं। इस पर विभाग ने 6.5 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि हमारा लक्ष्य सिर्फ बीज वितरण तक ही सीमित नहीं है। इनकी पैदावार अच्छी हो, उस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस क्रम में हर जिले से दो अधिकारियों (एक कृषि विभाग से, दूसरा पशुपालन विभाग से) को भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान झांसी में ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। यही मास्टर ट्रेनर के रूप में विकास खंडों पर पशुपालकों को सही तरीके से चारा उगाने की ट्रेनिंग देंगे। इसके अलावा हर जिले से 15-15 किसानों और पशुपालकों को चारा उत्पादन बढ़ाने के लिए तकीनीकी संस्थाओं एवं विभागीय प्रक्षेत्रों में एक्सपोजर विजिट कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों से लेकर, प्रदेशभर की गोशालाओं में हरे चारे की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। इसका परिणाम इसी वर्ष से दिखने भी शुरू हो जाएंगे।

## डेयरी सेक्टर से ग्रामीण इलाकों की मजबूत हो रही अर्थव्यवस्था

**लखनऊ।** प्रदेश में गो सेवा अब केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला एक सशक्त आर्थिक मॉडल बनकर उभरी है। योगी सरकार में डेयरी सेक्टर ने जिस तेजी से विस्तार किया है, उसने न केवल किसानों और युवाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है, बल्कि गांवों में रोजगार के स्थायी अवसर भी पैदा किए हैं। मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और नंद बाबा दुग्ध मिशन जैसी पहल ने इस बदलाव को जमीनी स्तर पर साकार किया है। आज प्रदेश के हजारों युवा डेयरी उद्यम के माध्यम से सालाना 10 से 12 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं, जो पहले कभी पारंपरिक पशुपालन में आसान नहीं माना जाता था। मथुरा जिले के गांव रदोई निवासी देवेन्द्र सिंह का चयन नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में हुआ। उन्होंने आठ साहिवाल एवं दो गिर गोवंश खरीदकर डेयरी यूनिट स्थापित की। सरकार ने उन्हें योजना लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया। वर्तमान में उनकी डेयरी से औसतन 100 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन हो रहा है, जिससे उनका व्यवसाय लगातार बढ़ रहा है। देवेन्द्र का कहना है कि योगी सरकार के सहयोग से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। अपर मुख्य सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम ने बताया कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है। देश के कुल दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी अब 16 प्रतिशत से अधिक पहुंच गई है।

## पिछड़े वर्ग के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बना रही सरकार

### ओबीसी युवाओं को मिल रही फ्री कम्प्यूटर ट्रेनिंग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवक-युवतियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरी है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 29 हजार से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। डिजिटल युग में यह योजना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

इस योजना के तहत इंटरमीडिएट पास ओबीसी वर्ग के ऐसे युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनके माता-पिता या अभिभावकों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये या उससे कम है। सरकार द्वारा यह प्रशिक्षण भारत सरकार की नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से कराया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत कुल 29,191 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें 22,407 युवाओं ने ओ लेवल और 6,784 युवाओं ने सीसीसी कोर्स पूरा किया है। ये आंकड़े इस योजना की सफलता और युवाओं में इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं। प्रदेश में वर्तमान समय में कुल 299 संस्थाएं इस योजना के तहत चयनित हैं। इनमें 52 संस्थान केवल ओ लेवल, 43 संस्थान केवल सीसीसी और 204 संस्थान दोनों कोर्स संचालित कर रहे हैं। यह व्यापक नेटवर्क राज्य के विभिन्न जिलों में युवाओं को आसानी से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में सहायक है। ओ लेवल कोर्स की अवधि एक वर्ष होती है, जबकि सीसीसी कोर्स मात्र तीन महीने में पूरा होता है। ओ लेवल प्रशिक्षण के लिए सरकार अधिकतम 15,000 रुपये प्रति प्रशिक्षार्थी और सीसीसी कोर्स के लिए 3,500 रुपये तक की राशि सीधे संस्थान को भुगतान करती है। अगर कोई लाभार्थी पहले ही फीस जमा कर देता है, तो सत्यापन के बाद यह राशि सीधे उसके खाते में भेज दी जाती है। यह व्यवस्था योजना को और अधिक पारदर्शी और लाभार्थी-हितैषी बनाती है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी और संस्थाएं निर्धारित वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करते हैं, जिससे चयन प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहती है। वहीं संस्थाओं के चयन की प्रक्रिया भी व्यवस्थित और पारदर्शी है। प्रशिक्षण संस्थानों का चयन निदेशक की अध्यक्षता में किया जाता है, जबकि लाभार्थियों का चयन जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि योजना का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

## बेटियों को मिल रहा सम्मानजनक जीवन

**लखनऊ।** प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर सामने आई है। योगी सरकार की इस पहल ने प्रदेश की लाखों बेटियों के विवाह को न केवल आसान बनाया है, बल्कि उन्हें सम्मानजनक तरीके से नई जिंदगी शुरू करने का अवसर भी दिया है। शादी जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक आयोजन में होने वाले भारी खर्च से जूझ रहे परिवारों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 76,522 विवाह इस योजना के तहत सम्पन्न करा चुकी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरूआत वर्ष 2017-18 में की गई थी, जिसका उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों का सम्मानजनक विवाह सुनिश्चित करना है।

## श्रद्धापूर्वक मनायी गयी अजीत चौधरी की पुण्यतिथि

### कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने किया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन रोहित अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों के सच्चे हितैषी और उनकी आवाज थे। उन्होंने हमेशा किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनके सिद्धांत और विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अजीत चौधरी के बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य करें।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चौधरी अजीत सिंह के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनिल दुबे, वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, मनोज सिंह चौहान, रामावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, अंकुर सक्सेना, केजी वर्मा, अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, चौधरी राम सिंह पटेल, पीके पाठक, सत्य प्रकाश तिवारी, सरताज मालिक, आरिफ महमूद, अनीता यादव, माया देवी, शहजाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## सुरक्षित और व्यवस्थित प्रवासन पर भारत की सशक्त पहल

### विदेश राज्य मंत्री का संयुक्त राष्ट्र में प्रभावशाली संबोधन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासन समीक्षा मंच (आईएमआरएफ) के दौरान भारत ने एक बार फिर अपनी मानवीय और संतुलित प्रवासन नीति का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया। विदेश राज्य मंत्री ने राउंड टेबल चर्चा में भाग लेते हुए स्पष्ट किया कि भारत के लिए प्रवासन केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि लोगों के सम्मान, अवसर और गरिमा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयाम है।

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि भारत की प्रवासन नीति समग्र और व्यावहारिक दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें संस्थागत समन्वय और समाज की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह नीति वैश्विक प्रवासन संधि के उद्देश्यों के अनुरूप है और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के साथ निरंतर विकसित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने समावेशी विकास, आजीविका सृजन और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है, ताकि प्रवासन मजबूरी नहीं बल्कि एक सशक्त विकल्प बने। मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि आज के वैश्विक और परस्पर जुड़े आर्थिक परिदृश्य में मानव गतिशीलता एक स्वाभाविक और आवश्यक प्रक्रिया बन चुकी है।

भारत ने अब तक 23 देशों के साथ 27 प्रवासन और गतिशीलता समझौते किए हैं, जो सुरक्षित और नियमित प्रवासन को बढ़ावा देते हैं। इन समझौतों में श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए मंत्री ने बताया कि ई माइग्रेट प्रणाली, नेशनल करियर सर्विस पोर्टल और स्किल इंडिया डिजिटल हब जैसे प्लेटफॉर्म पारदर्शिता बढ़ाने और प्रवासी श्रमिकों को शोषण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से श्रमिकों को विदेश में बेहतर अवसरों के लिए तैयार किया जा रहा है। विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मंत्री ने भारतीय समुदाय कल्याण कोष और मदद पोर्टल जैसी पहलों का उल्लेख किया, जो संकट की स्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर मंत्री ने कौशल विकास को भी प्रवासन नीति का प्रमुख स्तंभ बताया और कहा कि स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर वैश्विक मानकों के अनुरूप कार्यबल तैयार करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विदेश राज्य मंत्री ने इक्वाडोर के मानव गतिशीलता उप मंत्री साउल पेकुरुकु से भी मुलाकात की, जिसमें सुरक्षित और नियमित प्रवासन तथा द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारत की शांति और अहिंसा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को भी दोहराया। अपने समापन वक्तव्य में मंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर प्रवासन को सुरक्षित, व्यवस्थित और सभी के लिए लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भाजपा पर वोट लूट और मनगणना जैसे आरोप लगाना हास्यास्पद

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर किया पटलवार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लगाये गये आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सपा प्रमुख के बयान पूरी तरह से हताशा, निराशा और राजनीतिक पराजय की कुंठा का परिणाम है। जनता द्वारा बार-बार नकारे जाने के बाद सपा अब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर ही सवाल खड़े कर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है।

पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे मजबूत और पारदर्शी लोकतंत्र है, जिसकी निष्पक्षता पर देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया भरोसा करती है। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाओं के नियंत्रण में होती है। ऐसे में चुनाव आयोग, केंद्रीय बलों और न्यायपालिका पर सवाल उठाना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास भी है। सपा को यह समझना चाहिए कि हार का कारण जनता का उनसे मोहभंग है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव द्वारा 2022 के विधानसभा चुनावों को लेकर लगाए गए आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। यदि उनके पास कोई ठोस प्रमाण होते, तो वे न्यायालय या चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत करते लेकिन बार-बार एक ही झूठ को दोहराकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश करना उनकी पुरानी आदत बन चुकी है। सच्चाई यह है कि उत्तर प्रदेश की जनता ने कानून-व्यवस्था, विकास और सुशासन के मुद्दों पर भाजपा को स्पष्ट जनादेश दिया था।

उन्होंने पश्चिम बंगाल के संदर्भ में दिए गए बयानों पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जहां-जहां विपक्ष सत्ता में है, वहां लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने के अनेक उदाहरण सामने आते रहे हैं लेकिन भाजपा ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं का पालन किया है। सपा का इतिहास ही अराजकता, परिवारवाद और भ्रष्टाचार से भरा रहा है, इसलिए उन्हें हर जगह वही नजर आता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा पर वोट लूट और मनगणना जैसे आरोप लगाना हास्यास्पद है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलकर जनता का विश्वास जीतती है। जनता के आशीर्वाद से ही भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने सपा के पीडीए के दावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक नारा है, जिसका जमीन पर कोई अस्तित्व नहीं है। उत्तर प्रदेश की जनता जाति और वर्ग की राजनीति से ऊपर उठ चुकी है और विकास, सुरक्षा तथा सुशासन को प्राथमिकता देती है। यही कारण है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भी जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया।

## भाजपा के दस नम्बरी मॉडल ने लोकतंत्र को जकड़ लिया है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के दस नम्बरी मॉडल ने लोकतंत्र को जकड़ लिया है। भाजपा वोट की लूट करके लोकतंत्र को खत्म कर रही है। लोकतंत्र को खत्म करने के लिए एक विचारधारा विशेष के अधिकारियों, मुनाफाखोर धन्ना सेठों और ठेकेदारों का डेमोक्रेटिक क्राईम गैंग बन गया है। ये सब मिलकर काम कर रहे हैं। जनता के अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता दीदी ने विधानसभा चुनाव में जिस तरह के हालात का सामना किया, उसी तरह 2022 में उत्तर प्रदेश में सपा के साथ हुआ था। तमाम बूथों और विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना केन्द्रों में केन्द्रीय बलों को लगाकर पोलिंग बूथों से एजेंटों को बाहर निकाल दिया गया। लाठी मारकर भगाया गया था और कई विधानसभा सीटें छीन ली थी। रिवाल्वर दिखाकर महिलाओं को वोट देने से रोका गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा मतगणना नहीं मनगणना करवाती हैं पहले से ही तय हो जाता है कि किसे जिताना है। उसी के लिए मनगणना होती है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट तत्काल पश्चिम बंगाल मतगणना में हुई धांधलियों का संज्ञान ले और मतगणना के सीसीटीवी देश के सामने उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि जब कोर्ट की सुनवाई प्रक्रिया लाइव हो सकती है तो वोटों की गिनती की प्रक्रिया लाइव क्यों नहीं हो सकती है? उन्होंने कहा कि मतगणना सीसीटीवी के सामने लाइव होनी चाहिए।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा मल्टीलेयर भ्रष्टाचार करके वोटों की लूट कर रही है। भाजपा वोट की डकैती करती है। सपा ने 2022 में भाजपा की वोटो की डकैती को पकड़ा था। 2019 में जिन लोगों ने वोट डाला था 2022 के चुनाव में उनका वोट कटवा दिया गया। सपा ने ऐसे 18 हजार वोटरों का शपथ पत्र बनवाकर चुनाव आयोग को भेजा, आयोग ने वोट काटने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। सपा को ही नोटिस भेज दिया जब पार्टी ने पूरे साक्ष्य उपलब्ध कराये तो भी आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। छिबरामऊ, तिर्वा, शाहगंज विधानसभा क्षेत्रों में जितने वोट से सपा को हराया गया था उससे ज्यादा वोट पहले ही काट दिए गए थे।

### सपा ने आईपैक से तोड़ा नाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आईपैक कंपनी की सेवाएं खत्म करने की खबरों पर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हां कुछ समय के लिए उन्होंने हमारे साथ काम किया लेकिन हमारे पास फंड्स नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन खबरों को निराधार बताया जिसमें दावा किया गया था कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दलों की हार के बाद आईपैक से काम कराना बंद कर दिया। सपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा कुछ नहीं है। इससे पहले अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव प्रबंधन के जरिए जीत हासिल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है और 2024 में करो या मरो का आह्वान भी इसी संदर्भ में किया गया था। उन्होंने उन कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया जो परिणाम आने तक डटे रहे और दावा किया कि उनके संघर्ष के कारण बीजेपी पूर्ण बहुमत से दूर रही। अखिलेश ने आरोप लगाया कि उपचुनावों में सत्ता पक्ष ने हर संभव तरीका अपनाया, अधिकारियों की तैनाती की गई, यहां तक कि कुछ मामलों में एजेंसियों और पुलिस के दुरुपयोग के जरिए विपक्षी कार्यकर्ताओं को पोलिंग बूथ से हटाया गया।

अखिलेश यादव रामपुर, कुन्दरकी, मिल्कीपुर, कटेहरी विधान सभा उपचुनावों में डाटा के साथ भाजपा की वोट चोरी को उजागर करते हुए कहा कि भाजपा के दस नम्बरी मॉडल में मल्टीलेयर इलेक्सन माफिया सक्रिय है। इसमें कुछ ट्रेंड अधिकारी, धन्ना सेठ, ठेकेदार और एक विचारधारा के अधिकारी शामिल हैं। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की बेईमानी का आरोप लगााते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार बहुत बड़ी थी। भाजपा ने अयोध्या की जनता के साथ अन्याय, अत्याचार किया था।

संक्षेप

## नि:शुल्क बीज मिनीकिट योजना, किसानों को बड़ा अवसर मिला

श्रावस्ती। उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग द्वारा राज्य सहायतित निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को तिलहनी एवं दलहनी फसलों के बीज मिनीकिट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना के तहत तिल, सावां, रागी, कोदो, ज्वार, बाजरा, उड़द एवं मूंग के बीज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक कृषक विभाग के पोर्टल के माध्यम से 22 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखी गई है। यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक किसान को केवल एक ही मिनीकिट प्रदान किया जाएगा। चयनित किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडारों से पीओएस मशीन के माध्यम से नि:शुल्क बीज वितरित किए जाएंगे। जनपद के सभी विकास खंडों के कृषकों से अपील की गई है कि वे इस योजना का लाभ उठाने हेतु विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर समय से आवेदन करें।

## फंदे से लटकते मिले युवक और युवती के शव

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में बुधवार को एक युवक और युवती के शव एक पेड़ पर फांसी से लटकते पाये गये। युवती की बृहस्पतिवार को शादी होनी थी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दीक्षा भवरे ने बताया कि परौर थाना क्षेत्र के कुबेरपुर गांव के बाहर खेत में गांव की ही रहने वाली एक युवती व एक युवक के शव पेड़ पर लगे फांसी के फंदे से लटकते पाये गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। भवरे ने बताया कि मृतकों की पहचान नन्ही यादव (19) तथा सोमेंद्र यादव (19) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवती की बृहस्पतिवार को शादी होनी थी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या का मामला लगता है मगर पुलिस हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

सोनभद्र। जिले के हाथीनाला थाना क्षेत्र में बुधवार भोर एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक मंगलवार की रात में एक बारात में शामिल होने रेणुकूट आए थे और आज भोर में वापस घर लौटते समय यह हादसा हो गया।

## साधु-संतों ने शराब का नाम संगम रखे जाने पर जतायी नाराजगी

प्रयागराज। प्रयागराज में पवित्र त्रिवेणी संगम के नाम पर शराब का ब्रांड 'संगम' रखे जाने को लेकर साधु-संतों ने तीखी नाराजगी जतायी है। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर शांडिल्य जी महाराज ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार से मांग की है कि ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए। इसके साथ ही जिस डिस्टिलरी ने भी शराब का नाम 'संगम' के नाम पर रखा है, उसके मालिक को गिरफ्तार कर जेल में डाल देना चाहिए।

# कक्षा आठ की छात्रा ने दुष्कर्म के बाद लगायी फांसी, आरोपी गिरफ्तार

बरेली। जिले में 11 साल की एक लड़की द्वारा अपने साथ हुई दुष्कर्म के वारदात के बाद कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 27 अप्रैल को मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा आठ की छात्रा को जीशान नामक युवक कथित तौर पर बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था। उन्होंने बताया कि इस घटना से बुरी तरह सदमे में आई लड़की ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी।

सूत्रों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची के साथ हुई क्रूरता की वारदात सामने आई है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में लड़की के शरीर पर यौन उत्पीड़न और कई शारीरिक चोटों की पुष्टि हुई है, जिनमें दांत से काटने के निशान और नाखूनों से खरोंचें शामिल हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अंशिका वर्मा के अनुसार, शुरू में लड़की के परिवार ने मौत को आत्महत्या बताया था और पुलिस कार्रवाई करने से हिचकिचाहट दिखायी थी मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म का खुलासा होने के बाद उन्होंने इस सिलसिले में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

उन्होंने बताया कि पीड़िता की छोटी बहन ने पुलिस को बताया था कि जीशान (26) अक्सर पीड़िता के स्कूल के पास वाले इलाके में आता-जाता रहता था और वह कथित तौर पर वह उसे कुछ रुपये देता था ताकि वह पीड़िता के साथ उसकी मुलाकातों के बारे में अपने माता-पिता को न बताए।

वर्मा ने बताया कि तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज और परिवार के बयानों के आधार पर हमने जीशान को मंगलवार को मीरगंज साप्ताहिक बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## व्यापक जनजागरूकता व सुरक्षा अभियान संचालित

इटावा। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि जनपद में डूबने से होने वाली घटनाओं की रोकथाम एवं जनहानि के प्रभावी न्यूनीकरण के उद्देश्य से जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में बहु-आयामी, समन्वित एवं परिणामोन्मुख अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत जोखिम संभावित स्थलों का वैज्ञानिक आधार पर चिन्हांकन कर वहां सुरक्षा प्रबंधों को सुदृढ़ किया गया है, साथ ही आमजन में जागरूकता बढ़ाने हेतु बहु-स्तरीय प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

नदियों, नहरों, तालाबों, झीलों एवं अन्य जल स्रोतों के समीप चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं सतत निगरानी की समुचित व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस, सिंचाई, नगर निकाय, पंचायती राज, शिक्षा विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा संवेदनशील स्थलों का नियमित निरीक्षण करते हुए आवश्यक निवारक कार्यवाई सुनिश्चित की जा रही है। जनजागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी निकायों में विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन को जल सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों एवं संभावित जोखिमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# नारी शक्ति वंदन मुद्दे पर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित




श्रावस्ती। जिला पंचायत सभागार भिनगा में आयोजित सदन की बैठक में ह्लनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्व को लेकर विपक्ष के रुख के विरोध में निंदा प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। बैठक के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं इंडी गठबंधन के दलों के आचरण को महिला विरोधी बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, ऐसे में महिलाओं के सम्मान, समान भागीदारी और सशक्तिकरण के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का विरोध स्वीकार्य नहीं है। पारित निंदा प्रस्ताव के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मिश्रिलाल वर्मा, वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष संजय कैराती पटेल, पूर्व अध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य रमन सिंह, वरिष्ठ नेता रणवीर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिला पंचायत श्रावस्ती नारी सम्मान एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा और मातृशक्ति के सशक्तिकरण हेतु हर संभव प्रयास जारी रखेगा।

## जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की मौत



प्रतापगढ़। प्रताड़ना से जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हुई मौत को लेकर पुलिस ने आरोपिता पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सारीपुर, श्रीरामपुर निवासी रामू वर्मा 31 पुत्र माता प्रसाद अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ही मधुकरपुर गांव बीती पांच मई की शाम को गया था। इस बीच मृतक की ससुराल से घर पर फोन आया कि उसकी तबीयत खराब हो गयी है। इस पर मृतक की मां ने बेटी से भाई के बीमार होने की बात बतायी। बेटी ने हाल चाल जानने के लिए मृतक की पत्नी उषा देवी को फोन किया तब उसने बताया कि बीमारी अवस्था में रामू का इलाज कराने लालगंज के लिए निकले है। इस बीच मृतक की मां कौशिल्या देवी परिजनों के साथ लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंच गयी। वहां पुत्र को मृत अवस्था में देख वह स्तब्ध रह गयी। इस बीच मृतक के ससुरालीजन अस्पताल से भाग निकले। तहरीर में मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बहू उषा देवी का दिल्ली शहर में किसी लड़के से अवैध सम्बन्ध था। इसके कारण आये दिन बहू उसके बेटे को प्रताड़ित करती थी। घटना के एक दिन पहले भी मृतक को पत्नी द्वारा प्रताडित किये जाने की बात तहरीर में कही गयी है। वहीं तहरीर में कहा गया है कि मृतक की पत्नी ने जरिए फोन अपने पति को घर बुलवाया और जमकर प्रताड़ित किया। प्रताड़ना के चलते उसके बेटे ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपिता उषा के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक तीन बच्चों का पिता था। इधर सूचना पर पुलिस ने शव को मंगलवार की देर रात पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। पीएम के बाद शव दोपहर घर पहुंचा तब कोहराम मच गया। मृतक का एक भाई कारोबारी के सिलसिले में बाहर रहता है। परिजनों के मुताबिक शव का अंतिम संस्कार गुरूवार को किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ताओं के चुनाव की बढ़ी गहमागहमी, सम्पर्क अभियान हुआ तेज

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के बारह मई को होने वाले चुनाव को लेकर बुधवार को तहसील व दीवानी परिसर में चुनावी गहमागहमी रंगत में दिखी। अध्यक्ष पद समेत विभिन्न पदों पर इस बार चालीस उम्मीदवार मैदान में हैं। काफी अंतराल के बाद संघ के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य से लेकर सभी पदों पर मतदान होगा। उम्मीदवारों द्वारा साथियों के शेड व चेंबर में पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन की गुहार शुरू हो गयी है। वहीं प्रत्याशी साथियों के घर भी दस्तक देकर अपना अंकगणित साध रहे हैं। चुनाव समिति के द्वारा भी कार्यालय में मतदान पत्रों के रंग तथा दक्षता भाषण का क्रम तय करने की मशक्कत भी जारी दिखी। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि ग्यारह मई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रत्याशियों का तहसील परिसर में दक्षता भाषण कराया जाएगा। इस बार उम्मीदवारों की संख्या में बढ़ोत्तरी तथा सभी पदों पर मुकाबले को लेकर मतगणना के भी देर तक जारी रहने की संभावना आंकी जा रही है। इसे लेकर भी चुनाव समिति मतगणना के समय परिसर में प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने रामशरण को दिया आशीर्वाद

इटावा। नर सेवा ही सच्ची नारायण सेवा भी है इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए शहर के समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामशरण गुप्ता ने प्रभु रामलला के दिव्य दर्शन के लिए सरोज वृद्धाश्रम इटावा के दो दर्जन से अधिक बुजुर्गों को परम धाम रामजन्मभूमि अयोध्या रवाना किया।

यह तीर्थयात्रा होटल जगवी से शुरू हुई जहां रामशरण गुप्ता ने सभी बुजुर्ग तीर्थयात्रियों का तिलक वंदन और माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत किया इसके बाद सबको जलपान कराकर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि, आज मेरी शादी की वर्षगांठ के शुभ अवसर पर मुझे इन बुजुर्गों की सेवा करने का जो परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है वह प्रभु श्री राम की ही विशेष कृपा है आज के समाज में अपने परिवार और अपनों से दूर रह रहे ये सभी बुजुर्ग भी हमारा ही परिवार है और इसी वसुधैव कुटुंबकम्‌ की भावना के साथ मेरा आज का यह बड़ा संकल्प भी पूरा हुआ है जिसे क्रियान्वित करके मुझे बेहद ही खुशी हो रही है उन्होंने सरोज वृद्धाश्रम इटावा के कॉर्डिनेटर डॉ आशीष त्रिपाठी का इस पुनीत कार्य में विशेष सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया। डॉ आशीष ने सरोज वृद्धाश्रम परिवार के सभी बुजुर्गों की ओर से उनका इस भव्य यात्रा के आयोजन के लिए विशेष आभार प्रकट किया। इस मौके पर उनको बधाई देने वाले इष्टमित्रों में डॉ पीयूष दीक्षित, अवनीश कुमार, शिवशरण गुप्ता, पीयूष गुप्ता, गुड्डी बाजपेई, अजय गुप्ता, अजय गुप्ता, सुबोध गुप्ता, मगन गुप्ता, ध्रुव पांडेय, विजय पाल यादव, स्वामीशरण गुप्ता, जितेंद्र कुशवाहा, पवन सिंह, श्याम राजपूत उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर इनामी गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 50,000 के इनामी शातिर अभियुक्त को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया। घटना 05 मई 2026 की रात लगभग 10:03 बजे की है, जब थाना हरदत्त नगर गिरन्ट पुलिस टीम देवरनिया पुल के पास चेकिंग और गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक वांछित अभियुक्त क्षेत्र में मौजूद है। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो अभियुक्त दौलत अली पुलिस को देखते ही भागने लगा और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। बरामदगी में शामिलः एक तमंचा .315 बोर एक खोखा कारतूस एक जिंदा कारतूस गिरफ्तार अभियुक्त थाना हरदत्त नगर गिरन्ट में दर्ज हत्या और लूट के गंभीर मामले (मुकदमा अपराध संख्या 22/26) में वांछित था। उस पर जिले के विभिन्न थानों में कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि साफ झलकती है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए सीएचसी मल्हीपुर भेजा गया है। वहीं, फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने किया मौके का निरीक्षण पूरी कार्रवाई का जायजा लिया।

## डीएम शिवशरणप्पा जी एन ने की नगर निकाय कार्यों की समीक्षा



सिद्धार्थनगर । सिद्धार्थनगर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में नगर निकायों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में साफ-सफाई, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और कूड़ा निस्तारण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने, जलभराव की समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने तथा नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पारदर्शिता बनाए रखने और जन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण करने और नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गौरव श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जनता दर्शन में अभिषेक महाजन ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें




सिद्धार्थनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने 6 मई 2026 को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 मामले मारपीट से संबंधित और 7 अन्य प्रकार के थे। एसएसपी ने सभी प्रार्थना पत्रों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# कुएं में गिरने से युवक की मौत

## आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज



प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे तिला भगत पुरवा मंगापुर में कुएं में गिरने से युवक की मौत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। वहीं बुधवार को पीएम के बाद शव घर पहुंचा तब परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर लिखे जाने तक अंतिम संस्कार से मनाही कर दी। इस पर पुलिस सकते में आ गयी। हालांकि उदयपुर पुलिस द्वारा एफआईआर की नकल परिजनों को देने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार हो गया। गांव के नन्हेंलाल वर्मा का पुत्र सुरेन्द्र वर्मा 35 बीती पांच मई को शाम ईरिक्शा लेकर घर लौट रहा था। उसी दौरान रास्ते में उसका ईरिक्शा राजू चिकवा के पुत्र अनारूल की बाइक से टकरा गया। वहां दोनों पक्षो मे कुछ विवाद हुआ तब लोगों ने समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया। इधर घटना के थोडी देर बाद आरोपी अनारूल चार-पांच लोगों के साथ मृतक के घर पहुंच गया। वहां भी दोनों पक्षों मे कहासुनी होने लगी। आरोप है कि मृतक सुरेन्द्र के साथ विपक्षियों ने मारपीट शुरू कर दी तब वह जान बचाने के लिए घर के पास स्थित एक कुएं में कूद गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को मंगलवार की देर रात पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक अपने पीछे पत्नी किरण तथा दो बेटों व एक दस वर्षीया बेटी को निराश्रित छोड़ गया है। घटना को लेकर मृतक के भाई वीरेन्द्र वर्मा पुत्र नन्हेंलाल वर्मा ने उदयपुर पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि घटना के दिन पहले गांव के समीप रेहुआ लालगंज निवासी अनारूल पुत्र राजू चिकवा की बाइक ईरिक्शा से टकरा गयी। आरोप है कि अनारूल अपने चार पांच साथियों के साथ मृतक के घर पहुंचा और गालीगलौज करते हुए उसे जान से मार देने के लिए दौड़ा लिया। इस बीच मृतक जान बचाने के लिए भागकर कुएं में कूद गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अनारूल समेत चार से पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी के साथ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। वहीं बुधवार को दोपहर बाद मृतक का शव घर पहुंचा तब परिजन विलाप करने लगे।

# कोतवाल मृत्युंजय पाठक की तत्परता से नाले में फंसी गाय को मिला जीवनदान



बांसी सिद्धार्थनगर ।बांसी क्षेत्र में मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करते हुए कोतवाल मृत्युंजय पाठक ने अपनी टीम के साथ नाले में फंसी गाय का सफल रेस्क्यू कर उसकी जान बचा ली। मंगलवार देर रात करीब 12:50 बजे रात्रि गश्त के दौरान रानीगंज चौराहे से इटवा मार्ग पर गश्त कर रहे कोतवाल पाठक की नजर सड़क किनारे गहरे नाले में फंसी गाय पर पड़ी। गाय बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रही थी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने बिना समय गंवाए अपनी टीम–हेड कांस्टेबल योगेंद्र यादव, कांस्टेबल अशोक यादव और रिक्रूट कांस्टेबल शरद सिंह–के साथ तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। कीचड़ और अंधेरे के बीच पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए आखिरकार गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों की वर्दी कीचड़ से सनी, लेकिन उन्होंने अपनी परवाह किए बिना मानवीय कर्तव्य को प्राथमिकता दी। पुलिस की इस सराहनीय तत्परता और संवेदनशीलता की स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने जमकर प्रशंसा की। यह घटना पुलिस के मानवीय चेहरे और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बन गई ।

## मादक पदार्थों की तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से 504 ग्राम स्मैक बरामद की। जब्त की गयी स्मैक की अंतरराष्टीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। गंगोह के पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक सिसोदिया ने बताया कि आरोपियों की पहचान नकुड़ थाना क्षेत्र के नवाजपुर खेड़ा निवासी शमशाद और समयदीन के रूप में हुई है। इन तस्करों को पांच मई की शाम को जांच अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया था। नकुड़ थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि शमशाद पहले से ही स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के एक मामले में वांछित था जबकि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास है। पुलिस के मुताबिक, शमशाद पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत नौ मुकदमे दर्ज हैं जबकि समयदीन पर नकुड़ थाने में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# गो संरक्षण बैठक में देखभाल, सुविधाओं पर सख्त निर्देश जारी

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गो संरक्षण, अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों की बेहतर देखभाल एवं व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए गोवंशों को पर्याप्त पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के गो आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए खण्ड विकास अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिन गोशालाओं में गोवंशों की संख्या 100 से कम है, वहां से गोवंशों को बड़ी गोशालाओं में स्थानांतरित किया जाए, ताकि बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सके। साथ ही गोवंशों के पोषण हेतु गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराकर हरे चारे का उत्पादन बढ़ाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि किसानों द्वारा गेहूं कटान के दौरान प्राप्त भूसे का व्यापक प्रचार-प्रसार कर गो आश्रय स्थलों पर भूसा दान के लिए लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे गोवंशों के चारे की पर्याप्त व्यवस्था बनी रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भरद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संध्या संवाद आठ मई को

## गांव में जनसुनवाई और योजनाओं का लाभ वितरण का होगा व्यापक आयोजन



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में 08 मई, शुक्रवार को विकास खण्ड इकौना के ग्राम टंड़वा महन्थ में ह्लसंध्या संवाद कार्यक्रमह्व आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिनभर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान, विकास कार्यों का निरीक्षण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें आम नागरिकों की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर निस्तारण किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों की विभागीय एवं पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक जनपद में निर्मित एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच एवं कार्यों की प्रगति का स्थलीय सत्यापन किया जाएगा। वहीं शाम 5 बजे से 7 बजे तक चयनित ग्राम पंचायत में ह्लसंध्या संवाद कार्यक्रमह्व के तहत ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्माण कार्यों के सत्यापन के दौरान आवश्यक अभिलेखों सहित मौके पर उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित ग्राम में विशेष शिविर लगाकर पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से संतृप्त किया जाएगा तथा लाभार्थियों को उसी दिन प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं का पारदर्शी तरीके से लाभ वितरण किया जाएगा। यह ह्लसंध्या संवाद कार्यक्रमह्व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## 65 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया

इटावा। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष हेतु कुल 1700 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में अप्रैल माह में 65 से अधिक लाभार्थियों को ऋण वितरण किया जा चुका है। अप्रैल माह के प्रदर्शन के आधार पर जनपद इटावा को प्रदेश स्तर पर छठा स्थान प्राप्त हुआ है। योजना के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। विशेष रूप से डिजिटल मार्केटिंग, सोयाबीन आधारित उत्पाद पनीर निर्माण, मशरूम उत्पाद तथा कमर्शियल ट्रैक्टर एवं मशीनरी आधारित इत्यादि परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## गौ धर्मयुद्ध यात्रा के माध्यम से करेंगे अक्षौहिणी सेना का गठनः अविमुक्तेश्वरानंद

देवरिया। ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को कहा कि गौ-धर्मयुद्ध यात्रा के माध्यम से अक्षौहिणी सेना का गठन किया जाएगा, जिससे गौ-माता की व्यापक स्तर पर रक्षा सुनिश्चित की जा सके। देवरिया से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित रूद्रा रिसॉर्ट में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जगद्गुरु ने कहा कि गौ-रक्षा के लिए चतुर्दिक संगठित प्रयासों की आवश्यकता है और इसी उद्देश्य से यह गविष्ठि यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा के जरिए आमजन को जागरूक किया जाएगा और उन्हें गौ-रक्षा के अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह 81 दिवसीय यात्रा तीन मई को गोरखपुर से प्रारंभ हो चुकी है जो प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेगी और 24 जुलाई को लखनऊ में इसका समापन होगा। यात्रा प्रतिदिन पांच विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जहां संवाद और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

संक्षेप

## महिलाओं के बीच मारपीट, दो पर कार्यवाही

पाटन, उन्नाव। पुरानी रंजिश को लेकर महिलाओं के बीच मारपीट की हुई शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों को शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है। बारासगवर थाना क्षेत्र के ग्राम रछोलिया में पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को सीमा देवी पत्नी विजय कुमार व रीता देवी पत्नी हरिनंदन के बीच गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। किंतु दोनों पक्ष पुलिस की मौजूदगी में एक दूसरे पर हमलावर हो गए। पुलिस ने जैसे तैसे मामला शांत कराया और उपरोक्त दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ शांति भंग की धारा में कानूनी कार्यवाही कर उप जिला अधिकारी के न्यायालय में पेश किया।

## चौपहिया वाहन की टक्कर में वृद्ध घायल

पाटन, उन्नाव। साइकिल से बाजार करने के बाद घर वापस जा रहे वृद्ध को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने सुमेरपुर तिराहा के पास जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से वह गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिहार बक्सर मार्ग पर दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को समय शाम लगभग 5:00 बजे बिहार की राधा गंज बाजार कर साइकिल से अपने घर वापस आ रहे रामनन खेड़ा निवासी श्री कृष्ण 65 को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने सुमेरपुर तिराहा के पास जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल सवार गिर गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों द्वारा उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घायल वृद्ध ग्राम थरि स्थित लल्लू सिंह के भट्टे में मजदूरी का कार्य कई वर्षों से कर रहा है जो बिहार बाजार गया था। पुलिस ने घटना की सूचना पारिवारिक जनों को दी पुलिस की सूचना के बाद पत्नी दुर्गा तथा बेटा रामू व परिवार के अन्य सदस्य रोते बिलखते स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस संबंध में जानकारी देते हुए इंचार्ज एसआई के के सिंह ने बताया कि घायल की स्थिति सामान्य है प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली भोगनीपुर गंग नहर में गिरी

जसवंतनगर, इटावा। भोगनीपुर गंग नहर में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित नहर में जा गिरी। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। थानाध्यक्ष कृपाल सिंह के अनुसार नगला उदयभान निवासी 32 वर्षीय अनुज राजपूत पुत्र सूरत राम ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भदान की ओर से बलरई होते हुए जसवंतनगर की तरफ जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े दस बजे जैसे ही वह थाना बलरई के समीप पहुंचे, तभी अचानक ट्रैक्टर के सामने एक जानवर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने ब्रेक लगाया, लेकिन ब्रेक का एक पैडल खुला होने के ब्रेक लगाने के कारण ट्रैक्टर असंतुलित हो गया। इमरजेंसी ब्रेक लगाते ही ट्रैक्टर एक पहिये पर घूमता हुआ सीधे भोगनी पुर गंग नहर में जा गिरा। स्थिति भांपते हुए चालक ने तुरंत ट्रैक्टर से छलांग लगा दी जो नहर में किनारे पर कम पानी में गिर गया जिससे उसकी जान बच गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ समय में ही थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उनके साथ उपनिरीक्षक शेर सिंह, जसवंत सिंह तथा कांस्टेबल विकास और राहुल भी मौजूद रहे। पुलिस ने मौके का जायजा लिया और चालक से घटना की जानकारी ली। इसके बाद हाइड्रा मशीन मंगाकर नहर में गिरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुरक्षित बाहर निकलवाया गया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे सभी ने राहत की सांस ली।

सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सलमा नसीम अंकित है, जबकि अन्य दस्तावेजों में सलमा इशराक दर्ज है। सलमा इशराक और सलमा नसीम दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। **सलमा इशराक पत्नी इशराक बेग, निवासी 401, मिर्जा अपार्टमेंट, अबरार नगर, लखनऊ।**

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम से बनती है पार्टी की सरकार

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में बोले पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी



गोरखपुर। भाजपा के रानीडीहा स्थित कार्यालय पर बुधवार को जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति/योजना की बैठक आयोजित हुई। कार्यसमिति बैठक की शुरूआत भारत माता व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन्दे मातरम गीत उद्बोधन से की गयी। बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने अपने सम्बोधन के शुरूआत में पश्चिम बंगाल समेत तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकताओं को बधाई दी। कहा कि भाजपा कार्यकार्य आधारित पार्टी है जो निरन्तर संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करता है। भाजपा की रीति और नीति को धरातल पर जन-जन तक पहुँचाने का काम संगठन कार्यकर्ता करता है। कार्यकताओं के अथक परिश्रम से ही संगठन सरकार के रूप में नेतृत्व करता है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों का नेतृत्व करने वाली एक मात्र ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के बदौलत समाज व राष्ट्र की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करती है। इसी कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। बैठक की प्रस्तावना रखते हुए जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि 07 मई को सभी मण्डलों की बैठकें कर लेनी है आगामी 17 व 18 मई को जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा। संचालन भाजपा जिला महामन्त्री योगेश प्रताप सिंह ने किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय राय, अशोक सिंह, युधिष्ठिर सिंह, डॉ आरडी सिंह, हरिकेश राम त्रिपाठी, शत्रुघ्न कसौधन, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल, पिपराइच विधायक महेन्द्रपाल सिंह, बासगाँव विधायक डॉ विमलेश पासवान, चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक सन्त प्रसाद, महन्त सिंह, राधेश्याम सिंह, विश्वात चन्द कौशिक, मायाशंकर शुक्ल, राजाराम कन्नौजिया, चंचला शुक्ला, के एम मझवार सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष, मोर्चो के जिलाध्यक्ष, जिला कार्यसमिति सदस्य गण उपस्थित थे।

# 63 वें वार्षिक प्रांतीय महाधिवेशन का शुभारंभ



चरगांवा,गोरखपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई का प्रांतीय महाधिवेशन बुधवार को रेलवे ऑडिटोरियम महाप्रबंधक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में शुरू हुई। कार्यक्रम की शुरूआत संघ के पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रांतीय मुख्य संरक्षक जगदीश पांडेय ठुकराई व अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र त्यागी, महामंत्री लालमणि द्विवेदी, संरक्षक रमेश सिंह के नेतृत्व में झंडा रोहण कर किया गया। संघ के जिला मंत्री डॉ शोभित श्रीवास्तव द्वारा झंडा गीत गाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान ने कहा शिक्षक का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज शिक्षा और शिक्षकों के समक्ष बड़ी चुनौतियां है। आज के महाधिवेशन में जो भी प्रस्ताव संगठन के द्वारा पारित किया जाएगा। उसे सरकार के समक्ष रखते हुए शिक्षकों के अधिकारों को और सेवा शर्तों को और मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि कुलपति श्रीमती प्रो पूनम टंडन ने कहा कि शिक्षक पूरे परिश्रम से भविष्य निर्माण के कार्य में लगा रहता है। सरकार और शिक्षा अधिकारियो का यह दायित्व है कि शिक्षकों की मांगों और देयकों को समय से प्रदान करें और उनकी सेवा सुरक्षा की शर्तों को मजबूत करें। विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक वह दीपक है। जो स्वयं जलकर ज्ञान की ज्योति जलाता है।

महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र का निर्माण करते है। उनका सम्मान सर्वोपरि है। सदस्य विधान परिषद देवेंद्र प्रताप सिंह जी ने कहा कि पूरे भारत में एक समान शिक्षा व्यवस्था लागू होनी चाहिए। जब शिक्षा गरीब तथा अमीर सभी को बिना भेदभाव एक समान मिलेगी, एक समान पाठ्यक्रम होगा, शिक्षा का पूरा व्यवभार जब सरकार का होगा, तभी भारत का असली विकास होगा। संघ के प्रांतीय मुख्य संरक्षक जगदीश पांडेय ठुकराई ने कहा कि आज शिक्षा बाजार के हवाले जा रही है। आज जरूरत है कोठारी आयोग की संस्तुतियों को लागू करने की। सभी के लिए मुफ्त और रोजगार परक शिक्षा व्यवस्था की तभी राष्ट्र का निर्माण होगा।

## ज्वेलरी की दुकान पर बंधक रखा जेवर लेकर दुकानदार फरार, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने इलाके के बालापार स्थित शिवा ज्वेलर्स नामक दुकान के मालिक पर बंधक रखा जेवर लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस आरोपी दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही।

बैजनाथपुर बालापार निवासी ममता देवी पत्नी बैजनाथ ने मुकामी पुलिस को तहरीर देकर बताई कि उन्हें एक समय रुपए की बहुत जरूरत थी। जिसके लिए उन्होने बालापार स्थित शिवा ज्वेलर्स के संचालक दीपक वर्मा के हाथों गहने को बंधक रख रूपया उधार ली थी। और उधार लिये रुपये को समय समय पर ब्याज सहित देती गयी। कुछ दिन पूर्व वह जब उक्त दूकान पर अपना जेवर लेने गयी तो दुकानदार ने बताया कि 10 दिन बाद जेवर मिलेगा। 10 दिन बाद जब वह दूकान पर गयी, तो दुकान बंद मिला। दुकानदार के मोबाइल फोन पर काल करने पर स्वीचआफ बता रहा है। काफी प्रयास करने पर जब कुछ जानकारी नही मिली तब लिखित तहरीर देकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस तहरीर के आधार पर उपयुक्त धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## आबकारी टीम की कार्रवाई, 22 लीटर कच्ची शराब बरामद




पुरवा, उन्नाव। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के निर्देश पर पुरवा और बीघापुर क्षेत्र की टीमों ने स्थानीय पुलिस के साथ थाना मौरावां व बिहार क्षेत्र के गांवों में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान ग्राम कुट्टीखेड़ा, जनवारनखेड़ा व अकवारा से कुल 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही मौके पर करीब 400 किलो लहन नष्ट किया गया। पुलिस ने दो आरोपितों रामबाबू (हड़हरा) व शिव दुलारी (अकवारा) को गिरफ्तार कर संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आबकारी विभाग ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर रोक के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## मकान स्व-गणना को लेकर एसडीएम ने मातहतों को दिए कड़े निर्देश

पुरवा (वीओएल)। मकानों की स्व-गणना का पहला चरण 7 मई से प्रारंभ होने के कारण एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने अपने चेंबर में बैठककर सभी मातहतों को निर्देशित किया। राशन वितरण के दौरान भी सभी पंचायत कर्मी ग्रामीणों की स्व-गणना कराएंगे बैठक में तहसीलदार मनीष द्विवेदी भी शामिल हुए। बुधवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने डीपीआरओ, बीईओ, एडीओ पंचायत आपूर्ति निरीक्षकों के साथ बैठक कर 7 मई से होने वाली मकानों की स्व-गणना के संबंध में दिशा निर्देश दिए उन्होंने सभी मातहतों से बताया कि ग्रामीणों व आमजनों को जागरुक करते हुए स्व-गणना का प्रचार-प्रसार कराएं। यह कार्य 21 मई तक सम्पन्न कराया जाए। साथ ही राशन वितरण के दौरान 10-12 मई तक पंचायतों के सभी सहायक ग्रामीणों व कार्डधारकों से सम्पर्क कर स्व-गणना कराएं बैठक में तहसीलदार मनीष द्विवेदी समेत समस्त डीपीआरओ हिलौली पुरवा बीईओ सुरेश कुमार, असोहा बीईओ आंचल सिंह, सभी एडीओ पंचायत, रजिस्ट्रार कानूनगो आपूर्ति निरीक्षक बैठक में शामिल हुए। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्व-गणना के संबंध में सभी मातहतों को निर्देश दिए गये हैं उन्होंने बताया कि किसी भी कार्मिक के द्वारा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बीएएमएस विद्यार्थियों ने ली कैडेवरिक ओथ

## चिकित्सा नैतिकता के पालन का संकल्प



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में संस्कृत समिति और रचना शरीर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बीएएमएस (बैच 2025) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कैडेवरिक ओथ सेरेमनी (शव शपथ समरोह) का आयोजन किया गया। आचार्य साध्वी नंदन पांडेय और डॉ. दीपू मनोहर के मार्गदर्शन आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना, कैडेवरिक श्लोक पाठ तथा आचार्य सुश्रुत के जीवन पर आधारित प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों द्वारा भगवद्गीता के श्लोकों की सामूहिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया। इस अवसर पर रचना शरीर विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपू मनोहर ने कैडेवर डिसेक्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में अनुशासन एवं समर्पण के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में प्रथम वर्ष बीएएमएस विद्यार्थियों ने कैडेवर डिसेक्शन हेतु शपथ ग्रहण की तथा मानव शरीर के प्रति सम्मान और चिकित्सा नैतिकता का पालन करने का संकल्प लिया। आभार ज्ञापन डॉ. ब्रह्मदेव भारती ने किया। कार्यक्रम में डॉ. शांति भूषण, डॉ. नवीन, डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. अमृता पाल आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# जय श्री राम के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

## प्राम प्रतिष्ठा उत्सव : श्री ठाकुर जी की प्रतिमाओं का निकाला गया भव्य नगर भ्रमण



मझगांवा,गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के सिहाइजपार स्थित बाबा गरीब नाथ मंदिर परिसर स्थित ठाकुर जी मंदिर के जीर्णोद्धार के पश्चात एक मई से श्री राम यज्ञ एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मंदिर में स्थापित होने वाली ठाकुर जी की प्रतिमाओं का क्षेत्र भ्रमण कराया गया। सिहईजपार मंदिर से प्रतिमाओं को लेकर ग्रामवासियों ने ₹जय श्री राम₹ के गगनभेदी नारों व भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली। यह यात्रा गजहड़ा मंदिर, मणीयाहू मंदिर, सोनईचा मंदिर होते हुए गेरुआखोर स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। गेरुआखोर में ग्रामीणों ने प्रतिमाओं का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र ₹जय श्री राम₹ के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर बाबा गरीब नाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं शाही ग्लोबल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. शिव शंकर शाही, हरिराम शाही, प्रमोद शाही, सत्य प्रकाश शाही, सीतेंद्र शाही, डिहुलपार के ग्राम प्रधान अनिल शाही, शिशु शाही, जनार्दन पांडेय, दीपू शाही, मोनू शाही, प्रफुल्ल शाही, श्याम सुंदर सिंह, टीपू शाही, कृष्णा शाही, राजेश शाही, प्रदीप शाही, संत शाही, अरविंद शाही, गुड्डू शाही, राहुल शाही, लाल बहादुर शाही, गिरीश शाही, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# आईजीएल को मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क सम्मान




गीडा, गोरखपुर। गीडा स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड को अपनी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति और कर्मचारी-हितैषी नीतियों के लिए प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सम्मान से नवाजा गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर यूनिट में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्लांट हेड शैलेन्द्र कुमार पांडेय सहित सभी विभागाध्यक्षों ने हिस्सा लिया। एचआर हेड दशरथ मिश्रा ने इस सफलता को प्रत्येक कर्मचारी के समर्पण और टीम स्पिरिट का परिणाम बताया। प्रबंधन ने जोर दिया कि कंपनी हमेशा से कर्मचारियों की सुरक्षा और संतुष्टि को प्राथमिकता देती रही है। अखिलेश कुमार शुक्ल और अमित कश्यप द्वारा व्यवस्थित इस कार्यक्रम में सभी ने भविष्य में भी इसी सकारात्मक ऊर्जा के साथ नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लिया।

# बाल संसद 2.0 बेसिक शिक्षा में बच्चों ने संभाली लोकतंत्र की कमान

## बच्चों ने लिया संकल्प, जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा से बदलेंगे विद्यालय और समाज

उन्नाव। औरास के रामपुर गढ़ौवा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को आयोजित बाल संसद 2.0 निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बच्चों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपनी सरकार चुनी। ह्लबेसिक का मंच-बच्चों का मंचह्व थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय परिसर लोकतंत्र, अनुशासन और बच्चों की सक्रिय भागीदारी का केंद्र बना रहा। तीन वर्ष पूर्व गठित बाल संसद के सदस्य विद्यालय से पास आउट हो चुके थे, जिसके बाद पुनः चुनाव कराया गया। इस बार प्रधानमंत्री पद को छोड़ अधिकांश मंत्रालयों में कक्षा 6 के बच्चों को जिम्मेदारी देकर नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। निर्वाचन परिणामों में छात्रा समरीन को प्रधानमंत्री और पूनम को उप प्रधानमंत्री चुना गया। आस्था को शिक्षा मंत्री, मोहिनी को स्वच्छता मंत्री, अल्फीसा को सांस्कृतिक एवं विकास मंत्री, दीपाली को स्वास्थ्य मंत्री तथा राजकुमार को खेल मंत्री के रूप में सर्वाधिक मत मिले। परिणाम घोषित होते ही बच्चों में उत्साह देखने को मिला। विजेताओं ने अपने प्रभारी के रूप में अंकिता, चाहत, सीरत, कोमल और आशीष के नामों की घोषणा भी की। निर्वाचन के प्रभारी नोडल संकुल धर्मेंद्र सिंह ने नव निर्वाचित बाल मंत्रियों को शपथ दिलाई। बच्चों ने अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रदीप वर्मा ने बच्चों को विद्यालय स्वच्छता, प्रार्थना सभा संचालन, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों, छात्र उपस्थिति, पौधरोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन, नशामुक्ति संदेश और शैक्षिक गुणवत्ता सुधार से जुड़ी जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ह्लबाल संसद 2.0ह्व का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक समझ, अनुशासन और सामाजिक चेतना विकसित करना है। इस मॉडल को प्रदेशभर में स्थापित करने के लिए बाल नेतृत्व प्रशिक्षण, छात्र मीडिया टीम और सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम जैसी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से बच्चों में आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता का विकास होगा। प्रदेश के कई राष्ट्रपति पुरस्कार एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों ने भी इस मुहिम की सराहना की है। इस दौरान प्रधानाध्यापिका शशि देवी, शिक्षक शाहे खुबा, रमनजीत कौर एवं इंद्रपाल मौजूद रहे।




## वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

इटावा। चकरनगर क्षेत्र में भरेह थाना सीमा के पास उदी-भरेह मार्ग पर कांयछि गांव के समीप मंगलवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में पल्सर बाइक सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक भैंस देखकर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवारों में कोहराम मच गया है। अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर मंगलवार देर शाम दोनों युवक पल्सर बाइक से भरेह क्षेत्र में भैंस देखने गए थे और वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे कांयछि गांव के पास उदी-भरेह मार्ग पर पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे करीब 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस की जांच में मृतकों की पहचान कल्याण अजीत सिंह, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी निमरी थाना सहसों और सुमित, उम्र करीब 25 वर्ष, पुत्र रघुवर सिंह के रूप में हुई है। दोनों युवक आपस में घनिष्ठमित्र बताए जा रहे हैं और घटना के समय एक ही बाइक पर सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों मृतकों के परिवारों में चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों युवक शादीशुदा बताए जा रहे हैं। बुधवार सुबह करीब 7 बजे पुलिस ने पंचनामा भरकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जगदीश भाटी के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगों ने दुकान में लगाई आग, डेढ़ लाख का नुकसान



जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग के पास उधार में सामान देने से मना करना एक दुकानदार को भारी पड़ गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दबंगों ने पहले दुकान में तोड़फोड़ की और देर रात आग लगाकर उसे राख कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नगला भोगाताल निवासी रामवीर सिंह के अनुसार मंगलवार शाम करीब 7.30 बजे उनकी लकड़ी की बनी खोखा दुकान पर नगला वमार्जीत निवासी एक युवक उधार में सामान लेने आया था। मना करने पर वह अभद्रता करने लगा और फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे लोगों ने उनके पुत्र के साथ मारपीट की और दुकान में रखा कांच का काउंटर तोड़ दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने पुलिस में शिकायत की बात कही तो आरोपियों ने समझौते का दबाव बनाया और इंकार करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद रात करीब 12.20 बजे आधा दर्जन लोग मौके पर पहुंचे और दुकान में आग लगा दी। आग लगने की सूचना रेलवे गेटमैन ने फोन पर दी। जब तक आग बुझाई जाती, तब तक फायर ब्रिगेड मौके पर आग बुझाने के लिए पहुँची तब तक दुकान में रखा करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बार काउंसलिंग के पूर्व अध्यक्ष का स्वागत



इटावा। उत्तर प्रदेश बार काउंसलिंग के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रत्याशी जानकीशरण पांडे ने इटावा आकर वस्ते वस्ते पर जाकर अधिवक्ताओं का 444 वोट मिलने पर धन्यवाद दिया इसके बाद न्यू अधिवक्ता भवन में अधिवक्ता साकेत शुक्ला की संयोजन में श्री पांडे का कचहरी आगमन पर स्वागत किया गया तमाम अधिवक्ताओं ने पगड़ी फूलमाला मटर माला पटका तथा प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत किया। इस अवसर पर जो सीबीआई केस से दोष मुक्त हुए अधिवक्ता सुनील बाजपेई सुनील टंडन श्री मिश्रा को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर जुझारू अधिवक्ता राजपाल सिंह का भी स्वागत हुआ जिन्होंने उक्त मुकदमे की पैरवी कर मुकदमा जीता श्री पांडे ने अपने उदबोधन में कहा कि इटावा ने हमें तीसरी बार बहुत मजबूत ताकत दी है जिसे मैं हमेशा याद रखुगा तथा अगले 6 वर्ष तक पूरा ऋण उतारने की कोशिश करूंगा उन्होंने अधिवक्ता साकेत शुक्ला संयम शुक्ला अश्वनी सिंह राजीव चैधरी की भूरि भूरि प्रशंसा की उक्त कार्यक्रम में सुबोध दीक्षित मनोज कुमार दीक्षित दयाशंकर शुक्ला उपेंद्र सिंह अरविंद प्रताप सिंह सहित दर्जनों लोगों ने जानकी शरण पांडे सहित मंचासीन अधिवक्ताओं का स्वागत किया। संचालन आदित्य मोहन शर्मा ने किया।

## चार अभियुक्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, दो अभियुक्त पुलिस की गोली से घायल

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र में महिला से लूट, झपटमारी की घटना कारित करने वाले 4 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार। लूट की घटना का सफल अनावरण। कब्जे से 2 तमन्चा 315 बोर, 3 खोखा व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 46,800 रुपये, एक जोड़ी कान की बाली, 2 कमरबन्द, करधनी, व घटना में प्रयुक्त औरा कार एवं घटना कारित करने वाले औजार बरामद। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चैहान ने बताया कि 4 मई की रात में थाना इकदिल क्षेत्र में शादी समारोह से वापस अपने घर जा रही महिलाओं को चिन्हित कर अज्ञात अभियुक्तों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से झपटमारी, लूट की घटना कारित की गयी थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना इकदिल पर मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे गठित पुलिस थाना व एसओजी, सर्विलांस पुलिस टीमें आसपास के अन्य जनपदों से समन्वय स्थापित कर घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयासरत थी। 6 मई की रात्रि को थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक बिना नंबर प्लेट की औरा कार में सवार संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा करने तथा रोकने का प्रयास किया गया। नैनपुर पुलिया के पास कार रोकते ही उसमें सवार चालक एवं चालक सीट के पास बैठे व्यक्ति वाहन से उतर कर खेतो की तरफ भागने लगे, जबकि कार में पीछे बैठे दो व्यक्तियों देशराज पुत्र हीरामन पाल व अर्पित यादव पुत्र रविन्द्र सिंह को मौके पर ही पकड़ लिया गया। भाग रहे अन्य दो व्यक्तियों का पीछा करने पर उन संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में दो बदमाश शिवम पाल उर्फ ज्वाला सिंह व अरुण यादव पुत्र नरेन्द्र यादव पैर में गोली लग जाने से घायल हो गये। जिन्हे घायल अवस्था मे नैनपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T03, दिनांकः 05-05-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं.-01, कार्य का नामः नन्दगंज पर लाइन-03 के लिये स्टॉप बोर्ड के स्थान पर शंट सिग्नल की व्यवस्था व लाइन-04 के लिये स्टार्टर को सामान्य लूप बनाने के लिये और एक डॉक माल शेड रनिंग लाइन (सीएसएल-750 मीटर) और शंटिंग नेक (सीएसएल-750 मीटर) का प्रावधान के संबंध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T03, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में ₹ 2,75,77,244.66, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 5,51,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया मेंः शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 28-05-2026 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधिः 09 माह।

• खुली ई–निविदा दिनांक 28-05-2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।

• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-33 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## सर्पदंश से मासूम की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलपनाह में कमल के तीन वर्षीय पुत्र कार्तिक को किसी जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत खराब हो गई। परिजन आनन-फानन में बालक को सीएचसी लाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुशमौरी में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। भीरा थाना क्षेत्र के गांव बैबहा मुन्नूसिंह निवासी रामजती पत्नी नत्थू लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 24 वर्षीय पुत्री वैष्णवी का विवाह 25 फरवरी को कुशमौरी निवासी रवि के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष से विवाद शुरू हो गया। परिजनों के अनुसार कुछ दिन पहले वैष्णवी और उसके पति के बीच मारपीट भी हुई थी। इसी के चलते मंगलवार को वैष्णवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## टेढ़े नाथ धाम जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त

अमीर नगर खीरी। कस्बा से मगदापुर, सरैया विलियम, होते हुए पौराणिक मंदिर टेढेनाथ धाम जाने वाला मार्ग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया 2 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने जाने के बाद दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। मोहम्मदी और गोल विधानसभा के बॉर्डर क्षेत्र पर स्थित पौराणिक धार्मिक स्थल टेढे नाथ धाम पर जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर अपनी दुर्दशा बयां कर रहा है। जिले के आला अधिकारी से लेकर तमाम राजनेताओं का आना-जाना रहता है जिस पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन को पहुंचते हैं। विकास की गंगा बहाने का वादा करने वालो की अपेक्षा के चलते क्षतिग्रस्त सड़क पर श्रद्धालु निकलने को मजबूर हो रहे हैं।

## किशोरी का पता लगाने में पुलिस नाकाम

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक पिता की अपहर्ता बेटी को 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बरामद करने में नाकाम रही है। पिता ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। अपहर्ता के पिता ने बताया उसकी बेटी 27 अप्रैल को घर पर सो रही थी पड़ोसी गांव के एक युवक द्वारा झांसा देकर घर से निकाल ले गया पता चलने पर तलाश करने के बाद पुलिस को नामित आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। घटना के 10 दिन भी जाने के बाद भी पुलिस अपहर्ता को बरामद नहीं कर सकी है।

# जितिन प्रसाद ने देवर घाट पुल निर्माण का किया निरीक्षण



सीतापुर। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को क्षेत्र में निर्माणाधीन डेवर (देवर) घाट पुल का निरीक्षण किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उनका काफिला सबसे पहले अकबरपुर स्थित डेवर घाट पहुंचा, जहां उन्होंने पुल निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा। लखीमपुर और सीतापुर जनपदों को जोड़ने वाले इस पुल के बन जाने से आवागमन आसान होगा और लोगों का समय भी बचेगा। करीब दो किलोमीटर से अधिक लंबे और दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले इस पुल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसके निर्माण से तटवर्ती गांवों को हर वर्ष आने वाली बाढ़ और कटान की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि जब वे उत्तर प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे, उसी दौरान इस पुल परियोजना को स्वीकृति दी गई थी, जिसके चलते आज इसका निर्माण कार्य संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में उद्योग और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। राज्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत की तैयारियां की थीं। सुल्तानापुर और कस्बे के रेउसा मोड़ पर प्रदेश मंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, भाजपा नेता दीपक सिंह ह्यदीपूह्न और रामजीवन जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में ह्लडबल इंजनह्न सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि जो क्षेत्र कभी बाढ़ और कटान से प्रभावित रहता था, वहां आज बड़े पैमाने पर विकास कार्य हो रहे हैं।

तंबौर के रेउसा मोड़ पर भाजपा की विभिन्न राज्यों में हुई प्रचंड जीत की खुशी में कार्यकताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी में समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए जीत का उत्साह व्यक्त किया और इसे पार्टी की नीतियों व नेतृत्व की सफलता बताया।

## दिव्यांगों का प्रदर्शन, सात सूत्रीय मांगों पर प्रशासन को घेरा

सीतापुर। आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के बैनर तले बुधवार को सैकड़ों दिव्यांगजन और निराश्रित महिलाएं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतर आए। फाउंडेशन के प्रबंधक सचिव बिन्दू मौर्या और प्रदेशाध्यक्ष हरीशंकर गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में सभी लोग विकास भवन स्थित धरना स्थल पर एकत्रित हुए और जोरदार नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, बल्कि समस्याओं का ठोस समाधान किया जाए। इस दौरान सबसे प्रमुख मुद्दा जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल का उठा, जहां पर्चा और दवा काउंटर लंबे समय से बंद पड़े हैं। इससे गरीब और दिव्यांग मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फाउंडेशन ने इन सेवाओं को तत्काल शुरू करने की मांग की। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की स्पॉन्सरशिप योजना के तहत आवेदन करने वाली दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाओं को अब तक लाभ न मिलने पर भी नाराजगी जताई गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भुगतान में देरी से बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है, जिसे तत्काल दुरुस्त किया जाए। फाउंडेशन ने जनपद में दिव्यांगजनों के लिए समुचित आश्रम की स्थापना, समाज कल्याण विभाग की पारिवारिक लाभ योजना के लंबित मामलों के निस्तारण, तथा पति-पत्नी दोनों दिव्यांग होने वाले परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। इसके साथ ही जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की नियमित बैठक न होने पर भी सवाल उठाए गए। फाउंडेशन ने हर माह बैठक आयोजित कर समस्याओं के समयबद्ध समाधान की मांग की। रोजगार के मुद्दे को उठाते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मॉल, वी-मार्ट, होटल, वाहन शोरूम और विद्यालयों में रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जाएं।

## अम्बारा-सेमरिया मार्ग का भूमि पूजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के ग्राम अम्बारा में अम्बारा से सेमरिया तक प्रस्तावित सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया गया। लंबे समय से खराब मार्ग के कारण परेशान ग्रामीणों को अब जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क की जर्जर स्थिति के चलते आवागमन में भारी दिक्कतें आती थीं। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते थे, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता था। इस समस्या को देखते हुए सड़क निर्माण की मांग लगातार उठाई जा रही थी। विधायक अमन गिरि ने ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए सड़क निर्माण की पहल की। भूमि पूजन के साथ ही अब इस मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। सड़क बनने से क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क बेहतर होगा और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बच्चू सिंह, मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिहर सिंह और हरिओम शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य करमवीर सिंह बिट्टू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## नैमिषारण्य में 3.72 करोड़ से बनेगा पिलग्रिम इंटरप्रिटेशन सेंटर

सीतापुर। पवित्र तीर्थस्थल नैमिषारण्य को भव्य और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में यहां स्थित पुरानी धर्मशाला को आधुनिक पिलग्रिम इंटरप्रिटेशन सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 3.72 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है, जिसमें से 2.98 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। परियोजना की खास बात यह है कि विरासत भवन की मूल संरचना को सुरक्षित रखते हुए उसमें आधुनिक सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। ह्लविकास भी, विरासत भीह्न के मूल मंत्र के साथ यह पहल नैमिषारण्य के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को नई पहचान देगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस इंटरप्रिटेशन सेंटर के माध्यम से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नैमिषारण्य के इतिहास, धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक विरासत की समग्र जानकारी एक ही स्थान पर मिलेगी। इसके लिए कॉस्मिक ऑर्डर, जीवन का विकास, सभ्यता का उदय, महाकाव्य और ज्ञानोदय जैसे विषयों पर आधारित थीम गैलरियां विकसित की जाएंगी।

### क्या-क्या होंगी सुविधाएं

सीतापुर। इस परियोजना के तहत पूरे परिसर का व्यापक विकास किया जाएगा। यहां आधुनिक प्रवेश लॉबी, आकर्षक एम्फीथिएटर, कैफेटेरिया, मूर्तिकला मार्ग और स्वच्छ शौचालय ब्लॉक बनाए जाएंगे। साथ ही पुराने भवन का नवीनीकरण और नई इमारत का निर्माण इस तरह किया जाएगा कि क्षेत्र का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण और अधिक सजीव हो सके।

### स्थानीय स्थापत्य की झलक

सीतापुर। भवन के बाहरी हिस्से को खुली ईंटों की फिनिशिंग के साथ पारंपरिक शैली में तैयार किया जाएगा, जबकि अंदरूनी हिस्सों को थीम आधारित चित्रों से सजाया जाएगा। ये चित्र धार्मिक कथाओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को एक समृद्ध अनुभव मिलेगा।

### पर्यटन को मिलेगी नई गति

सीतापुर। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि यह परियोजना न केवल श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगी, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण को भी मजबूत करेगी। इससे धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सरकार की इस पहल से नैमिषारण्य का तीर्थ अनुभव और अधिक ज्ञानवर्धक, आकर्षक और सुव्यवस्थित बनने की उम्मीद है।

## घर बैठे भरें फॉर्म, 21 मई तक स्व-गणना का मौका

लखीमपुर खीरी। देश की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना-2027 की शुरूआत के साथ ही आमजन के



लिए एक नई सुविधा का दरवाजा खुल गया है। सात मई से स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो रही है, जो 21 मई तक चलेगी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि इस ऐतिहासिक पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और खुद अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर प्रक्रिया को आसान बनाएं। स्व-गणना प्रक्रिया को सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रशासनिक अमले को पूरी तरह एक्टिव मोड में ला दिया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी अमित कुमार राय समेत सभी एसडीएम, तहसीलदार और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिनवार रणनीति तय की गई और जिम्मेदारियां साफ-साफ बांट दी गईं।

बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि हर स्तर पर मॉनिटरिंग मजबूत रखी जाए, ताकि स्व-गणना अभियान में कहीं कोई ढिलाई न रहे। अफसरों को अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और अधिकतम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

### मोबाइल उठाइए, फॉर्म भरिये और बन जाइये खुद प्रगणक : सीडीओ

सीडीओ अभिषेक कुमार बताया कि केंद्र सरकार की इस पहल के तहत नागरिकों को पहली बार आधिकारिक पोर्टल पर जाकर स्वयं अपना और अपने परिवार का विवरण दर्ज करने की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि नागरिक अपने मोबाइल नंबर और नाम के माध्यम से पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। ओटीपी सत्यापन के बाद उन्हें 33 सवालों की एक प्रश्नावली भरनी होगी। विवरण सफलतापूर्वक जमा होने पर एक 11 अंकों की 'एसई आईडी' प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है।

### स्व-गणना से आसान होगा जमीनी सर्वे, सुरक्षित है पूरी प्रक्रियाः एडीएम

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि 'स्व-गणना' करने वाले परिवारों को 22 मई से शुरू होने वाले जमीनी सर्वे के दौरान काफी सुविधा होगी। जब प्रगणक घर पहुंचेंगे, तो उन्हें केवल अपनी एसई आईडी दिखानी होगी। यदि डेटा रिकॉर्ड से मेल खाता है, तो उसे तुरंत स्वीकार कर लिया जाएगा, जिससे समय की बचत होगी। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और डेटा एन्क्रिप्शन के जरिए सुरक्षित रखा गया है। कहा कि जनगणना के दौरान आपसे किसी भी प्रकार की बैंक जानकारी या आधार संख्या जैसे दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। वहीं प्रगणक के आने पर उनका आधिकारिक पहचान पत्र अवश्य देखें।

## सब रजिस्ट्रार कार्यालय में मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार



लखीमपुर खीरी। सब रजिस्ट्रार कार्यालय में पीडब्लू डी विभाग द्वारा कराया जा रहा मरम्मत का कार्य मानक के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है। लाखों रुपए की लागत से किए जा रहे मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। आयुक्त स्टांप भी पीडब्लू डी द्वारा कराए जा रहे मरम्मत कार्य की निगरानी ठीक से नहीं कर रहे हैं। आखिर किसके संरक्षण में मरम्मत कार्य के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार किया जा रहा है? बताया जाता है कि लगभग 9 लख 75 हजार रुपए का सब रजिस्ट्रार कार्यालय को मरम्मत के लिए बजट आवंटित किया गया। स्टांप विभाग से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी एवं पी डब्लू डी के अवर अभियंता की मिली भगत से आवंटित बजट में बंदर बांट किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मानक के अनुरूप मरम्मत कार्य न होने से आयुक्त स्टांप पर सवाल खड़ा हो रहा है। मरम्मत कार्य का कब टेंडर निकला एस्टीमेट में कौन-कौन सा काम दशार्या गया है कितना काम कराया जाना है कार्य की अवधि क्या है क्या काम की गुणवत्ता है किसी अन्य विभाग से जांच कराए जाने पर बड़ा गोलमाल निकलकर सामने आएगा। इस सन्दर्भ में एआईजी स्टांप अमिताभ कुमार ने बताया शासन ने 9 लाख 75 हजार रुपए का बजट आवंटित किया था पीडब्लू डी विभाग को बजट दे दिया गया है वही कार्य कर रहे हैं। एक बार देखने जा चुके हैं अब दोबारा फिर जाएंगे।

## रवीन्द्र सोनकर बने निरीक्षक एसपी ने लगाया तीसरा स्टार

धौरहरा खीरी। उत्तर प्रदेश पुलिस में 2012 बैच के उपनिरीक्षक रवीन्द्र सोनकर को निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई है। वर्तमान में धौरहरा थाना के थानाध्यक्ष के रूप में तैनात रवीन्द्र सोनकर को पुलिस अधीक्षक खीरी ख्याति गर्ग ने औपचारिक पिपिंग सेरेमनी के दौरान तीसरा स्टार धारण कराकर सम्मानित किया। पुलिस कार्यालय में आयोजित समारोह में उच्चाधिकारियों और पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों व साथियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने उनके लंबे सेवा काल, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि रवीन्द्र सोनकर ने थाना धौरहरा में अपने कुशल नेतृत्व से बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निरीक्षक पद पर भी वह इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे।



## बच्ची से रेप करने वाला युवक गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली लखीमपुर क्षेत्र के ग्राम गरकटिया में 6 वर्षीय बच्ची के साथ रेप करने के आरोपी रामजीवन निवासी रत्तासरांय को पुलिस ने मुठभेड़ में मांगवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में कोतवाली सदर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोली मारी है। लहूलुहान हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोली लगने से उसके पैर की हड्डी टूट गई है। अस्पताल से डिचार्ज होते ही उसे जेल भेजा जाएगा। मंगलवार को कोतवाली सदर क्षेत्र के एक गांव में 6 वर्षीय बच्ची के साथ आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम को लगाकर मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उधर बच्ची की हालत अब ठीक है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण करने के बाद घर भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सीओ सदर विवेक कुमार तिवारी, सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह, सहित आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## दफन हत्या का दावा निकला खोखला

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के अलीनगर मजरा बछखेरवा गांव में बुधवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक महिला के आरोप पर उसके ही घर में पुलिस और प्रशासन ने खुदाई कराई। महिला ने दावा किया था कि उसके लापता पति की हत्या कर शव घर में ही दफना दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस, प्रशासन और फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में करीब तीन घंटे तक कमरे के अंदर गहराई तक खुदाई की गई, लेकिन जमीन से कोई शव या ठोस साक्ष्य बरामद नहीं हुआ। महिला का आरोप था कि गांव के कुछ लोगों ने उसके पति की हत्या कर शव छिपा दिया है। उसने दावा किया कि उसे इस घटना की जानकारी एक कथित वीडियो और गांव के लोगों के जरिए मिली। मामला गंभीर होने पर प्रशासन हरकत में आया और जांच के तहत खुदाई कराई गई। हालांकि खुदाई के बाद कुछ भी न मिलने से पूरे मामले पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि जिस व्यक्ति को मृत बताया जा रहा है, वह लंबे समय से घर से बाहर रह रहा था और उसकी गुमशुदगी की स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस आरोपों की सत्यता की जांच में जुटी है। वहीं गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ हैकृक्या सच में कोई राज जमीन के नीचे दबा है या फिर यह महज शक और कहानी का जाल?

## चोरी का खुलासा, बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। जनपद में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के क्रम में कोतवाली नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कनवाखेड़ा अंडरपास के पास से पवन पुत्र भगवानदीन निवासी बिजौली, थाना पिसावां को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त ने 27 अप्रैल को चुंगी चौराहे स्थित पीएनबी बैंक के सामने से बाइक चोरी की घटना स्वीकार की।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरण

सीतापुर। ब्लॉक गोंदलामऊ क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेवाओं को डिजिटल बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। यहां आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए, जिससे विभागीय कार्यों की निगरानी और रिपोर्टिंग अब और अधिक प्रभावी हो सकेगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी अजीत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 203 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्मार्टफोन संबंधित कार्यकत्रियों को वितरित किए गए हैं। इन स्मार्टफोनों के माध्यम से केंद्रों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं सीधे शासन तक भेजी जाएंगी। इउन्होंने बताया कि परियोजना की मुख्य सेविकाएंकृसत्या अवस्थी, सरिता सिंह, अनीता यादव, भावना राणा, निर्मला जगपांगी, शैलेंद्रि कनौजिया और सुभाषिनी यादवकृको नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों का पूरा डाटा, पोषण ट्रैकर, टीकाकरण की स्थिति और अन्य आवश्यक जानकारियां डिजिटल माध्यम से अपलोड की जाएंगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत

पिपरिया धनी (खीरी)। रेहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना मोहम्मदी क्षेत्र की पुलिस चौकी रेहरिया के अंतर्गत ग्राम मूडागलिब निवासी सत्यपाल सिंह कुशवाहा (उम्र लगभग 45 वर्ष), पुत्र मानसिंह कुशवाहा, अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही रेहरिया चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## जल संरक्षण को लेकर स्कूल-कॉलेजों में छात्रों को दिलायी शपथ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जल संरक्षण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल और कॉलेजों में आयोजित कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को जल बचाने, इसके सदुपयोग और पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सत्र के दौरान प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया और वरिष्ठ आचार्य चन्द्र कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के बिना भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे दैनिक जीवन में जल की बबार्दी रोकें और वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाएं। केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल ने छात्रों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जल का संरक्षण केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति कर्तव्य है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नवनीत कुमार ने ह्यजल ही जीवन हैह्न का संदेश देते हुए जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. देवानंद ने कहा कि पर्यावरण और मानव अस्तित्व के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान डॉ. विवेक कुमार सिंह, डॉ. राजीव कुमार शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अनिल यादव, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. मनोज कुमार सरोज सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। इसी क्रम में सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में भी जल संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप प्रधानाचार्य कौशल किशोर मिश्र ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक असंतुलन के चलते शुद्ध पेयजल का संकट तेजी से गहराता जा रहा है। उन्होंने ह्यकैच द रेन अभियान की जानकारी देते हुए वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी और बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर जल संरक्षण को आवश्यक बताया।

## परीक्षा पर्व में छात्रों को दिया करियर मार्गदर्शन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को परीक्षा पर्व-8.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उनके भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में कक्षा 10 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई और करियर विकल्पों को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित, राम सनेही, डॉ. राजेश कुमार और आमिर हुसैन ने छात्रों को विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग में उपलब्ध संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय चयन करने की सलाह दी। वक्ताओं ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी संबोधित करते हुए परीक्षा को उत्सव की तरह लेने की बात कही। उन्होंने उदाहरणों और अनुभवों के माध्यम से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाया और परीक्षा के भय को दूर करने का प्रयास किया। साथ ही समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, श्रीश गुप्ता, उद्धव श्याम तिवारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## डीएम के औचक निरीक्षण के दौरान मिली स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक विद्यालय में मिली खामियां

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने बुधवार को वीएचएसएनडी सत्र के दौरान विकास खंड महोली के आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र उरदौली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बातचीत करते हुए वजन मशीन समेत अन्य उपकरणों की जांच की और एचआरपी रजिस्टर का अवलोकन किया, जो पिछले चार महीनों से अद्यतन नहीं पाया गया। इस पर उन्होंने एएनएम मधु के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही ड्यू लिस्ट में त्रुटियां मिलने पर तत्काल सुधार के निर्देश भी दिए। उन्होंने एक गर्भवती महिला से दूरभाष पर बातचीत कर उसे दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक भी लिया। आंगनबाड़ी सहायिका मनोरमा और आशा कार्यकत्री किरन द्वारा कार्यों में रुचि न लेने और लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सीएचओ प्रज्ञा त्रिवेदी से ओपीडी और बीपी रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए जनसंख्या और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय उरदौली प्रथम का भी औचक निरीक्षण किया। यहां बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई तथा मिड-डे मील की गुणवत्ता को परखा गया। उन्होंने रसोइया को निर्देश दिए कि बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। कक्षा-1 के एक छात्र से पुस्तक पढ़वाकर शिक्षण स्तर की भी जांच की गई। इसके साथ ही साप्ताहिक आंकलन ट्रैकर और निपुण तालिका रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अनूप श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## श्वेता, अभिषेक व रिशा को मिलेगा अनसंग हीरोज अवॉर्ड

**सुलतानपुर (वीओएल)।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 13 मई को आध्यात्मिक गुरु रविशंकर जी के जन्मदिवस के अवसर पर पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में भव्य सत्संग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम तनाव मुक्त और हिंसा मुक्त समाज के संकल्प को समर्पित रहेगा। संस्था के प्रतिनिधि लाल जी वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तीन व्यक्तियों को अनसंग हीरोज अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। चयनित लोगों में राज्य स्तरीय युवा पुरस्कार से सम्मानित रक्तदाता अभिषेक सिंह, मानसिक रूप से विशेष बच्चों के लिए कार्य कर रही रिशा वर्मा तथा धाविका श्वेता मिश्रा शामिल हैं, जिन्हें उनकी उल्लेखनीय सेवाओं और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में भव्य सत्संग के साथ-साथ अन्य प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को भी सम्मानित करने की योजना है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सेवा भाव को बढ़ावा मिल सके। आयोजन समिति में डॉ. आर.ए. वर्मा, डॉ. सुधाकर सिंह, डॉ. कुलदीप पांडेय, कमल श्रीवास्तव, रीता सिंह और पल्लवी वर्मा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इस प्रेरणादायक आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है।

# चार डूबे, छात्र ने तीन को बचाया, युवक की मौत



**गोमती में हादसा**

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में दर्दनाक हादसा हो गया। मछली पकड़ने गए चार लोग गोमती नदी में नहाते समय गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस दौरान कक्षा 8 के एक छात्र ने अदम्य साहस दिखाते हुए तीन किशोरों की जान बचा ली, जबकि एक युवक की डूबने से मौत हो गई। अर्जुनपुर निवासी कुलदीप (23) पुत्र स्व. राम अनुज अपने साथियों मंजीत (15), कल्लू (13) और ओमलाल (15) के साथ नदी में गया था। नहाते समय चारों गहरे पानी में फंस गए। किनारे पर मवेशी चरा रहे 13 वर्षीय छात्र राजकुमार ने शोर सुनते ही बिना देर किए एक-एक कर मंजीत, कल्लू और ओमलाल को बाहर निकाल लिया, लेकिन कुलदीप को नहीं बचाया जा सका। सूचना पर एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह, तहसीलदार मयंक मिश्रा और थानाध्यक्ष अखण्डदेव मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोपहर करीब 12 बजे कुलदीप का शव नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक कुलदीप छह भाई-बहनों में सबसे छोटा था। माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था और वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

### जांबाज छात्र की पढ़ाई का खर्च उठायेंगे प्रमुख

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोमती नदी में डूब रहे तीन किशोरों की जान बचाने वाले जांबाज छात्र राजकुमार (13) पुत्र रामलाल की आगे की पढ़ाई का पूरा खर्च जयसिंहपुर प्रमुख राहुल शुक्ला उठाएंगे। मंगलवार को गांव पहुंचकर उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने छात्र राजकुमार और उसकी मां जुगुना देवी को सम्मानित किया। प्रमुख ने कहा कि कक्षा 8 के छात्र ने जिस बहादुरी और सूझबूझ का परिचय दिया, वह सराहनीय है। ऐसे बच्चों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि राजकुमार को प्रशासनिक स्तर पर सम्मानित कराने के लिए जिला प्रशासन से बात की जाएगी और उसका नाम राज्य व केंद्र स्तर के पुरस्कारों के लिए भी भेजा जाएगा।

## जल जीवन मिशन गोदाम से पीतल की टोंटी लूट का 24 घंटे में खुलासा

**रायबरेली।** डीह थानाक्षेत्र में जल जीवन मिशन के गोदाम से पीतल की टोंटी लूट की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। पुलिस मुठभेड़ में 3 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए, जबकि 4 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के कब्जे से लूटी गई 10 बोरी पीतल की टोंटी और अवैध असलहे बरामद हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि बीती 5 मई को डीह थाना से मात्र 200 मीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग पर अमन ढाबा के पास पूरे मछकुरियन कस्बा डीह स्थित श्रीहरि इंफ्राटेक प्रा. लि. (जल जीवन मिशन) के गोदाम पर अज्ञात बदमाशों ने चौकीदार शिवलाल और राजन के साथ मारपीट कर पीतल की टोंटियां लूट लीं। सूचना पर एएसपी आलोक सिंह, सीओ सलोन यादवेन्द्र बहादुर पाल मय फोर्स मौके पर पहुंचे। एसपी रवि कुमार के निर्देशन में थाना डीह पर केस दर्ज किया गया। एसपी के निर्देश पर थाना डीह व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित की गई। बीती रात मैं डीह-नसीराबाद रोड पर ग्राम रोखा के पास चेकिंग के दौरान देर रात फोर्ड फीगो कार से आ रहे संदिग्धों को रोका गया। पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे। घिरता देख अक्षत मिश्रा निवासी पूरब नायन व मोहित आर्या निवासी मोहल्ला गौड़ा, थाना डीह ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में अक्षत के दाहिने पैर व मोहित के बाएं पैर में गोली लगी। दोनों को सीएचसी डीह से जिला अस्पताल रेफर किया गया। मौके से 3 अन्य आरोपी संतोष निर्मल, अभिषेक निर्मल निवासी पुरे धनऊ मजरे खेतौंधन और अरविंद प्रजापति निवासी बोहरईया, थाना डीह को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 5 बोरी लूटी गई पीतल की टोंटी, 2 तमंचे, 2 खोखा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए।

● मुठभेड़ में 3 बदमाश घायल, 7 गिरफ्तार

पूछताछ में पता चला कि दो अन्य साथी ई-रिक्शा से माल बेचने रायबरेली जा रहे हैं। सूचना पर थाना भदोखर पुलिस ने मुलिहामऊ डीह बॉर्डर पर चेकिंग शुरू की। ई-रिक्शा से आ रहे प्रयागराज साहू निवासी सराय मानिक व सूरज निवासी कस्बा डीह को रोका तो प्रयागराज साहू ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया। सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से 5 बोरी लूटी पीतल की टोंटी, एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## अभिभावक सम्मेलन में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर




**सुलतानपुर (वीओएल)।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर में मंगलवार को अभिभावक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माता-पिता का समय और सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्रभावना पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझते हुए उनके साथ समय बिताएं। मुख्य अतिथि आलोक कुमार आर्य ने कहा कि बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपने के बजाय उन्हें उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। वहीं अध्यक्षता कर रहे सुनील श्रीवास्तव ने अभिभावक और शिक्षक के बीच संवाद को छात्रों की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बलराम कसौधन और शैलेन्द्र चतुवेर्दी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 5 और 8 के 32 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव चतुवेर्दी ने किया, जबकि आभार शशी द्विवेदी ने व्यक्त किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे।

● माता-पिता को बच्चों को समय देने की सलाह, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

## आदेश ऊपर से, जवाबदेही नीचे 14 मील फीडर पर पसीना बहाती दिखी बिजली टीम

**डलमऊ, रायबरेली।** बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा अक्सर सबसे पहले जिस पर उतरता है, वह लाइनमैन और निचले स्तर के कर्मचारी होते हैं। कुछ नहीं करते, फर्जी कटौती करते हैं ऐसे आरोप रोज सुनने को मिलते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कई बार इन धारणाओं से बिल्कुल अलग होती है। सोमवार को कटघर उपखंड के चौदह मील फीडर पर जो तस्वीर सामने आई, उसने इसी अंतर को साफ कर दिया। घंटों से बाधित चल रही आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए बताया जाता फीडर प्रभारी राकेश मौर्य अपनी टीम के साथ पूरे दिन लाइन पर डटे रहे। टीम ने सिर्फ कागजी खानापूर्ति नहीं की, बल्कि खेतों और दूर-दराज गांवों से गुजरती लाइन के हर संदिग्ध हिस्से की पड़ताल की। मेंटिनेंस के साथ-साथ पेड़ों की कटाई (ट्री-कटिंग) का काम भी समानांतर चला, ताकि तारों से टकराव की समस्या खत्म हो सके। स्थानीय स्तर पर जुटाई गई जानकारी के मुताबिक, बीते दिनों से इस फीडर पर सप्लाई बार-बार बाधित हो रही थी। वजह ओवरहैंगिंग डालियां, और छिटपुट फॉल्ट, व तेज हवा से तारों का आपसी जुडाव इन्हें ढूंढना आसान नहीं था, क्योंकि लाइन का बड़ा हिस्सा खेतों और कच्चे रास्तों से होकर गुजरता है। ऐसे में टीम को कई किलोमीटर पैदल चलकर निरीक्षण करना पड़ता.... इस पूरे ऑपरेशन में दिलचस्प पहलू यह रहा कि जहां एक ओर उपभोक्ताओं की नाराजगी लगातार बनी रही, वहीं दूसरी ओर ग्राउंड पर काम कर रही टीम सीधे उसी दबाव का सामना करती दिखी। ऊपर से आपूर्ति बहाल करने के आदेश और नीचे उपभोक्ताओं की अपेक्षाएं दोनों के बीच संतुलन साधना इन्हीं कर्मचारियों के हिस्से आता है। ऐसे अभियानों का असर तभी दिखेगा, जब इन्हें निरंतरता के साथ किया जाए, न कि केवल शिकायत बढ़ने पर। डलमऊ के चैदह मील फीडर पर चला यह अभियान एक दिन की कवायद भर नहीं, बल्कि उस सिस्टम की झलक है जहां आदेश ऊपर बनते हैं, लेकिन उनकी असली परीक्षा जमीन पर होती है और वही सबसे ज्यादा उपभोक्ताओ के नजरों में भी रहता है।

## चार उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**रायबरेली।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए शासन ने चार उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। यह फेरबदल तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र के बदलाव के क्रम में उप जिलाधिकारी महराजगंज का दायित्व संभाल रहे गौतम सिंह को अब सदर का नया उप जिलाधिकारी बनाया गया है। लालगंज के उप जिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी को अब सलोन का कार्यभार सौंपा गया है। उप जिलाधिकारी लालगंज न्यायिक के पद पर तैनात राजेश कुमार श्रीवास्तव को अब लालगंज का उप जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं सलोन के उप जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम अब महाराजगंज के नए एसडीएम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## डीएम ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर एडीएम (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, एडीएम ी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, एसडीएम राजेश श्रीवास्तव प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विधायक अदिति सिंह ने राही ब्लॉक के 12 गांवों में की जनसुनवाई



● अधिकारियों को दिये त्वरित निस्तारण के निर्देश

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड राही के ग्राम जगदीशपुर, बेहटा, दिल्लीहार, भुएमऊ और जरौला में आयोजित बैठकों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों पर चर्चा की।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से मुलाकात कर उनकी व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने सड़क, पानी, बिजली, नाली, साफ-सफाई और राशन कार्ड जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए। विधायक ने समस्याओं के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को लेकर जनता से सुझाव मांगा है।

मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को विधायक ने जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही होगी । इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा, जनता की सेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारा मुख्य ध्येय है। मेरा प्रयास है कि सदर विधानसभा के हर गांव तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने सभी बैठकों में मिले अटूट स्नेह और सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, पार्टी कार्यकर्ता और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइक बनी कहर, दो युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** रफ्तार जब नियंत्रण खो देती है, तो सड़कें रणभूमि बन जाती हैं। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक ने एक पैदल युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार और पैदल जा रहा युवक– दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दादरा-हिंगलाज रोड पर हुआ, जहां अचानक तेज गति से आ रही बाइक ने संतुलन खो दिया और सड़क किनारे जा रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया। राहगीरों की मदद से तत्काल एंबुलेंस बुलाई गई और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुसाफिरखाना पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान बाइक सवार राहुल पुत्र रघुनाथ कोरी और पैदल जा रहे तीरथ पुत्र मुन्नू, निवासी दादरा के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों में दहशत और चिंता दोनों देखी गई। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आग लगने से गृहस्थी हुई राख, ग्रामीणों के प्रयासों से पाया गया आग पर काबू

**सिंहपुर-अमेठी।** विकास क्षेत्र के महेशपुर मजरे महिया सिंदुरिया निवासी संतोष मिश्रा के घर पर बुधवार को सिलेंडर से आग लग गई। आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। गांव निवासी संतोष मिश्रा ने बताया कि वह सुबह एजेंसी से गैस सिलेंडर लेकर आए थे रेगुलेटर लगाने के बाद उन्होंने चेक भी किया तब तक सब कुछ सही था। उसके बाद खाना बनाने के दौरान अचानक रेगुलेटर के पास आग लगी और घर में आग फैलने लगी। आग फैलते देख उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई तेज आवाज सुनकर गांव के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और बोरे ,कंबल आदि घर में मौजूद संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास भी किया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ी और एजेंसी कर्मियों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। आग लगने से घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया हालांकि किसी प्रकार हताहत की सूचना नही है।

# गायत्री परिवार ने किया शिव प्रताप के मेधावियों का अभिनंदन

● हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**अमेठी।** बुधवार की सुबह अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा अमेठी के श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के टॉप 10 स्थान पर रहे विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह सम्पन्न हुआ। सम्मान समारोह में बच्चों का उत्साह देखने लायक था।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ मेहनत से सफलता हासिल किए बच्चों को प्रोत्साहित करउन्हें देश और राष्ट्र के विकास में भागीदार बनने की कामना के साथ उन्हें सम्मानित करना है। क्षेत्र के विद्यालयों में टॉप टेन स्थान प्राप्त बच्चों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है। बुधवार सुबह अमेठी के श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह, सुभाष चंद्र द्विवेदी, डॉ० दीपक सिंह, डॉ. अभिनय प्रताप सिंह, अशोक शर्मा, लाल अशोक सिंह व मुन्नू चन्द्र अग्रवाल ने मेधावी छात्रों को तिलक कर उन्हें गायत्री मंत्र का दुपट्टा व युगऋषि पं० श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सद्साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। श्री शिव प्रताप इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट वर्ग में शगुन श्रीवास्तव ने 87.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रियांशी वर्मा ने 86.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अभय प्रजापति ने 85.3% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके साथ टॉप 10 में शामिल अन्य विद्यार्थियों में प्रियल गुप्ता, नेहा यादव, हिमांशु प्रजापति, आयुषी सिंह, राहुल वर्मा, प्रतीक्षा, श्रेया पांडेय, दीपमाला, अंशुल प्रताप सिंह शामिल रहे। वहीं हाई स्कूल की परीक्षा में टॉप 10 में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में विकास, श्रेया मौर्य, एंजल, अथर्व, सुप्रिया पांडेय, विभा, सत्य यादव, इरफान खान, जय कृष्ण कुमार व सृष्टि मिश्रा शामिल रहे।

विद्यालय के हजारों बच्चों व अध्यापकों की उपस्थिति में मेधावी बच्चों का अभिनन्दन समारोह बड़े उत्साह व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। अपने सहपाठियों की उपलब्धियों पर बच्चों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत सबके उज्वल भविष्य की कामना के साथ गायत्री मंत्र के गायन से हुई। डॉ० त्रिवेणी सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन के महत्व को समझाते हुए स्व-अनुशासन को अपनाने की प्रेरणा दी। मोटिवेशनल स्पीकर डॉ० दीपक ने विद्यार्थियों से अच्छे अंकों के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं बल्कि आत्मविश्वास, वाककला और व्यक्तित्व से मिलती है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए एकाग्रता और ध्यान को छात्र जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

## शादी का झांसा देकर युवक ने किया चार साल तक शोषण

**अमेठी।** जनपद में एक महिला ने गांव के ही युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। मामला अमेठी थाना क्षेत्र के कटरा रामनगर का बताया जा रहा है। पीड़िता का आरोप है कि गांव निवासी मोहित कुमार यादव ने उसे शादी का झांसा देकर करीब चार वर्षों तक शारीरिक शोषण किया। इस दौरान आरोपी लगातार शादी का भरोसा देता रहा, लेकिन बाद में शादी से इंकार कर दिया। महिला का कहना है कि कुछ समय पहले आरोपी उसे दिल्ली लेकर गया, जहां करीब 15 दिनों तक अपने साथ रखा। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की कोशिश भी की। किसी तरह पीड़िता जान बचाकर भाग निकली और अपने घर पहुंची। घर लौटने के बाद पीड़िता ने अपनी आपबीती परिजनों को बताई, जिसके बाद परिजन उसे लेकर एसपी कार्यालय अमेठी पहुंचे। वहां पीड़िता ने शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## नगर पालिका बोर्ड बैठक में 100 करोड़ का बजट प्रस्ताव पारित




**सुलतानपुर (वीओएल)।** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में 06 मई 2026 को पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट, नामांतरण शुल्क, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया गया। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 73 करोड़ 36 लाख रुपये की अनुमानित आय और पिछले वर्ष की 33 करोड़ रुपये अवशेष राशि को मिलाकर करीब 100 करोड़ रुपये के व्यय का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि इस बजट में शहर के बहुआयामी विकास को प्राथमिकता दी गई है, जिससे पेयजल, मार्ग प्रकाश, सड़क और जल निकासी व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में झील संरक्षण, नगरीय पेयजल, पार्क निर्माण, सीवरेज व जल निकासी, मलिन बस्ती विकास तथा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना सहित कई योजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही चैराहों और पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा वार्ड स्तर पर विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया। चर्चा के दौरान सभासदों ने जनहित में अपने सुझाव रखे। बैठक में 34 में से 32 सदस्य उपस्थित रहे, जिसमें एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## स्वगणना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जनगणना 2027 के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक संचालित होने वाले स्वगणना कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु डीएम/प्रमुख जनगणना अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में जनपद के समस्त विभागाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वगणना कार्यक्रम के लिए पूर्व निर्धारित तिथि-वार कार्य योजना के अनुसार सभी विभागों को अपने-अपने स्तर पर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक स्वयं स्वगणना अवश्य करें तथा अपने परिवार, सहकर्मियों एवं आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें। यह भी निर्देशित किया गया कि जहां आवश्यक हो, वहां मास्टर ट्रेनर एवं फील्ड ट्रेनर के सहयोग से आमजन को स्वगणना की प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षित कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग द्वारा प्रतिदिन कराई गई स्वगणना की संख्या की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाए, जिसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सीडीओ अंजूलता, एएसपी आलोक सिंह, एडीएम (वि.रा.) अमृता सिंह, उपजिलाधिकारी सचिन यादव, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, उपायुक्त एनआरएलएम सविता सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, सहायक श्रमायुक्त आर.के. स्वर्णकार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरएसएस 'धर्म जागरण' की बैठक संपन्न



**लालगंज,रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण गतिविधि की लालगंज जिले की बैठक शिशु मंदिर में बुलाई गई जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। धर्म जागरण के जिला संयोजक शिव कैलाश तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'धर्म जागरण' के माध्यम से सनातन मूल्यों की रक्षा कर रहा है। संघ का मानना है कि राष्ट्र की आत्मा धर्म में बसती है। धर्म जागरण का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समाज में नैतिकता, समरसता और कर्तव्यबोध जगाना है। जिला संस्कृति प्रमुख कैलाश बाजपेई ने कहा कि इसके तहत स्वयंसेवक घर-घर संपर्क, सत्संग, गीता-रामायण वितरण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाता है। जिला विधि प्रमुख अशोक शुक्ला ने कहा मतांतरण, लव जिहाद व सांस्कृतिक क्षरण को रोकना भी इसका लक्ष्य है। धर्म जागरण के जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक नर सेवा नारायण सेवा भाव से मंदिर जीर्णोद्धार, तीर्थ संरक्षण और संत-महात्माओं के सम्मान का कार्य करते हैं। धर्म जागरण से व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र का चरित्र निर्माण होता है। संगठित हिन्दू समाज ही सशक्त भारत की नींव है। बैठक में मंडल संयोजक और धर्म रक्षा समिति के गठन पर भी जोर दिया गया। बैठक में उमेश सिंह ,चंदन त्रिवेदी, केडी त्रिवेदी बृजेश द्विवेदी, देवेंद्र अवस्थी, संजय जायसवाल, योगेंद्र कुमार , लोधेश्वर आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण के द्वारिका गमन, कंस उद्धार तथा रुक्मिणी विवाह का किया भावपूर्ण वर्णन

**परशदेपुर, रायबरेली।** कस्बा परशदेपुर के ओंकारेश्वर महादेव धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को कथावाचक पूज्य आचार्य बद्री विशाल ओझा ने भगवान श्रीकृष्ण के द्वारिका गमन, कंस उद्धार तथा रुक्मिणी विवाह के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा वाचक बद्री विशाल ओझा ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर उनसे विवाह किया, जो भक्ति और प्रेम का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने बताया कि लीलाधर भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारियों का अंत कर धर्म की स्थापना की थी। अत्याचारी कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाकर उन्होंने मथुरा वासियों को भयमुक्त किया और इसके बाद द्वारिका नगरी की स्थापना कर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। कथा समापन के बाद यजमान वासुदेव पांडेय व ममता पांडेय सहित अन्य श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आरती की इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## सुनील यादव की हत्या के केस में निगरानी अर्जी पर सुनवाई 29 मई को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय समेत तीन आरोपितों पर दर्ज सुनील यादव की हत्या के मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। पुलिस की फाइनल रिपोर्ट पर मृतक की पत्नी सरिता यादव की प्रोटेस्ट अर्जी खारिज होने के खिलाफ दायर निगरानी अर्जी पर पूर्व विधायक के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने हाजिर होकर प्रति देने की मांग की। जिला जज सुनील कुमार ने निगरानी अर्जी पर सुनवाई के लिए 29 मई की तिथि तय की है। चांदा थाने के मदारडीह गांव के सुनील यादव की हत्या करने के आरोप में उनकी पत्नी सरिता यादव ने आठ जुलाई 2025 को लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, उनके साले विवेक मिश्र व सह आरोपित सुशील उर्फ मुन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। इसके खिलाफ मृतक की पत्नी सरिता यादव की ओर से दायर प्रोटेस्ट अर्जी बीते दिनों एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ सरिता यादव ने जिला जज की कोर्ट में निगरानी याचिका दायर की है।

संक्षेप

## सर्विलांस सेल की टीम ने गुमशुदा मोबाइल बरामद, सौंपा

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर द्वारा गुमशुदा मोबाइल के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल जनपद-देवरिया को सीईआईआर० (उपक्रम) पोर्टल के माध्यम से ट्रैक कर गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके परिप्रेक्ष्य में सर्विलांस सेल टीम जनपद-देवरिया द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन के संबन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं मोबाईलों की बरामदगी हेतु नियमानुसार लगातार प्रयास किया जाता रहा, जिसके परिणामस्वरूप कुल 251 आवेदकगण के गुमशुदा 251 मोबाईल फोन जिनकी कीमत लगभग 50 लाख रुपए है जिन्हें नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बरामद किया गया। बरामदशुदा मोबाईल फोन को आज संबन्धित आवेदकगण को सुपुर्द किया जा रहा है।मोबाइल रिकवरी करने वाली सर्विलांस टीम को पुलिस अधीक्षक 5 हजार रुपए की ईनाम राशि दी गई।

# डीएम ने संभाला कार्यभार, योजनाओं के क्रियान्वयन पर दिया जोर

**देवरिया।** जनपद देवरिया में आज नवागत जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी (आईएएस) ने शासन के निर्देशानुसार कोषागार पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। वह वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं तथा मूल रूप से कर्नाटक राज्य के निवासी हैं। देवरिया में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वह मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत रहे हैं। जनपद में उन्होंने 69वें जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला।पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिलाधिकारी श्री हुल्गी ने कहा कि जनपद में शासन की सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर पर लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पूरी टीम समन्वय के साथ कार्य करेगी तथा जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रतिबद्ध रहेगी।



उन्होंने आगे कहा कि आमजन के साथ सतत संवाद स्थापित किया जाएगा, जिससे समस्याओं को समझकर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने पर उन्होंने विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने जनपदवासियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात जिलाधिकारी ने अपने कक्ष में अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय कक्ष, एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय, नजारत, संयुक्त कार्यालय, भूलेख, अभिलेखागार एवं नवीन कलेक्ट्रेट सभागार सहित विभिन्न पटलों का जायजा लिया। अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने अपने कार्यकक्ष में बैठकर आमजन से मुलाकात की तथा जनसुनवाई कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त) रामशंकर, उपजिलाधिकारी सदर सीमा पांडेय, उपजिलाधिकारी रुद्रपुर अवधेश कुमार निगम, वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी सुशील कुमार, डीआईओ एनआईसी कृष्णानंद यादव, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजीव कुमार मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नवागत डीएम ने की प्रेस वार्ता, प्राथमिकताओं को गिनाया

देवरिया। नवागत जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकार वार्ता आयोजित की।पत्रकारगणों से बातचीत करते हुए कहा कि एग्रीकल्चर सेक्टर के नवाचारी कार्यों को जमीनी स्तर तक लाने के लिए और अधिक मेहनत किए जाने के साथ ही सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी प्रभावी ढंग से किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विशेष तौर पर हेल्थ, एजुकेशन, आईसीडीएस सेक्टर पर फोकस रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि जन समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संवाद की अहम भूमिका होती है।मेरा प्रयास रहेगा कि सभी से संवाद बना रहे और जो भी समस्या है उसका समाधान प्राथमिकता के साथ हो सके।

जिलाधिकारी ने आगे कहा कि मीडिया जन समस्याओं को सामने लाने में अहम भूमिका निभाती है।इससे



जो जानकारी मिलती है, उससे कार्यों में जहां सुधार लाने की गुंजाइश रहती है, वहीं योजनाओं के क्रियान्वयन में कमियों को दूर करने में सहयोग मिलता है।इस पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा और सुधार लाने का भी प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश रहती है कि सभी के साथ संवाद बनाए रखें। सीयूजी नंबर अब मेरे ही पास रहेगा, उसे मैं ही उठाऊंगा और इस पर सीधे मुझसे ही बात होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अच्छी टीम है। सभी के प्रयास व सहयोग से जनपद को विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में अग्रणी रखा जाएगा। पत्रकारगणों द्वारा जनपद की विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया, जिसे उन्होंने गंभीरता से लिया तथा उनके हर प्रश्न का समाधान कराए जाने हेतु आश्वस्त किया।

आयोजित प्रेस वार्ता के समय मुख्य राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त) राम शंकर सहित पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**बहराइच।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विनोद कुमार यादव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।सचिव श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद आदि है।

## मोबाइल कोर्ट में 126 मामलों की सुनवाई, दिव्यांगजनों को मिला लाभ

**देवरिया।** गांधी सभागार, विकास भवन देवरिया में उत्तर प्रदेश के राज्य आयुक्त दिव्यांगजन द्वारा मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। मोबाइल कोर्ट के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु स्टाल लगाए गए।

इसके अतिरिक्त जिला पूर्ति विभाग द्वारा अंत्योदय एवं राशन कार्ड तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांग पेंशन एवं सहायक उपकरण वितरण हेतु स्टाल लगाए गए थे। मोबाइल कोर्ट में राज्य आयुक्त द्वारा कुल 126 मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान मौके पर ही 09 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए, 27 आयुष्मान कार्ड तथा 22 राशन कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। सुनवाई के दौरान एक राशन कार्ड तत्काल जारी किया गया।

वहीं 03 मामले भूमि विवाद से संबंधित पाए गए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।राज्य आयुक्त ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि सप्ताह में दो दिन दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। साथ ही मेडिकल बोर्ड में चिकित्सकों की संख्या 05 से बढ़ाकर 07 किए जाने तथा प्रत्येक तीन वर्ष में नए चिकित्सकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मोबाइल कोर्ट के दौरान 11 स्मार्ट केन, 03 लेप्रोसी किट, 10 श्रवण यंत्र, 12 बैसाखी एवं 15 ट्राइसाइकिल का वितरण भी किया गयाकार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी व उनकी टीम, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (गोरखपुर मंडल), जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार सदर, लीड बैंक मैनेजर, जिला सेवा योजन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक राज्य सड़क परिवहन निगम, जिला पूर्ति अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भिक्षु चन्द्रमणि महास्थविर की 151 वीं जयंती मनी



जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** संविधान निमार्ता बीआर अम्बेडकर, अग्ग महापंडित भदन्त ज्ञानेश्वर के दीक्षागुरु व वर्मी बुध्द बिहार के संस्थापक भिक्षु महास्थविर चन्द्रमणि की 151 वीं जयंती परंपरागत तरीके से मनाई गई। भिक्षुओं ने बोधी वृक्ष पर जलदान व पूजन अर्चन कर विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यालयों के बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

बुधवार को वर्मा के सोंलिंग गांव में वर्ष 1876 में जन्मे पूज्य गुरु चन्द्रमणि की जयंती पर भिक्षुओं ने गुरु भूमि मन्दिर में दीप प्रज्वलित किया और गुरु चन्द्रमणि की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया। इससे पूर्व भिक्षुओं ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर

**● सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी सम्मानित**

चढ़ाया। बोधी वृक्ष पर जलदान किया और सूत्र पाठ किया। दीक्षा गुरु ने वर्ष 1972 में उन्होंने महानिर्वाण प्राप्त किया। कुशीनगर भिक्षु संघ के मंत्री भिक्षु नन्द रतन ने अपने गुरु एबी ज्ञानेश्वर के दीक्षा गुरु के साथ जुड़े संस्मरणों को सुनाया व बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली के विकास में उनके योगदान की चर्चा कर उनको नमन किया। भिक्षु शीलप्रकाश उर्फ चश्मा बाबा, भंते नंदका, भन्ते महेंद्र, भन्ते अशोक, कुंचुक लामा, भन्ते उपाली, भन्ते सागर, भन्ते उपाली बौद्ध भिक्षुओं ने भाग लिया। त्रिविधि पावनी बुद्ध जयंती पर जो सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हो पाए थे वह दीक्षा गुरु की जयंती पर संपन्न हुए जिसमें लिंह सन इंटर कालेज, कुशीनगर पब्लिक स्कूल, मारजादी देवी इंटर कालेज, बुद्ध समाज कल्याण, चन्द्रमणि प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर रामनगीना व उपासक मौजूद रहे।

## कटरा बाजार में टप्पेबाजी

ललितपुर। शहर के व्यस्ततम इलाके कटरा बाजार में दिनदहाड़े टप्पेबाजी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। तीन अज्ञात चोरों ने एक युवक के भाई के बैग से 1 लाख 30 हजार रुपए की नकदी पार कर दी। घटना उस समय हुई जब पीड़ित बाजार में खरीदारी कर रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।महरौनी के ग्राम चढ ?ऊ निवासी सौरभ पटेल ने कोतवाली सदर में शिकायत दर्ज कराई है कि आगामी 6 मई को उनके घर में विवाह समारोह है। इसी सिलसिले में वह शनिवार (2 मई) दोपहर करीब 3 बजे अपने भाई अन्नू के साथ कटरा बाजार स्थित एक जनरल स्टोर पर खरीदारी करने आए थे। भाई अन्नू ने पीठ पर एक बैग टांगा हुआ था, जिसमें शादी की खरीदारी के लिए 1 लाख 30 हजार रूपए रखे थे। पीड़ित के अनुसार, जब वह दुकान पर थे, तभी तीन अज्ञात व्यक्ति पीछे से आए और बड़ी बैग खोलकर उसमें रखे पैसे निकालकर चंपत हो गए। यह पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## भाजपा की संगठनात्मक मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



**देवरिया।** औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य वक्ता जिला प्रभारी व उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष संतराज यादव ने बताया कि प्रत्येक महीने में 1 से 7 तारीख को प्रथम सप्ताह में जिले पर संगठन की एक बैठक होगी तथा यह बैठक प्रत्येक मंडलों 7 से 15 तारीख के बीच एवं शक्तिकेंद्रों पर 15 से 21 के बीच और अंतिम रविवार को मोदी के मन की बात के साथ सभी बूथों पर आयोजित की जाएगी। संतराज यादव ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम आक्रोश पदयात्रा की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम में जो शेष मंडल रह गए हैं उनका विधानसभावार जिले पर प्रशिक्षण किया जाएगा। उन्होंने बूथ सत्यापन हेतु नामित प्रवासी गणों को सख्त निर्देश दिया गया कि समयावधि के पूर्व बूथों का सत्यापन कार्य पूर्ण करा लें। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मासिक बैठक के दौरान जो भी विषय संज्ञान में लाए गए हैं उनपर गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने पांच राज्यों के चुनावों में हुई तीन राज्यों में पार्टी की प्रचंड विजय की शुभकामनाएं भी दीं। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय शाही, संजय सिंह एडवोकेट, गंगा सिंह कुशवाहा, जिला महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, जिला मंत्री अरविंद पांडे बबुना, अभिषेक जायसवाल, महेश मणि, निर्मला गौतम, रमाशंकर निषाद, अभिषेक राय अंकुर, पवन कुमार मिश्रा, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, गिरिजेश सिंह, यशवंत शाही समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन उपरिगामी सेतु का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बहराइच-गोण्डा मार्ग पर निमार्णाधीन उपरगामी सेतु 40ए के कार्यस्थल का औचक निरीक्षण करते हुए रेलवे तथा सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन की सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। कार्यस्थल पर मौजूद रेलवे के साईट प्रभारी धर्मेश कुमार ने बताया कि बूस्टिंग गर्डर सहित अन्य कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 60 मीटर स्पान विस्तार का कार्य होना है। मौके ही धनुषाकार डोरी गर्डर की ढलाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 02 से 04 दिनों में क्रास बैरियर कंक्रीट का काम पूरा कर लिया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि कार्यस्थल पर डेक स्लैब बेयरिंग कोट कंक्रीट का काम तथा विस्तार जोड़ का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। डीएम ने कार्यस्थल पर मौजूद सेतु निगम के रवि कुमार को निर्देश दिया कि रेलवे द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूरा होते ही सेतु निगम द्वारा भी शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा दिया जाय। श्री कुमार ने डीएम को आश्वस्त किया कि रेलवे द्वारा कार्य पूर्ण करने के पश्चात सेतु निगम द्वारा अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा।

## आज से प्रारम्भ होने वाली स्वगणना में भागीदार बने जनपदवासी: डीएम

बहराइच भारत की जनगणना-2027 के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस-वार्ता के माध्यम से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि 07 मई से 21 मई 2026 तक होने वाली स्वगणना कार्य में सक्रिय भागीदारी करें तथा अधिक से अधिक नागरिकों को स्वगणना में शामिल होने के लिए जागरूक व प्रेरित करें। डीएम ने बताया कि स्वगणना के बाद जनगणना कर्मी घर-घर दस्तक देंगे। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना 22 मई से 20 जून तक की जाएगी। जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना 09 से 28 फरवरी, 2027 तक की जाएगी। इसके बाद 01 से 05 मार्च 2027 तक जनगणना का पुनरीक्षण किया जाएगा। इस बार जनगणना में मोबाइल ऐप और आनलाइन डाटा एंट्री प्रणाली का उपयोग किया जाएगा, जिससे आंकड़े सही और तत्काल सुरक्षित हो सकें। डीएम ने बताया कि प्रदेश में गुरुवार से जनगणना-2027 की शुरूआत होने जा रही है। पहली बार होने वाली डिजिटल जनगणना में सात मई से लोगों को स्वगणना की सुविधा दी गई है, जिससे वह घर बैठे जनगणना फार्म खुद भर सकेंगे। इस प्रक्रिया में मिलने वाली एच अक्षर से शुरू होने वाली 11 अंकों की एसई-आइडी सबसे महत्वपूर्ण होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। यह कोई ओटीपी नहीं है बल्कि आपके द्वारा दी गई जानकारी के सत्यापन की मुख्य कुंजी होगी, जिसे 22 मई से घर-घर पहुंचने वाले गणनाकर्मियों के साथ ही साझा करना है। स्वगणना का विकल्प 21 मई तक उपलब्ध होगा। जो लोग इस अवधि में आनलाइन विवरण नहीं भर पाएंगे, वे 22 मई से घर आने वाले गणनाकर्मियों को अपनी जानकारी दे सकेंगे।

## श्रीमद्भागवत पर पंडित ऋषभदेव जी महाराज का ओजस्वी प्रवचन



**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के लछिया देवरिया में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीधाम अयोध्या से पधारे पंडित ऋषभदेव जी महाराज ने अपने प्रभावशाली और सारगर्भित प्रवचन में श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य को अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कथा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य मार्गदर्शक है।पंडित ऋषभदेव जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण व्यक्ति के अंतःकरण को शुद्ध करता है और उसे भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से यह समझाया कि भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा और सच्ची भक्ति ही मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है। आचार्य पंडित त्रिभुवन पांडेय शास्त्री, मुख्य यजमान हरिवंश पांडेय, रामध्यान पांडेय, आयोजक प्रेमसागर पांडेय, श्रीमती सुनीता पांडेय, आदित्य कुमार पांडेय, सानिध्य कुमार पांडेय, सत्यम कुमार पांडेय, गोबिंद दुबे, दीनदयाल श्रीवास्तव, सुदर्शन सिंह, अवधेश सिंह, रामनारायण पांडेय, विवेक सिंह, सुनील राजभर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये रालोद के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह




**कुशीनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व अध्यक्ष एवं देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर रालोद पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

बुधवार को हाटा नगर स्थित सिंचाई विभाग के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रालोद के प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय ने कहा चौधरी स्व. अजित सिंह का राष्ट्र के विकास में अहम योगदान है। वह सच्चे देश भक्त थे जिन्होंने विकसित भारत की संकल्पना की और किसानों, मजदूरों और आम जन को शिक्षा, सम्मान, रोजगार दिलाने के लिए आजीवन संकल्पित रहे। अध्यक्षता करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि स्व. अजित सिंह अपने पिता चौधरी चरण सिंह के बताए मार्ग पर चलकर देश के विकास में योगदान दिया। वह महान व्यक्तित्व के धनी थे और प्रखर राजनेता व विचारक थे। वक्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर खुशहाल भारत निर्माण का संकल्प लिया। इस दौरान विन्देश्वर निगम, भगवान दयाल विश्वकर्मा, बनारसी प्रजापति, श्रीकांत प्रजापति, हसुरुननिशा, रामदुलारे गौड, सच्चिदानंद गिरी, महेंद्र लाल श्रीवास्तव, पंकज पासवान, धर्मेंद्र राजभर, हरिकेश कुमार, हरी कसेरा, गिरीश पांडेय, गणेश प्रसाद, सुरेश शाही आदि सहित लोगों ने स्व सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जनसंघर्ष की बुलंद आवाज खामोश, नहीं रहे पूर्व विधायक डॉ. बीके मिश्रा



**कुशीनगर।** पडरौना सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, प्रखर समाजसेवी और जनसंघर्ष के प्रतीक डॉ. बी. के. मिश्रा का बुधवार को अपराह्न 1 बजकर 10 मिनट पर निधन हो गया। उनके देहावसान की खबर मिलते ही पूरे कुशीनगर जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की गहरी लहर दौड़ गई। हर वर्ग, हर तबके के लोग स्तब्ध हैं। राजनीतिक, सामाजिक और आम जनमानस में उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की जा रही है।डॉ. मिश्रा वर्ष 1980 से 1984 तक पडरौना विधानसभा के विधायक रहे। यह वह दौर था जब राजनीति में जनसेवा का भाव सर्वोपरि हुआ करता था, और डॉ. मिश्रा ने इसे न सिर्फ जिया, बल्कि अपने कार्यों से साबित भी किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के मुद्दों को मजबूती से उठाया। वह सदन में जितने मुखर थे, जमीन पर उतने ही सक्रिय और संवेदनशील। उनकी सबसे बड़ी पहचान रही जनसंघर्ष। चाहे गरीबों के हक की लड़ाई हो, किसानों की समस्याएं हों या फिर सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी हो, डॉ. मिश्रा हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े नजर आते थे। वे सत्ता को सेवा का माध्यम मानते थे, न कि सुविधा का साधन। यही कारण रहा कि राजनीति से दूर होने के बाद भी जनता के दिलों में उनका स्थान कभी कम नहीं हुआ। डॉ. मिश्रा का जीवन सादगी, ईमानदारी और संघर्ष की मिसाल था। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे पर की गयी उनकी पहल आज भी लोगों द्वारा याद की जाती हैं। वह उन नेताओं में से थे, जिनके दरवाजे आम आदमी के लिए हमेशा खुले रहते थे।उनके निधन से न केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व का अंत हुआ है, बल्कि एक ऐसे युग का भी समापन हुआ है, जिसमें जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती थी। क्षेत्र के बुजुर्ग आज भी उनके साथ बिताए पलों को याद कर भावुक हो उठते हैं, तो युवा पीढ़ी उन्हें एक प्रेरणा के रूप में देखती है। परिवार में वे अपने पीछे एक पुत्र, बहू, दो पौत्र और एक पौत्री छोड़ गए हैं। उनके जाने से परिवार में शोक और संवेदना का माहौल है।राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के साथ-साथ आम नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

## खिलाड़ियों ने स्टेट चैंपियनशिप में जीते पदक, नेशनल के लिए चयन




**कुशीनगर।** कानपुर में 01 मई से आयोजित उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप में कुशीनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। आर्या ताइक्वांडो और योगा फिटनेस क्लब के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। सीनियर अंडर 62 किग्रा बालिका वर्ग में बिंदु गुप्ता ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं कैडेट अंडर 44 किग्रा बालिका वर्ग में आकांक्षा राव ने कांस्य पदक प्राप्त किया तथा कैडेट अंडर 47 किग्रा बालिका वर्ग में मंजरी राजपूत ने भी कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बिंदु गुप्ता का आगामी राष्ट्रीय ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप, सिक्किम के लिए चयन हो गया है, जहां वह अपने भार वर्ग में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। कोच दीपक कुमार मद्धेशिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि यह उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। बिंदु गुप्ता के चयन पर उनके माता-पिता ने खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं क्षेत्र के लोगों ने भी बिंदु गुप्ता को आगामी नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरे क्षेत्र में इस सफलता को लेकर खुशी का माहौल है।

## गौ सेवा से ही धर्म की रक्षा सम्भव: अविमुक्तेश्वरानंद

भटनी (देवरिया)।स्थानीय क्षेत्र में जगतगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके आगमन से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण उत्साहपूर्ण हो गया और बड़ी संख्या में लोग उनके दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए उमड़े।

इस दौरान वे बनकटा शिव गांव स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मनुष्य के जन्म से लेकर उनके अधिकारों पर प्रकाश डाला,अपने संबोधन में कहा कि एक बच्चा को अपनी माँ को माँ कहने का अधिकार उसको जन्म से प्राप्त है। साथ ही गौ माता की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की आधारशिला हैं और उनकी रक्षा एवं सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। गौ पूजा से न केवल आध्यात्मिक शांति मिलती है, बल्कि समाज में सुख-समृद्धि भी आती है।अपने संबोधन में उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे गौवंश की सुरक्षा के लिए आगे आएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से ही धर्म की रक्षा संभव है और यह हमारी परंपरा एवं संस्कृति को मजबूत बनाता है।

इसके बाद उन्होंने खोरीबारी स्थित विद्यालय ऐश माउंट द चिल्ड्रेन एकेडमी का भी दौरा किया, जहां कल्पनाथ राय एजुकेशनल ग्रुप के प्रबन्धक धीरेन्द्र प्रकाश राय, राम रेखा राय नर्सिंग कॉलेज के प्रबन्धक सुधांशु राय सहित सुनील राय,मण्डल प्रभारी अनिल गौड़,जिलाप्रभारी मुन्ना राय आदि लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

जहाँ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने छात्रों एवं स्थानीय लोगों को धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्यों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति से जुड़ने और अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि गौ सेवा से समाज में संतुलन और समृद्धि बनी रहती है।इस अवसर पर उन्होंने गौशाला की देखरेख कर रहे मुकेश दीक्षित के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 93 श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों का सामूहिक विवाह सम्पन्न



**बहराइच।** श्रम विभाग बहराइच द्वारा गेंद घर के मैदान में देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर व श्रावस्ती के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कन्या विवाह अनुदान सहायता योजना के अंतर्गत 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, मा० मंत्री श्रम, सेवा योजन एवं समन्वय उ.प्र. की प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी गोण्डा श्रीमती बीना राय व अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, उप श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा ने नवविवाहित जोड़ों सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आर्थिवाद एवं शुभकामनाएं दीं तथा स्वीकृति पत्र का वितरण किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त श्री मोदियानी द्वारा उपस्थित सभी महानुभवों का स्वागत किया गया।

उन्होंने बताया कि कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित 93 जोडों के सापेक्ष वधु के माता/पिता (जो भी आवेदनकर्ता पंजीकृत श्रमिक हों) अथवा स्वयं पंजीकृत महिला श्रमिक के विवाह करने पर उनके बैंक खाते में रू. 85000 (रू. पच्चासी हजार) मात्र की हितलाभ धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

# जनादेश के निहितार्थ

पांच राज्यों का जनादेश ऐसे समय आया है जब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के चुनाव में एक साल से कम बचे हैं और लोकसभा चुनाव के दो वर्ष पूरे हो गये हैं। इस तरह इस जनादेश के कई मायने और गहरे निहितार्थ हैं जिनका विश्लेषण देश की भावी राजनीति के संदर्भ में करना जरूरी है। पं. बंगाल, तमिलनाडु, केरलम, असम और पुडुचेरी के मतदाताओं ने जो जनादेश दर्ज कराया था, वह सार्वजनिक हो गया है और कई मायनों में वह अप्रत्याशित, अभूतपूर्व और आश्चर्यजनक रहा है। बंगाल में 1977 में कांग्रेस का दुर्ग ढहा था। वाममोर्चे की पहली सरकार बनी थी। 2011 में 34 साल लंबी सत्ता, 'लाल किले' को, ममता बनर्जी ने ध्वस्त किया और एक नये राजनीतिक दौर की शुरुआत हुई। ममता की 15 साल पुरानी सत्ता इस बार ढह गई और भाजपा 'परिवर्तन की प्रतीक' बनकर उभरी है। मौजूदा कालखंड में यह जनादेश चौंकाता भी है। भाजपा ऐसे राज्य में सत्तारूढ़ हो रही है, जहां वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'जनसंघ' के दिनों से प्रयास कर रही थी, लेकिन बंगालियों ने उसे स्वीकार नहीं किया था। इस बार वह 'राजनीतिक शून्य' भी भर दिया गया। अंततः बंगाल और बंगालियों ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी नीतियों तथा सूक्ष्म, माइक्रो स्तर पर काडर की रणनीति को जनादेश दे ही



दिया। भाजपा दो-तिहाई बहुमत के साथ बंगाल चुनाव जीतने में सफल रही है। बंगाल के अलावा, असम में भी भाजपा की सत्ता बरकरार रही और उसे लगातार तीसरी जनादेश हासिल हुआ। तमिलनाडु ने भी चौंकाया है। वहां सत्तारूढ़ रही द्रमुक के खिलाफ जनादेश आया है और सुपरस्टार विजय की नवजात पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। दूसरे स्थान पर अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन रहा। मुख्यमंत्री स्टालिन की द्रमुक दूसरे स्थान पर लुढक गई। केरलम में वाममोर्चे की लगातार 10 साल की सत्ता के बाद इस बार जनता ने उसे भी बदल दिया है और कांग्रेस नेतृत्व के यूडीएफ को जनादेश दिया है। कांग्रेस के लिए यह अत्यंत सुखद राजनीतिक खबर है, क्योंकि एक और राज्य में उसकी सरकार बन रही है। इसका श्रेय ईसाई और मुस्लिम मतदाताओं को दिया जाना चाहिए। अलबत्ता बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस के 'हाथ' लगभग खाली रहे हैं। पुडुचेरी संघ शासित क्षेत्र है और वहां 30 सदस्यों की विधानसभा है। वहां का जनादेश भी भाजपा-एनडीए के पक्ष में रहा है। इस तरह इन चुनावों को परिवर्तन के जनादेश माना जा सकता है। विपक्ष अब ध्रुवीकरण, हिंदू-मुसलमान, धन-बल, बाहुबल, एसआईआर आदि का रोना रो रहा है। ये उनकी स्वाभाविक कुंठा है। भाजपा पूरी शिद्दत, ताकत, संगठन के साथ चुनाव लड़ती है, इस पर सवाल नहीं किए जा सकते। बंगाल, तमिलनाडु, केरलम की सत्ताओं को वहां की जनता ने ही खारिज किया है। तमिलनाडु और केरलम में आज भी भाजपा बहुत छोटी राजनीतिक ताकत है। बंगाल में भी 2019 से पहले भाजपा हाशिए पर थी, लेकिन इस बार उसे 46 फीसदी वोट मिले हैं और उसने पहली बार राज्य की सत्ता में दो-तिहाई बहुमत के साथ अधिकार जमाने में सफलता दर्ज की है। कोलकाता की अधिकांश सीटें भाजपा के पक्ष में गई हैं। इसके अलावा, बर्धमान, मालदा, जलपाईगुड़ी, मेदिनीपुर, प्रेसीडेंसी, बांकुरा, झारग्राम, खड़गपुर सरीखे इलाकों में भी भाजपा ने परचम लहराया है। क्या यह महज ध्रुवीकरण का ही जनादेश है? बेशक मुस्लिम बहुल सीटों पर भी तृणमूल की ताकत घटी है, मुस्लिम वोट विभाजित हुए हैं, लेकिन हिंदुओं की लामबंदी का फायदा भाजपा को ही मिला है। यह भी चुनावी रणनीति का हिस्सा है। बंगाल के बड़े भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने बातचीत में स्वीकार किया है कि हिंदुओं और खासकर हिंदू महिलाओं ने भाजपा को बंपर वोट दिए, नतीजतन भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय हुई। इस तरह से देखें तो पांच राज्यों के जनादेश का जो सार है, वह यह है कि भाजपा और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता पूरी तरह कायम है। भाजपा का विस्तार लगातार आगे बढ़ रहा है और संभवतः अब भाजपा केरल, तमिलनाडु और पंजाब जैसे राज्यों में भी नये चुनावी रणनीति और समीकरण के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करेगी।

# बौखलाहट छोड़ आत्मचिंतन करे टीएमसी



वीना सुखीजा

> ममता बनर्जी ने बार-बार कहा है कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल में वोटों की डकैती डाल रही है और प्रदेश के मतदाता इसे किसी भी रूप में नहीं स्वीकार करेंगे। यहां तक उन्होंने कहा कि मतदाता चीख-चीखकर उनके साथ होने की हामी भर रहे हैं। लेकिन क्या ये हैरानी की बात नहीं है कि उनकी करारी हार के बाद प्रदेश में कहीं भी मतदाता सड़कों पर नहीं उतरे कि उनके चहेते मुख्यमंत्री के साथ अन्याय हुआ है।

पश्चिम बंगाल में मिली करारी हार के बाद, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी खुद की सीट भी गंवा दी है, से बौखलाकर उन्होंने गुजरी 5 मई 2026 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि वह सीएम के पद से इस्तीफा नहीं देंगी, क्योंकि वह चुनाव हारी नहीं हैं बल्कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर उनकी 100 सीटें लूटी हैं। उनका यह भी आरोप था कि चुनाव से दो दिन पहले उनके लोगों को गिरफ्तार किया गया और जगह-जगह छापे मारे गये। जबकि चुनाव सम्पन्न होने के तुरंत बाद या मतगणना के पहले तक उन्होंने नहीं कहा था कि चुनाव के दो दिन पहले उनके लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यही नहीं जब इस बार के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक बंपर वोटिंग पड़ रही थी, जो आजादी के बाद आजतक किसी भी चुनाव में नहीं पड़ी थी, तब उनका ताल ठोककर यही कहना था कि इस बार वह भारतीय जनता पार्टी को बुरी तरह से हरायेंगी। उनके मुताबिक प्रदेश में हो रही बंपर वोटिंग भाजपा द्वारा किये गये एसआईआर साजिश का बदला है। उनके मुताबिक भारी तादाद में मतदाता उन्हें जिताने के लिए घरों से निकलें हैं ताकि भाजपा की कोई मंशा पूरी न हो सके। लेकिन मतगणना के बाद जब रिजल्ट आया, तो सन्नाटा छा गया। भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने मिलकर प्रदेश में 207 सीटें जीतीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस और उसके गिने चुने साथी मिलकर कुछ 80 सीटें ही जीत सके। जबकि दोनो के वोट प्रतिशत में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। भाजपा को जहां 45.84 फीसदी वोट मिले हैं, वहीं तृणमूल कांग्रेस को करारी हार के बाद भी 41.08 फीसदी वोट मिले हैं।

इस तरह देखा जाए तो कुल 4 फीसदी का ही फर्क है और अगर समय रहते ममता बनर्जी थोड़ी सी विनम्र होकर कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लेतीं, जो कि महज 10 सीटों तक में गठबंधन स्वीकार करने के लिए तैयार थीं, तो आज शायद उनकी यह हालत नहीं होती। क्योंकि कांग्रेस को इस चुनाव में भले महज 2 सीटें मिली हों, लेकिन उसे 2.97 फीसदी मत मिले हैं। यही नहीं अगर पश्चिम बंगाल के बाहर जिस तरह वह वाम दलों के साथ भी एकजुट होने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उनका कहना है कि भाजपा को हराने के लिए कुछ भी किया जा सकता है, तो पश्चिम बंगाल में भी अगर थोड़ा बहुत कुछ एडजेस्ट कर लेतीं, तो शायद आज जीत का सेहरा तृणमूल कांग्रेस के गले में होता।



**पश्चिम बंगाल**

लेकिन चुनाव के समय तो ममता दीदी यही कह रह रही थीं कि वो प्रदेश में सारे दलों की छुट्टी कर देंगीं, उन्हें निर्णायक बहुमत मिलने जा रहा है। लेकिन अब जनता ने उनको हकीकत का आईना दिखा दिया है, तो वह इस चुनाव को ही मानने को तैयार नहीं हैं। एक और बात गौर करने लायक है। ममता बनर्जी ने बार-बार कहा है कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल में वोटों की डकैती डाल रही है और प्रदेश के मतदाता इसे किसी भी रूप में नहीं स्वीकार करेंगे। यहां तक उन्होंने कहा कि मतदाता चीख-चीखकर उनके साथ होने की हामी भर रहे हैं। लेकिन क्या ये हैरानी की बात नहीं है कि उनकी करारी हार के बाद प्रदेश में कहीं भी मतदाता सड़कों पर नहीं उतरे कि उनके चहेते मुख्यमंत्री के साथ अन्याय हुआ है।

यहां तक कि उस भवनीपुर में भी टीएमसी के पक्ष में हजार लोग सड़कों पर नहीं निकले, जहां पर वह खुद 15000 से ज्यादा वोटों से हार गई हैं। सोशल मीडिया में जितने भी आम लोगों के सीधे इंटरव्यू दिखाये गये हैं, उनमें से आधे से ज्यादा ने तो डरकर कैमरे में कुछ कहने से मना कर दिया है, लेकिन जिन्होंने कुछ कहा है, उनमें से ज्यादातर का यही मानना था कि टीएमसी कार्यकताओं की गुड़ागर्दी से वो बहुत परेशान हैं।

ममता बनर्जी ने जिस तरह से पूरे चुनाव को बाहरी बनाम भीतरी का रंग दे दिया था, उससे प्रदेश के बाहर के लोग बेहद डरे हुए थे। उन्हें लग रहा था कि अगर टीएमसी जीतकर आती है तो उनकी खैर नहीं होगी। अगर इस दहशत ने भाजपा के पक्ष में कुछ प्रतिशत वोट बढ़ाएं हों, तो आश्चर्य नहीं। क्योंकि बंगाल की कम से कम 45 सीटों में हिंदीभाषी यानी बाहरी लोगों की अच्छी खासी संख्या मौजूद है और इन सीटों पर टीएमसी पिछली बार के मुकाबले सिर्फ एक तिहाई सीटें ही जीत सकी है।

इससे साफ पता चलता है कि टीएमसी की इस तरह की हार के पीछे साजिश या बेइमानी से ज्यादा वजह उनके 15 सालों की एंटीइंकमबेंसी थी। लोग उनसे त्रस्त आ चुके थे, प्रदेश में जिस स्तर की बेरोजगारी और जिस तरह का बाहरी बनाम भीतरी का उन्होंने धुव्रीकरण कर दिया था, उससे भी लोग डरे हुए थे, पेरशान थे और शायद उन्होंने अपने डर और गुस्से का बदला भाजपा को जिताकर लिया है। टीएमसी या ममता बनर्जी जिन मुस्लिम मतदाताओं पर आंख मूंदकर भरोसा कर रही थीं, इस बार वह मुस्लिम मतदाता भी या तो कई जगह पर बंट गया या उनसे कुछ तटस्थ हो गया, वर्ना मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना में वह हालत न होती, जो हुई है।

दरअसल मुस्लिम वोट कांग्रेस, टीएमसी और असदुद्दीन ओवैसी के बीच बंट गये और इस तरह उन्हें पिछली बार जहां मुर्शिदाबाद रेंज में 44 सीटें मिली थीं, इस बार कुल 32 मिलीं, यह भी उनकी हार का एक बड़ा कारण था। सबसे बड़ी बात यह थी कि जिस आरजीकर कॉलेज मामले ने पूरे देश को झकझोर दिया था, उस पर तृणमूल सरकार का रवैय्या संदिग्ध रहा और भाजपा ने विक्टिम्स की मां को टिकट दिया और इस बात ने न सिर्फ एक सीट को बल्कि कई सीटों को प्रभावित किया। कुल मिलाकर देखें तो ममता बनर्जी को अपनी बौखलाहट और बचकानेपन को छोड़कर ठंडे दिलो-दिमाग से सोचना चाहिए कि आखिर उनकी इस बुरी तरह से हार के लिए कौन जिम्मेदार है और अब कैसे खोई हुई जमीन को दोबारा हासिल करें। लोकतंत्र का यही ताकाजा है। लेकिन वह बचपना दिखाते हुए कह रही हैं कि मैं इस्तीफा नहीं दूंगी। लेकिन वह जानती हैं कि इस्तीफा देने या न देने से कुछ नहीं हो जायेगा। पश्चिम बंगाल की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल सिर्फ कल यानी 7 मई 2026 तक है। इसके बाद अगर उन्होंने यही रवैय्या बरकरार रखा तो राज्यपाल विधानसभा को भंग कर देंगे तो वह खुद ब खुद मुख्यमंत्री नहीं रह जायेंगी। क्योंकि यही संवैधानिक है और ममता बनर्जी बार-बार संविधान की दुहाई देती रही हैं।

इसलिए उन्हें यह बचकानी हरकत करने के बजाय गरिमा के साथ इस्तीफा देना चाहिए और जैसा कि वह खुद कहती हैं, वह शेरनी हैं, जो कभी अपना इलाका नहीं छोड़ती, तो उन्हें फिर कमर कस लेनी चाहिए और 2029 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करते हुए न सिर्फ पश्चिम बंगाल की हार का बल्कि पूरे देश में भाजपा को हराकर बदला लेना चाहिए। जैसा कि उन्होंने अब कहा भी है कि सोनिया गांधी, केजरीवाल और अखिलेश ने उनसे बात की है और वह अब इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए तैयार हैं। यही कदम उठाना उनके लिए भी और देश के संवैधानिक मिजाज के लिए भी अच्छा रहेगा वर्ना सत्ता की ताकत उनसे भला बेहतर और कौन समझता है।

**सोशल मीडिया**

आज हमारी अभूतपूर्व प्रेसवार्ता में भाजपा की चुनाव जीतने की दस नंबरी चालबाजी का सबूतों के साथ खुलासा किया, अब भाजपा दस नंबरियों की बारी है कि जवाब दें। अखिलेश यादव.



लठैतवादी विचारधारा पर अमल करते हुए सपा ने सालों तक कई चुनावों में बूथों पर कब्जा कर चुनावों को प्रभावित किया, आज वे लोकतंत्र की दुहाई दे रहे। केशव प्र. मौर्य.



कॉमर्शियल सिलेंडर की भारी किल्लत के बीच उसकी कीमत में एकमुश्त 993 रुपये की भारी वृद्धि व उसका आम जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से लोगों में बेचैनी है। मायावती.



## प्राचीन वैभव

एक समय भारत की कला संस्कृति और सभ्यता दुनिया में सबसे अधिक सम्पन्न और चमकदार थी। लेकिन विदेशी आक्रांताओं ने हमारी संस्कृति पर बहुत हमले किये। स्वर्ण जैसी भारत भूमि की सारी विशेषताओं का अपहरण कर लिया। पतन और पराभव ही रह गया, अब हम दानी नहीं याचक बनकर रह गये। शासन अर्थ, शिक्षा, विज्ञान आदि भौतिक क्षेत्रों में ही नहीं सांस्कृतिक दृष्टि से भी भरतवर्ष आयातक भर है। निर्यातक बनने की स्थिति तो अभी तक नहीं बन पायी। इस दृष्टि से ईसाई मिशन निर्यातक होने का गौरव प्राप्त करते हैं। इस देश के साधु बाबा, धर्म प्रचारक और दूसरे लोग कभी विदेश जाते हैं तो लालच की आंखें और याचना की झोली भर लेकर बाहर पहुंचते हैं। बहाने बनाने के हजार रास्ते हैं। मांगने के लिए भी अनेक सच्चे-झूठे कारण एवं पाखण्ड खड़े किये जा सकते हैं। दृष्टि तो वही रही जिसके कारण उनके प्रति जनसाधारण की श्रद्धा घटती और प्रभावोत्पादक सामर्थ्य मिटती है। यहां चर्चा समर्थ देशों से राजनीतिक वैज्ञानिक आर्थिक याचना के होते रहने वाले प्रयत्नों की नहीं हो रही वह दूसरे लोगों के सोचने की बात है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक सामंजस्य एवं संतुलन के निर्धारण का दायित्व एक वर्ग विशेष पर है।

इन पंक्तियों में उस सांस्कृतिक दरिद्रता का उहापोह चल रहा है जिसके कारण पूर्वजों की भांति भारत भूमि के देव पुत्र विश्व मानक को वह भी नहीं दे पाते जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जबकि इस गई गुजरी स्थिति में भी दे सकने के योग्य उनके पास बहुत कुछ है। सर्वविदित है कि भौतिकवादी दृष्टिकोण और सम्पन्नता के दुरुपयोग ने नैतिक मूल्यों का बुरी तरह ह्रास किया है। फलतः पारस्परिक स्नेह सहयोग में भारी कमी आयी है। स्वार्थपरता और निष्ठुरता बढ़ने से सारा प्रचलन ही उलट गया है और विषाक्त वातावरण ने जनजीवन को अनिश्चित, अशान्त और आतंकित करके रख दिया है। इन दिनों समृद्धि तो निश्चित रूप से बढ़ी है पर साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों को स्वल्प साधन वाली स्थिति की तुलना में वह अत्यंत तुच्छ और कष्ट कारक बनकर रह रही है। इस व्यापक विपन्नता को दूर करने के लिए भारत अभी भी इस स्थिति में है कि पूर्वजों के प्रतिपादनों और निर्धारणों से अवगत कराते हुए, विश्व मानस को यह सुझाये कि विनाश के कगार पर खड़ी सभ्यता को पीछे लौटने और शान्ति पूर्वक जीने का क्या तरीका हो सकता है। निःसंदह भारत बहुत कुछ खो चुका है। उसके पास जो बचा है, अस्त-व्यस्त और नष्ट भ्रष्ट है फिर भी उसके कुछ टुकड़े ऐसे हैं जिन्हें अभी भी डूबते को तिनके के सहारे प्रयुक्त किया जा सकता है।

**अंतर्दृष्टि**

## भोजन की गारंटी वगैरह-वगैरह

**व्यंग्यलोक**

सरकार की ओर से देश की अस्सी करोड़ जनता को दी गई भोजन की गारंटी से मैं आश्वस्त हूँ और मैं खुले आम कहता हूँ कि मेरा वोट व सपोर्ट सरकार को रहेगा। परन्तु मेरा बी.पी.एल. पड़ोसी रामभरोसे पहले से ज्यादा बैचेन हो गया है। इस घोषणा के बाद सीधा मेरे पास आया और बोला- शर्माजी, यह भोजन का मतलब क्या होता है? मैंने कहा- रामभरोसे भोजन करते-करते चालीस साल के हो गये, और मतलब मुझे से पूछ रहे हो। भोजन का मतलब दाल, भात, चपाती और सब्जी से है। फिर तुम तो 2 रुपए किलो का गेहूँ और 3 रुपए किलो का चावल खाओगे तो हाजमा एकदम दुरूस्त हो जायेगा।

रामभरोसे बोला- महंगाई को पहचानते हैं साहब। खाना पकाने की गैस और दाल-सब्जियों के भाव आसमान को छूरहे हैं। ऐसे में क्या मैं आपका बताया भोजन कर सकता हूँ? क्या गुलाब जामुन मैं नहीं खा सकता? मैं बोला- ह्यतुम्हारी बात में दम है रामभरोसे। लेकिन मेरा कहना है कि भोजन भले कर लेना, परन्तु गुलाब जामुन मत खाना। गुलाब जामुन नियमित खाने से मेरे शुगर हो गई है। रोज दवा लेता हूँ, तब भी कंट्रोल नहीं हो रही। इसलिए मेरे भाई सरकार के चुनावी वर्ष की लाज रखले और जो सुविधाएँ मिल रही हैं, उन्हें सहर्ष स्वीकार कर ले और अपना अमूल्य वोट अब तो समूल्य दे दे। कल हो सकता है सरकार तेरे दोनों वक्त के भोजन का टिफिन तेरे घर ही पहुंचाने की घोषणा कर दे। पता नहीं चुनाव घोषणा-पत्र आयेगा तो किस-किस बात की गारंटी दी जायेगी।

'रहने दो साहब, खामख्वाह सरकार की तारीफें कर रहे हैं। यह सब जन कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। उत्तराखण्ड की तबाही देखी, क्या गारंटी दी सरकार ने, उल्टे हजारों लोग बेमौत मर गये। क्या सुरक्षा की गारंटी सरकार का दायित्व नहीं है?' रामभरोसे अभी तक संतुष्ट नहीं था। मैं बोला- ह्ययार रामभरोसे, अब कम से कम कोई भूखा तो नहीं सोयेगा। विरोधियों ने भोजन की गारंटी में टांग अड़ाई तो वह अध्यादेश लाकर तुम्हें भोजन की गारंटी दे रही है लाला। इतनी नाराजी ठीक नहीं। मुफ्त दवा, मुफ्त जांचे, सीधे बैंक खाते में सब्सिडी, लैपटॉप व साईकिलें बंट रही है और चाहते क्या हो? मैं समझ रहा हूँ तुम गुलाब जामुन खाना चाहते हो, कोठी, बंगला, कार और ऐश की जिंदगी चाहते हो। वह भी हो जायेगा। लेकिन थोड़ा धैर्य रखो। हमारा रूपया डॉलर के सामने पस्त पड़ा है। ज्यादा अपेक्षा करोगे तो वाकई कच्चा गेहूँ-चावल चाबाओगे, इसलिए मेरे भाई, सरकार पर भरोसा कर। मुझे देख इनकम टैक्स देकर महिने के बचे धन से धक्का लगाता हूँ। लेकिन आपके तो डायबिटीज भी हो गई है, मेरे तो वायरल के अलावा कुछ नहीं होता। मेरा मतलब न हाईपरटेंशन और न शुगर। जिस तरह का भोजन दिया जाता रहा है, उससे तो मेरी कोई बात भी नहीं बन रही है। न तो पेट भर पता है और न

## चार हजार साल पहले भी थी भारत में भी एक स्मार्ट सिटी



**विरासत**

**एन.के.अरोड़ा**

जब दुनिया के कई हिस्सों में लोग बुनियादी बसावट का तरीका सीख रहे थे, तब कच्छ के सूखे, कठोर भू-भाग में ऐसी स्मार्ट सिटी मौजूद थी, जिसमें बारिश की हर एक बूंद को बचाने की पूर्ण वैज्ञानिक व्यवस्था थी। सड़कों का योजनाबद्ध जाल था और जीवन अनुशासन में बंधा हुआ था। जी हां, हम धोलावीरा की बात कर रहे हैं, जो कि ईसा के लगभग 3000 पूर्व से 1500 ईसा पूर्व के बीच मौजूदा था। यह महज एक साधारण नगर नहीं था बल्कि तीन भागों में बंटी आज की शब्दावली में कहें तो स्मार्ट सिटी थी। इसके ऊपरी हिस्से में किला था और फिर मध्य तथा निचला नगर था। यह विभाजन सिर्फ प्रशासिक नहीं था बल्कि सामाजिक और कार्यात्मक दृष्टि से भी बेहद उन्नत था। आज हम जिसे 'जोनिंग सिस्टम' कहते हैं, वह सिस्टम 4000 साल पुरानी स्मार्ट सिटी धोलावीरा में मौजूद था।

यह सब कोई कोरी कल्पना नहीं है बल्कि इतिहास की ठोस हकीकत है। धोलावीरा पत्थरों में छिपी एक ऐसी नगरी थी, जिसके खंडहर आज भी सवाल पूछते हैं, क्या हम आज सचमुच आधुनिक हैं या सिर्फ आधुनिकता का भ्रम पाल बैठे हैं? धोलावीरा के खंडहरों के बीच खड़े होकर आज भी ऐसा लगता है मानो यहां समय थम गया हो और अतीत हमारे कानों में फुसफुसा रहा हो 'हम तुमसे आगे थे'। यहां के जलाशय, शहर की नालियां और सबसे बड़ी बात यहां मिली रहस्यमय लिपि अपने आपमें न जाने कितनी अनकही कहानियां समेटे हुए है। ये सिर्फ एक शहर नहीं बल्कि चुनौती है, हमारी सोच, हमारे विकास और हमारी समझ के लिए। आज जब हम बंग्लुरु, चेन्नई या दिल्ली जैसे शहरों को पानी के संकट से जूझते देखते हैं, तब हमें धोलावीरा सिखाता है कि स्मार्टनेस केवल तकनीक में नहीं होती बल्कि संसाधनों को समझदारी से उपयोग में भी होती है। आज भी किसी शहर की असली परीक्षा, इसी बात से होती है कि उसका जल प्रबंधन कैसा है और आश्चर्य की बात कि धोलावीरा हजारों साल बाद भी इस कसौटी पर न केवल खरा बल्कि सर्वेश्रेष्ठ उतरता है। यहां का विशाल जलाशय, जलाशय से निकलने वाली नहरें और वर्षा जल संचयन का तरीका आज भी मिसाल की तरह है। कच्छ जैसे शुष्क क्षेत्र में जहां पानी की एक-एक बूंद की किल्लत रहती हो, वहां वर्षा जल को संचय करके हरा-भरा शहर किसी कल्पना से कम नहीं लगता। धोलावीरा की सड़कों का जाल, यहां के घरों की संरचना और निकासी प्रणाली के साक्ष्य देखकर नगर नियोजन के विशेषज्ञ आज भी अपने दांतों तले अंगुलियां दबा लेते हैं। यहां के हर घर से निकलने वाले पानी की एक सुव्यवस्थित ड्रैनेज व्यवस्था थी, जैसी भारत के कई महानगरों में आज भी नहीं है। इसके अलावा यहां घर निर्माण में पूरी तरह से स्थानीय सामग्री का उपयोग किया गया था, जो न केवल पर्यावरण के साथ संतुलन बनाने वाली बात थी बल्कि आज के पैमाने में यह सस्टेनेबल डेवलपमेंट का अद्भुत उदाहरण है। यही नहीं धोलावीरा में एक ऐसा साइन बोर्ड भी मिला है, जिसे दुनिया का सबसे पुराना सूचना पट कहा जा सकता है। इस पर सिंधु लिपि में कुछ लिखा हुआ है, दुर्भाग्य से जिसे आजतक नहीं पढ़ा जा सका। इसकी लिखावट का तरीका यह दशार्ता है कि जरूर यह सूचना पट है, जिससे पता चलता है कि उस समय के लोग संचार और पहचान के महत्व को किस कदर समझते थे। किसी भी स्मार्ट सिटी के जितने पहलू हो सकते हैं, वो सारे पहलू धोलावीरा की स्मार्ट संरचना में मौजूद थे। वास्तव में इसकी सबसे बड़ी विशेषता भी यही है।

आज जब भारत सरकार स्मार्ट सिटीज मिशन अभियान पर काम कर रही है, तब हमारे पास मौजूद इस परिकल्पना का पूर्वज शहर धोलावीरा बताता है कि यह कोई नया विचार नहीं बल्कि हमारी आदिम विरासत है। आज के स्मार्ट सिटी का जब हम गहराई से अवलोकन करते हैं, तो लगता है सारा जोर इसके डिजिटलीकरण और हर जगह सीसीटीवी कैमरा और वाईफाई की मौजूदगी तक ही सीमित है। जबकि धोलावीरा बताता है कि स्मार्ट सिटी इससे कहीं आगे की बात है। धोलावीरा के खंडहर साक्ष्यों को अगर समझें तो स्पष्ट होता है कि जब तक हम अपने पर्यावरण और संसाधनों के साथ संतुलन बनाना नहीं सीखते, तब तक कोई भी शहर स्मार्ट नहीं हो सकता। मगर अफसोस की इतनी महान उपलब्धियों की विरासत को समेटे होने के बावजूद न जाने क्यों धोलावीरा आज भी आम भारतीयों की नजर से गुम है।

**विचार**

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

## आपकी बात

### कौशल विकास में सुधार करेगा

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### बड़ी समस्या है वायु प्रदूषण

केन्द्र सरकार ने श में वायु प्रदूषण की स्थिति क्या है यह हर जगह पता चल जाती है। महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। स्विस संगठन आईक्यूएआई आर की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश बताया गया है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान और पहले स्थान पर बांग्लादेश है। अर्थात दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत हैं। ये तीनों देश सात दशक पहले एक ही थे इसलिए यह कहा जा सकता है कि नगर नियोजन यातायात प्रबंधन, सड़कों के रखरखाव, लापरवाही और डस्ट की समस्या पर गंभीरता नहीं है। इसीलिए दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में बेंगूसराय सबसे ऊपर है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हालत भी बहुत खराब है। प्रदूषण की समस्या देश में बहुत जटिल है।

**अशीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## एक और बाघ की मौत से पन्ना टाइगर रिजर्व पर उठ रहे सवाल

बांदा। मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा करने वाली घटनाएं लगातार सामने आ रहीं हैं। पखवाड़े भर पूर्व एक वयस्क नर बाघ का क्षत-विक्षत कंकाल संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने की घटना को लोग अभी भूले भी नहीं थे कि आज एक और बाघ की मौत होने की खबर आने के बाद से विभाग में हड़कंप मचा है। अमानगंज बफर रेंज के ग्राम तारा से रेस्क्यू किए गए दो वर्षीय नर बाघ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पन्ना टाइगर रिजर्व एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। जिस बाघ को सप्ताह भर पूर्व आबादी क्षेत्र से सुरक्षित पकड़कर गहन चिकित्सीय परीक्षण के बाद पूरी तरह स्वस्थ बताते हुए कोर एरिया में छोड़ा गया था, उसकी अचानक मौत ने वन्यजीव सुरक्षा और मॉनिटरिंग व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। मंगलवार सुबह अमानगंज बफर रेंज के रमपुरा बीट के हाथीडोल क्षेत्र में एक नाले के पास उक्त बाघ का शव मिला। यह वही बाघ है जिसे 26 अप्रैल को ग्राम तारा के आबादी क्षेत्र से ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया था। बाघ को रेडियो कॉलर पहनाकर उसकी सतत निगरानी का दावा किया जा रहा था, इसके बावजूद उसकी मौत कैसे हुई यह सबसे बड़ा सवाल बनकर उभरा है।

## दुष्कर्मी को मिली आजीवन कारावास की सजा

महोबा। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शंशाक सिंह के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप एएसजे/पॉक्सो कोर्ट महोबा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त रामदयाल पुत्र चुनवाद कुशवाहा निवासी ग्राम खरका थाना कबरई जनपद महोबा को आजीवन कारावास व 30 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण की विवेचना निरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा की गयी तथा माननीय न्यायालय में लोक अभियोजक अमन सिंह व पुष्पेन्द्र सिंह की प्रभावी पैरवी एवं पैरोकार कॉन्स्टेबल कुंजबिहारी के समन्वित प्रयासों से अभियुक्त दोषसिद्ध करार दिया गया तथा दण्डित किया गया।

## कालपी सड़क हादसे पर विप्र समाज ने जताया शोक

ललितपुर। सर्व ब्राह्मण महामंडल जन कल्याण ट्रस्ट की शोक सभा परशुराम भवन में अशोक कुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कालपी में हुई दुखद दुर्घटना में महरौनी के श्रद्धालुओं की असमय हुई मौत पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उनके परिवारजनों को इस संकट की घड़ी में धैर्य धारण की कामना की गई। शोक सभा में रामेश्वर प्रसाद, हरिश्चंद्र रावत, प्रदीप चैबे, उमाशंकर बिदुआ, आदित्य नारायण बबेले, डा.ओमप्रकाश शास्त्री, भगवत नारायण बाजपेयी, अशोक रावत, विलास पटेरिया, धर्मेंद्र रावत, निखिल तिवारी, अजय नायक, कमलापति रिछारिया, अजय पटेरिया, आनंद दीक्षित, हृदयेश हुण्डेत, रविकांत दीक्षित, अंजू रिछारिया आदि उपस्थित रहे।

## लोडर की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मौत

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के 35 वर्षीय विनोद निषाद पुत्र रामाधार निवासी अदरी रामपुरवा का डेरा-झंझरीपुरवा से वापस अपने गांव अदरी जा रहा था। तभी चैकी पुरवा के पास तेज लोडर ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इससे वह दूर छिटककर गिर गया।

उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस को जानकारी मिलने पर उसे जसपुरा अस्पताल ले गई। डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। भाई उमेश निषाद ने बताया कि मृतक अपने दोस्त दिलीप की शादी जो गांव से बारात झंझरीपुरवा गई हुई थी। उसमें शामिल होकर सुबह अदरी गांव आ रहा था। तभी यह घटना हो गई। थाना प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ने पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्हौरीसर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# स्वगणना आज से, बैठक में डीएम ने दिए निर्देश



जिला संवाददाता

बांदा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना के संबंध में बैठक हुई। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ सुनिश्चित करें।

बैठक में स्वगणना के नोडल अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय ने स्वगणना कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। बताया कि आठ मई को स्थानीय प्रशासन दिवस के अंतर्गत सभी विकासखंडों में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, ग्राम सभा पदाधिकारियों एवं विकासखंडस्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों की स्वगणना की जाएगी। नौ मई को जनपद के खिलाड़ियों, मीडिया कर्मियों, 10 मई को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों एवं उच्च घनत्व वाले आबादी क्षेत्रों के निवासियों, 11 मई को न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं, 12 मई को पुलिस एवं अन्य वदीर्धारी बलों, 13 मई को केंद्रीय कर्मचारियों डाक, रेलवे, बैंक आदि 15 मई को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों, 16 मई को उद्यमियों, व्यापारियों एवं परिवहन संगठनों, 17 मई को महिला स्वयं सहायता समूहों, 18 मई को डिजिटल एक्सेस के अंतर्गत जनसुविधा केंद्रों, पंचायत भवनों एवं नगरीय निकायों के माध्यम से आमजन की स्वगणना कराई जाएगी।

इसी क्रम में 19 मई को मोबाइल डिवाइस के माध्यम से कार्य करने वाले व्यक्तियों को लक्षित किया जाएगा, 20 मई को एलजीबीटीक्यू व समुदाय से जुड़े परिवारों की स्वगणना सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि जनगणना कार्य के सुचारु संचालन को 62 फील्ड ट्रेनर, 13 चार्ज अधिकारी, 2 मास्टर ट्रेनर सहित पर्याप्त संख्या में प्रगणक तैनात किए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित तिथियों के अनुसार स्वगणना अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो सके। बैठक में अपर जिला अधिकारी कुमार धर्मेंद्र, जिला संख्या अधिकारी एवं समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जनपद में आज से शुरू होगी जनगणना 2027 की प्रक्रिया

ललितपुर। जिले में जनगणना 2027 की प्रक्रिया 7 मई से प्रारंभ होने जा रही है। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना 7 से 21 मई तक चलेगी, जबकि 22 मई से 20 जून तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा। एडीएम ने बताया कि इस जनगणना में कुल 34 प्रश्न शामिल होंगे, जिनमें परिवार एवं मकान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से स्व-गणना में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से पूर्ण हो सके।

उन्होंने बताया कि 7 मई से शुरू होने वाली स्व-गणना प्रक्रिया के तहत परिवार के सदस्य ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी के माध्यम से पंजीकरण कर सकेंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद प्रत्येक परिवार को एक एस.ई. आई.डी. प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। जब प्रगणक घर पहुंचेगा, तब इस आईडी को साझा

**● 21 मई तक स्व-गणनाः एडीएम अंकुर श्रीवास्तव**

करना होगा, जिससे भरे गए डेटा का सत्यापन किया जा सके। नागरिक पोर्टल पर जाकर राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का चयन करेंगे और कैप्चा दर्ज करेंगे। इसके बाद परिवार के मुखिया के नाम, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी (वैकल्पिक) के माध्यम से पंजीकरण किया जाएगा।

पंजीकरण के बाद नाम में बदलाव संभव नहीं होगा तथा प्रति परिवार एक ही मोबाइल नंबर मान्य होगा। पंजीकरण उपरांत उपयोगकर्ता अपनी पसंद की भाषा चुनेंगे और मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करेंगे। इसके बाद जिला, पिन कोड, गांव/कस्बा, मोहल्ला एवं पहचान चिह्न दर्ज कर मानचित्र पर अपने आवास का सटीक चिन्हांकन करना होगा। इसके पश्चात मकान सूचीकरण एवं परिवार संबंधी प्रश्नावली भरनी होगी, जिसकी समीक्षा कर अंतिम सबमिट करना होगा। एडीएम ने बताया कि अंतिम सबमिट के बाद कोई संशोधन संभव नहीं होगा। सफलतापूर्वक प्रक्रिया पूरी होने पर एस.ई. आई.डी., एसएमएस या ईमेल के माध्यम से प्राप्त होगी। यदि प्रगणक द्वारा सत्यापन के दौरान यह आईडी मेल खाती है, तो डेटा को प्रमाणित मान लिया जाएगा, अन्यथा पुनः जानकारी एकत्र की जाएगी।

प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह निर्धारित समयावधि में स्व-गणना प्रक्रिया को पूरा कर सहयोग प्रदान करें, जिससे जनगणना का कार्य समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## निकायों में चल रही योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

बांदा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकाय एवं नगर पंचायतों में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वन्दन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि योजना के अंदर संचालित कार्यों का संबंधित एई और जेई भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना में नाली, सीसी रोड व अन्य

**● नाली, सीसी रोड व अन्य कार्य 31 मई तक करें पूरे**

कार्यों को 31 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। गृहकर निर्धारण एवं वसूली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कमर्शियल एवं सामान्य गृहकर की अलग-अलग वसूली करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। गृहकर वसूली कार्य में तेज गति से कार्य करें। लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जाए। सीवेज एवं जल निकासी कार्य की समीक्षा करते हुए वर्षा से पूर्व सभी नालों की सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री वैश्विक नवोदय योजना के अन्तर्गत पार्कों का निर्माण एवं अन्य कार्यों को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। पेयजल व्यवस्था के अन्तर्गत टैंकरों की व्यवस्था कराये जाने के लिए निर्देश दिये। समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचालित योजनाओं के कार्यों में प्रगति धीमी है, कार्यों में सुधार को मैन पावर को बढाकर कार्य पूर्ण करें अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना की समीक्षा करते हुए कार्यों को तेज गति से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाये जाने एवं रैण्डम चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिये।

सभी अधिशाषी अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रगति लाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत वेंडरों को ऋण स्वीकृत किये जाने के लिए टीम बनाकर वेंडरों का सर्वेक्षण कर उनको लोन दिलाने की कार्यवाही करें। जन्म-मृत्यु पंजीकरण के मामलों में समय से कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## महापुर प्रस्ताव पर अधिवक्ताओं का विरोध

जिला संवाददाता

फतेहपुर जिला बारएसोसिएशन ने सब.रजिस्ट्रार निबंधन कार्यालय को पुरानी तहसील से हटाकर मौजा महापुर में ले जाने के प्रस्ताव का विरोध करते हुएए कार्यालयों को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं का कहना है कि कलेक्ट्रेट परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध हैए वहां कार्यालय रहने से आमजनए अधिवक्ताओं और पंजीयन के लिए आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगीए जबकि दूरस्थ स्थान पर कार्यालय जाने से असुविधाए सुरक्षा जोखिम और भ्रष्टाचार व अवैध वसूली की आशंका बढ़ सकती है ।खबर का एंगल प्रशासनिक स्थानांतरण का नहींए बल्कि जनसुविधा बनाम दूरस्थ स्थान पर दफ्तर शिफ्ट करने के निर्णय का है।

बार एसोसिएशन ने यह भी कहा कि आयकर और बिक्री कर कार्यालयों को भी कलेक्ट्रेट परिसर में ही रखा जाएए ताकि एक ही जगह पर सरकारी सेवाओं की पहुंच आसान हो। ज्ञापन में जिला बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से मौजा महापुर वाले प्रस्ताव को समाप्त कर नया प्रस्ताव बनाकर कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यालय स्थापित कराने की अपील की बारएसोसिएशन का ज्ञापनरू सब.रजिस्ट्रार कार्यालय कलेक्ट्रेट में रखने की मांग महापुर शिफ्टिंग प्रस्ताव का विरोधए अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को भेजा

**● आमजन, अधिवक्ताओं और पंजीयन के लिए आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी**

ज्ञापन आयकर और बिक्री कर कार्यालय भी कलेक्ट्रेट परिसर में हो स्थापितरू जिला बार एसोसिएशन विस्तृत समाचार प्रारूपफतेहपुर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव और मंत्री अनुराग नारायण मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मंगलवार आज जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि रजिस्ट्री कार्यालय को पुरानी तहसील से हटाकर राजस्व ग्राम महापुर में स्थापित करने का प्रस्ताव जनहित में उचित नहीं है।

अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि कार्यालय शहर से लगभग 6 किलोमीटर दूर वीरान क्षेत्र में होगाए जहां आने.जाने वाले लोगों के लिए ठहरने और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है ।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कलेक्ट्रेट परिसर में अतिरिक्त भूमि उपलब्ध हैए इसलिए सब.रजिस्ट्रार निबंधन कार्यालय के साथ आयकर एवं बिक्री कर कार्यालय भी वहीं स्थापित किए जा सकते हैं। बार एसोसिएशन के अनुसार इससे आम नागरिकोंए वकीलों और पंजीयन कार्य से आने.जाने वालों को सुविधा मिलेगीए कामकाज सरल होगा और सेवाएं एक स्थान पर मिल सकेंगी। संगठन ने सरकार से प्रस्ताव पर पुनर्विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है फतेहपुर जिला बार एसोसिएशन ने सब.रजिस्ट्रार निबंधन कार्यालय को पुरानी तहसील से हटाकर मौजा महापुर में स्थापित करने के प्रस्ताव का विरोध किया है।

अध्यक्ष बाबू सिंह यादव और मंत्री अनुराग नारायण मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्यालयों को कलेक्ट्रेट परिसर में ही स्थापित करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि कलेक्ट्रेट परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध हैए जबकि महापुर स्थित प्रस्तावित स्थल मुख्यालय से दूर और असुरक्षित है।

## भू-माफियाओं ने फर्जी दस्तावेजों से हड़पी जमीन

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तालाबपुरा मोहल्ले में जमीन की धोखाधड़ी और जानलेवा धमकी का एक बड़ा मामला सामने आया है। दबंगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक परिवार की पैतृक भूमि को अवैध रूप से बेच दिया और कब्जा

**● विरोध करने पर परिवार को दी जान से मारने की धमकी**

करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित परिवार को हथियारों के बल पर धमकाया। पुलिस ने 17 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### साजिश रचकर बेची करोड़ों की जमीन

तालाबपुरा निवासी शिकायतकर्ता पुष्पेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि उनकी आराजी नंबर 3147 (रकवा 2.82 एकड़) के वह और उनका परिवार वैध मालिक हैं। आरोप है कि क्षेत्र के भू-माफिया मुलायम सिंह, शनि उर्फ अजय और बॉबी यादव ने एक पूर्व नियोजित साजिश के तहत इस जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन लोगों ने यह जानते हुए भी कि जमीन उनकी नहीं है, इसे अन्य कई लोगों (कृपाल सिंह, राजेश, अनिल, सुनील आदि) को बेच दिया और स्टाम्प पेपर पर अवैध कब्जा कराने की कोशिश की।

### घातक हथियारों के साथ हमला और धमकी

घटना का पता तब चला जब सोमवार, 4 मई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे पीड़ित पक्ष अपनी जमीन पर पहुंचा। वहां अवैध कब्जा कर रहे लोगों को जब रोका गया, तो वह उग्र हो गए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पीड़ित परिवार पर घातक हथियारों से हमला करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। दबंगों ने यह भी धमकी दी कि यदि उन्हें रोका गया तो वह परिवार को बलात्कार और छेडखानी जैसे झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भिजवा देंगे।

### इन पर दर्ज हुआ मुकदमा

पुलिस ने पुष्पेन्द्र कुमार जैन की तहरीर पर मुख्य आरोपी मुलायम सिंह, शनि उर्फ अजय, बॉबी यादव, रंधीर उर्फ पप्पू, बहोरन सिंह, कृपाल सिंह, राजेश, अनिल यादव, सुनील यादव, उमा, बृजेश, आकाश सेन, मीना, सौरभ जैन, मयंक जोशी, भारती यादव, किरन और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस धारा 318(4), 61(2), 336(3), 340(2), 352, 131, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया शराब तस्कर

ललितपुर। जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब

**● भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद**

बरामद की गई है, जिसे वह तस्करी के इरादे से ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में उपनिरीक्षक राजेश सिंह अपनी टीम के साथ सोमवार (4 मई) की रात करीब 12.15 बजे प्लेटफॉर्म नंबर एक पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान फुट ओवर ब्रिज के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के ग्राम दरियापुर निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई है। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 90 शीशी अवैध देशी शराब (मसाला) बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी शराब से जुड़े कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका और उसने स्वीकार किया कि वह इसे ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जा रहा था। जीआरपी पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी राजेश सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश सिंह के साथ हेड कांस्टेबल आदि है।

## तुलसी साहित्य अकादमी के कवि सम्मेलन में गूंजी कविता

ललितपुर। तुलसी साहित्य अकादमी संस्था के तत्वावधान में शहर में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के कई प्रतिष्ठित कवियों, साहित्यकारों और रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां

**● हास्य और गीतों की स्वर लहरियां**

सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात शास्त्री शीलचंद्र ने मां शारदा वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मेजबानी कर रहे हास्य कवि काका ललितपुरी ने समय के महत्व पर अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा ठीक समय निपटा सको तुम सब अपने काम, सुबह दुपहरी होत है फिर होती है शाम। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा। कवि अशोक क्रांतिकारी ने अपनी भावपूर्ण पंक्तियों जिंदगी में धूप गम के कद लंबे साए हैं, हम तेरी महफिल में हंसते-हंसते आए हैं सुनाकर कार्यक्रम का शानदार आगाज किया। तरन्नुम के कवि प्रशांत श्रीवास्तव ने अपनी रोमांटिक प्रस्तुति से समां बांध दिया। डा.खेमचंद्र वर्मा ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कविता प्रस्तुत करते हुए मजदूरों और गरीबों की पीड़ा को शब्द दिए। वरिष्ठ कवयित्री विभा ताम्रकार ने पारिवारिक भावनाओं से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। राम स्वरूप अनुरागी ने काका ललितपुरी के जन्मदिन पर सम्मान स्वरूप चार पंक्तियां प्रस्तुत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं सिंचन शास्त्री ने जबलपुर (मध्य प्रदेश) के बरगी डैम की हालिया घटना पर मार्मिक कविता सुनाई, जिसने सभी को भावुक कर दिया। अभिलाष वर्मा ने पर गंभीर रचना प्रस्तुत की, जबकि डा.अश्वनी जैन ने अपने विचार गद्यात्मक शैली में व्यक्त किए।

## वरिष्ठ नागरिकों को जल्द मीटिंग हॉल उपलब्ध कराया जाएः गंधर्व सिंह

ललितपुर। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कचहरी प्रांगण में स्थित श्री 1008 हनुमान मंदिर परिसर में पं.प्रताप नारायण दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न

**● बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई विस्तार से चर्चा**

हुई। बैठक में बारी-बारी से सभी वरिष्ठजनों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार एवं सुझाव रखे। महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि 2 साल से ज्यादा हो गए हैं अभी तक समिति को प्रशासन द्वारा हाल उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने जल्द ही समिति के सभी सदस्यों के साथ मिलकर जिलाधिकारी से मिलने के लिए सभी को एकमत किया। अन्य वरिष्ठजनों ने भी अपने-अपने विचार के माध्यम से वरिष्ठ जनों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में



वरिष्ठ जनों द्वारा जो जो भी सुझाव एवं विचार आए हुए हैं उनको जल्द से जल्द अगली बैठक से पहले निस्तारित किया जाएगा एवं समिति जल्द से जल्द नवीन हॉल के लिए जिलाधिकारी से एक शिष्टाचार भेंट करेगी। बैठक में हंसराज सिंह, सुरेश श्रीवास्तव, अशोक स्वर्णकार, डा.राजेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद कुमार संज्ञा, जगदीश प्रसाद पाराशर, प्रमोद गोस्वामी, डा.एस.पी.पाठक, प्रीतमलाल विश्वकर्मा, आत्माराम रिछारिया, अनिल कुमार रावत, अरुण कुमार बबेले, प्रकाश नारायण देवलिया, रमेश पाठक रविंद्र, शिखरचंद्र जैन मिर्चवारा, राजाराम गोस्वामी, मनजीत सिंह सलूजा, शिवशंकर पाठक, सुरेश कुमार तिवारी, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी, गिरजाशंकर दुबे, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी आदि उपस्थित रहे।

## महिला थाने में की जनसुनवाई से बड़ा भरोसा



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को महिला थाने में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की विभिन्न शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर दर्जनों महिलाओं और आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं को रखाए जिनमें पारिवारिक विवादए घरेलू हिंसाए संपत्ति विवाद और अन्य सामाजिक मुद्दे प्रमुख थे ।जनसुनवाई के दौरान एसपी मांगलिक ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक नोट किया और संबंधित विभागों केअधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्णए निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उपस्थित थाना प्रभारीए सब.इंस्पेक्टर एवं अन्य स्टाफ को सख्त हिदायत दी गई कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलताए पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखी जाए ।एसपी ने कहाए ष्पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा है। महिला थाने जैसी संवेदनशील इकाई में जनसुनवाई से न केवल शिकायतों का समाधान तेजी से होता हैए बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास भी मजबूत होता है ष उन्होंने अधिकारियों को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी आदेश दियाए ताकि कोई शिकायत लंबित न रहे ।इस जनसुनवाई में करीब 25 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईंए जिनमें से कई का प्रारंभिक निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी सीमा सिंहए विभिन्न एसआई और स्थानीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। एसपी मांगलिक ने भविष्य में ऐसी जनसुनवाइयों को नियमित बनाने की घोषणा भी कीए जिससे जिले की महिलाओं को न्याय मिल सके।

## ललौली थाने में महिला ने खाया जहर

फतेहपुर। फतेहपुर में थाना ललौली क्षेत्र से जुड़ा यह मामला पुलिस कार्रवाईए काउंसिलिंग और महिला के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उसके खतरे से बाहर होने को लेकर चर्चा में है । पेपर के लिए इसे एक संवेदनशील क्राइम.रिपोर्ट शैली में विस्तार दिया जा सकता हैए जिसमें घटना क्रमए पुलिस का पक्षए महिला के बयान और आगे की विधिक कार्रवाई को साफ.साफ रखा जाए ।विस्तृत समाचार मसौदाफतेहपुर। थाना ललौली क्षेत्र में एक पूर्वविवाहित महिला और उसके ससुराल पक्ष के एक युवक से जुड़े मामले ने उस समय नया मोड़ ले लियाए जब काउंसिलिंग के दौरान महिला ने थाने परिसर के बाहर जाकर जहरीला पदार्थ पी लिया। पुलिस के अनुसार महिला काफी समय से अपने पति से अलग रह रही थी और इसी दौरान उसका संपर्क अपनी ससुराल के एक युवक से हुआए जिसके साथ वह कुछ समय तक साथ भी रही। बाद में युवक रोजगार के लिए पुणे चला गया और संपर्क बंद कर दियाए जिसके बाद महिला ने थाना ललौली में प्रार्थना पत्र देकर युवक को सामने बुलाने और संबंध रहे हों तो विवाह करने की बात कही ।प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने पुणे में नौकरी कर रहे युवक को तलब किया और दोनों कीकाउंसिलिंग शुरू कराई। इसी दौरान महिला अचानक आहत होकर थाने से बाहर निकली और पास की एक दुकान से डाई खरीदकर पी ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल अस्पताल भिजवायाए जहां उसका उपचार कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार महिला अब खतरे से बाहर है पुलिस ने बताया कि महिला के परिजनों से तत्काल तहरीर ली गईए जिसमें आरोप लगाया गया कि युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और अब विवाह से इंकार कर रहा है। तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। महिला के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी ।पुलिस का पक्षपुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की बाइट के आधार पर यह मामला अब कानूनी प्रक्रिया में आगे बढ़ चुका है ।पुलिस का कहना है कि महिला की तबीयत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैए जबकि युवक के खिलाफ दर्ज मुकदमे पर आगे की जांच की जा रही है ।

## जिला अस्पताल पहुंचे डीएम, मरीजों का जाना हाल



बांदा। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी अमित आसेरी ने वार्डों का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से वार्ता की। उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, मरीजों एवं उनके तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।-

## स्टेशन मार्ग पर डंपर पर गिरा हाईटेंशन तार



● सतर्कता से टला बड़ा हादसा

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के स्टेशन मार्ग पर मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क से गुजर रहे एक डंपर के ऊपर अचानक हाईटेंशन विद्युत तार टूटकर गिर गया। घटना के बाद मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि तार गिरते ही डंपर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को बीच सड़क पर ही रोक दिया और नीचे उतरने की जल्दबाजी नहीं की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल विद्युत विभाग से संपर्क कर बिजली आपूर्ति बंद कराई गई, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक तार टूटकर गिरने से मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी। हालांकि राहत की बात रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। नई बस्ती चैकी प्रभारी आलोक सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं सूचना पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने टूटे हुए तार को हटाने और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। घटना के चलते कुछ समय तक स्टेशन मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और विद्युत विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

## गोत्र पर अटकी शादी, हुआ हंगामा, थाने में सुलह के बाद लौटी बारात



बांदा। जसपुरा कस्बे में स्थित एक मैरिज हाल में मंगलवार रात एक शादी उस वक्त बवाल में बदल गई, जब भांवर के दौरान गोत्र पूछे जाने पर विवाद भड़क उठा। जयमाला तक सब कुछ ठीक चला, लेकिन सात फेरे से पहले ही रिश्ते में दरार आ गई। इटावा जिले के बसेवर थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय रिया तिवारी की शादी ग्राम अमारा निवासी प्रभू निषाद से तय थी। दोनों पक्ष जो वर्षों से सूरत में रह रहे थे वही उनकी शादी तय हुई थी। लड़की पक्ष पूरे इंतजाम के साथ जसपुरा पहुंचा था। अमारा से आई बारात का भव्य स्वागत हुआ द्वारचार और जयमाला हंसी-खुशी निपट गए। लेकिन जब भांवर के समय पंडित ने लड़के का गोत्र पूछा तब आरोप है कि लड़का पक्ष स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। इसी बात पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते शादी का मंच विवाद का अखाड़ा बन गया। फेरे रुक गए, माहौल गरमा गया। तनाव इतना बढ़ा कि बुधवार सुबह लड़की की मां मधु तिवारी बेहोश हो गईं। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जसपुरा ले जाया गया। वहीं से पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी ऋषिदेव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर घंटों बातचीत कराई। लड़की पक्ष का आरोप था कि लड़के ने खुद को पाठक बताकर रिश्ता तय कराया, जबकि लड़का पक्ष का कहना था कि वह निषाद जाति से है और यह बात पहले से बताई गई थी। कई घंटे चली पंचायत के बाद आखिरकार थाने में सुलह हो गई और मामला शांत कराया गया। हालांकि यह अनोखी शादी पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी रही जहां जयमाला के बाद गोत्र ने फेरे रोक दिए और शादी थाने तक पहुंच गई।

संक्षेप

## भारत पर बाहरी आर्थिक झटकों का रहेगा दबाव

नईदिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया रिसर्च चैप्टर ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट इंडिया फॉरवर्डः स्ट्रैटेजिक इंपरेटिव में कहा है कि पश्चिम एशिया युद्ध से हुई ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति बाधाएं भारत के लिए व्यापक आर्थिक दबाव पैदा कर रही हैं। इस संघर्ष ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य से जुड़े ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया है इस रिपोर्ट के कुछ प्रमुख निष्कर्ष इस प्रकार हैः भारत के व्यापक आर्थिक लचीलेपन की परीक्षाः पश्चिम एशिया युद्ध हाल के वर्षों में भारत की सहनशीलता की सबसे बड़ी परीक्षा है जिसमें अब तक के सबसे बड़े ऊर्जा संकट ने माल ढुलाई और बीमा लागत, आपूर्ति श्रृंखलाओं और उर्वरकों पर भी असर डाला है। संघर्ष लंबा खिंचने से भारत का जोखिम प्रबंधन पर ध्यान, तत्काल बफर से मध्यम और दीर्घकालीन रणनीतियों की ओर जा रहा है।

## निसान ने देशभर में शुरू किया एसी चेक-अप कैंप

गुरुग्राम। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने देशभर में एसी चेक-अप कैंप शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को गर्मी के मौसम में अपने वाहनों के एसी सिस्टम की प्रभावी जांच, बेहतर कूलिंग प्रदर्शन सुनिश्चित करने और सफर को अधिक आरामदायक बनाने में सहायता करना है। भारत में निसान के 125 अधिकृत सर्विस टचपॉइंट्स पर 15 जून, 2026 तक यह चेक-अप कैंप चलाया जाएगा। इस कैंप के तहत निसान के प्रशिक्षित पेशेवर लोग 12-पॉइंट्स पर एसी की जांच करेंगे। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गाड़ी का एसी सिस्टम गर्मियों के लिए तैयार है और सही काम कर रहा है। ग्राहक कॉम्प्लिमेंटरी टॉप वॉश, पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ सर्विस और वैल्यू एडेड सर्विसेज एवं चुनिंदा पेड लेबर चार्ज पर 10 प्रतिशत तक की छूट जैसे समर ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते हैं।

## जेएलआर इंडिया ने यूके से आयातित रेंज रोवर के सीबीयू मॉडल्स की कीमतों में की भारी कटौती

मुंबई। भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के संभावित क्रियान्वयन को देखते हुए, जेएलआर इंडिया ने आज यूके से आयातित रेंज रोवर मॉडल्स की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। संशोधित ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण कीमतों में हुआ यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इस घोषणा के अनुसार, रेंज रोवर एसवी की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत रुपये 4.25 करोड़ से घटाकर रुपये 3.50 करोड़ कर दी गई है। कीमत में इस बड़ी कटौती के साथ-साथ कंपनी ने इसके आकर्षण को और बढ़ाते हुए पहली बार एसवी अल्ट्रा मेटैलिक पेंट्स को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में शामिल किया है। इसी तरह रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी की कीमत भी रुपये 2.75 करोड़ से घटाकर अब रूपये 2.35 करोड़ (शुरूआती एक्स-शोरूम) कर दी गई है, जिससे प्रीमियम लग्जरी सेगमेंट में इसकी बाजार स्थिति और अधिक मजबूत हुई है।

## आईटेल ए100सी न्यू लॉन्च

नयी दिल्ली। भारत के प्रमुख टेक ब्रांड्स में से एक आईटेल ने हाल ही में अपना नया ब्लॉकबस्टर और डिजाइनर स्मार्टफोन ए100सी न्यू लॉन्च किया है। आकर्षक डिजाइन के साथ यह फोन लोगों का ध्यान खींचने के लिए तैयार है और किफायत तथा मजबूती का बेहतरीन मेल पेश करता है। ए100सी न्यू स्मार्टफोन में मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफिकेशन दिया गया है, जो उपयोगकर्ताओं को बेहतरीन मजबूती और भरोसेमंद सुरक्षा प्रदान करता है। यह स्मार्टफोन 2+4जीबी रैम और 64जीबी रॉम के साथ उपलब्ध है। 15 करोड़ से अधिक ग्राहकों, 1.3 लाख से ज्यादा रिटेल आउटलेट्स और 1000+ सर्विस सेंटर नेटवर्क के साथ आईटेल भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स में से एक है। आईटेल 10,000 रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में सबसे टिकाऊ और भरोसेमंद मोबाइल ब्रांड है। यह स्मार्टफोन मात्र 7,999 रुपये की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है।

## वनप्लस पैड 4 की सेल शुरू

नयी दिल्ली। वनप्लस ने आज वनप्लस पैड 4 की सेल शुरू कर दी। यह लेटेस्ट फ्लैगशिप टेबलेट पोर्टेबल रहते हुए बिल्कुल कंप्यूटर जैसी परफॉर्मेंस, बेहतरीन विज्युअल और प्रोडक्टिविटी प्रदान करने के लिए बनाई गई है। इसका शुरूआती मूल्य 54,999 रुपये है और यह बैंक ऑफरों के साथ अमेजॉन.इन, फ्लिपकार्ट, वनप्लस.इन, वनप्लस स्टोर ऐप, वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर और चुनिंदा ऑफलाइन पार्टनर्स पर उपलब्ध है। स्थिर परफॉर्मेंस के लिए इस टेबलेट में 40,760 मिमी2 के विस्तृत आकार में एडवांस्ड क्रायो-वैलोसिटी कूलिंग सिस्टम, वेपर चैंबर और अपग्रेडेड ग्रेफाईट कंपोज़िट दिया गया है, जो भारी उपयोग के दौरान भी डिवाइस को कूल रखता है।

# सेंसेक्स में 941 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत में प्रगति के दावे के बाद बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली।

कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह I,004.99 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,022.78 अंक पर पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख ने भी स्थानीय बाजार को समर्थन दिया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन में सबसे ज्यादा 6.6 प्रतिशत का उछाल आया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और पश्चिम एशिया संकट के बीच एयरलाइन कंपनियों के लिए ऋण सुविधा की घोषणा से कंपनी के शेयर में तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और इटर्नल के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई। लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड और एनटीपीसी के शेयरों में भी गिरावट रही। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.25 प्रतिशत चढ़ गया। मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप में 2.10 प्रतिशत का लाभ रहा। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षा देने के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम को स्थगित कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौते की दिशा में बातचीत में प्रगति हुई है। मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, ईरान के प्रतिनिधियों के साथ एक पूर्ण और अंतिम समझौते की दिशा में काफी प्रगति हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की वजह से फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए सोमवार को प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया गया था। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप का बयान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के इस ऐलान के कुछ घंटों बाद आया है कि 28 फरवरी को शुरू किया गया ऑपरेशन एपिक फ्यूरी खत्म हो गया है और इसके मकसद पूरे हो गए हैं। इस बीच, वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चा तेल आठ प्रतिशत टूटकर 101.1 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। यह काफी हद तक वैश्विक कारकों की वजह से था। अमेरिका-ईरान शांति समझौते को लेकर नई उम्मीद की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है, जिससे भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था को काफी राहत मिली है।

# रुपया 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बुधवार को 61 पैसे चढ़कर 94.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत देने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से रुपया मजबूत हुआ है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये पर पड़ रहे भारी दबाव को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रा को समर्थन देने के लिए सक्रिय रूप से एक अप्रत्यक्ष रणनीति भी अपना रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95 पर खुला। कारोबार के दौरान टूटकर 95.18 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंततः 94.57 (अस्थायी) पर बंद रहा जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार का सीधे उपयोग किए बिना मुद्रा को समर्थन देने के तरीकों की तलाश कर रहा है। जिन विचारों पर चर्चा हो रही है उनमें से एक यह है कि सरकारी बैंकों को विदेशी मुद्रा बॉन्ड के माध्यम से धन जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए जिससे प्रणाली में डॉलर का नया प्रवाह लाने में मदद मिल सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.79 पर रहा।

घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 940.73 अंक चढ़कर 77,958.52 अंक जबकि निफ्टी 298.15 अंक की बढ़त के साथ 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 8.25 प्रतिशत गिरावट के साथ 100.81 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने 3,621.58 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे प्रोजेक्ट फ्रीडम को भी निलंबित कर दिया है। साथ ही दावा किया कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते की दिशा में बातचीत में प्रगति हुई है।

## विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि रुझान मार्च तिमाही में सकारात्मक

नयी दिल्ली। बढ़ती लागत और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का वृद्धि रुख सकारात्मक बना रहा। बुधवार को उद्योग मंडल फिक्की के एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही के दौरान उत्पादन स्तर में मजबूती देखने को मिली।

लगभग 93 प्रतिशत कंपनियों ने वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में उत्पादन को पिछले स्तर के बराबर या उससे अधिक बताया, जबकि तीसरी तिमाही में यह आंकड़ा 91 प्रतिशत था। घरेलू मांग को लेकर भी कंपनियों का भरोसा कायम रहा और 89 प्रतिशत प्रतिभागियों ने बेहतर या समान ऑर्डर मिलने की उम्मीद जताई। हालांकि, क्षमता उपयोग में हल्की गिरावट दर्ज की गई और यह पिछली तिमाही की तुलना में घटकर करीब 72 प्रतिशत रह गया। इसके बावजूद अगले छह महीनों के लिए निवेश का दृष्टिकोण स्थिर बना हुआ है और कंपनियां विस्तार की योजना बना रही हैं। सर्वेक्षण में शामिल 250 से अधिक विनिर्माण इकाइयों का कुल वार्षिक कारोबार आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें वाहन, पूंजीगत उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनी उपकरण, धातु और वस्त्र जैसे आठ प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

## निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ शांति वार्ता में प्रगति के दावे और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। तेजी के इस दौर के बीच निवेशकों की पूंजी 5.99 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह I,004.99 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,022.78 अंक पर पहुंच गया था। इससे बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 5,99,107.83 करोड़ रुपये बढ़कर 4,72,80,559.98 करोड़ रुपये (4,970 अरब डॉलर) हो गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 6.95 प्रतिशत घटकर 102.2 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## मजबूत वैश्विक संकेतों से चांदी वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बुधवार को चांदी की कीमत 10,368 रुपये बढ़कर 2.54 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मजबूत वैश्विक संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद महंगाई को लेकर चिंता कम होने से चांदी के वायदा भाव में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के जुलाई महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 10,368 रुपये यानी 4.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,54,684 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इसमें 7,193 लॉट का कारोबार हुआ। चांदी की कीमतें अहम समर्थन स्तर से उबर गई हैं। इसका कारण पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों से तेल की कीमतों पर दबाव पड़ा है।

## वस्तुओं, सेवाओं का निर्यात बीते वित्त वर्ष 4.6 प्रतिशत बढ़कर 863.11 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 4.6 प्रतिशत बढ़कर 863.11 अरब डॉलर के अबतक के उच्चस्तर पर पहुंच गया है। वाणिज्य मंत्रालय के बुधवार को जारी संशोधित आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 825.26 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वित्त वर्ष में वस्तुओं का निर्यात 0.93 प्रतिशत बढ़कर 441.78 अरब डॉलर रहा, जो 2024-25 में 437.70 अरब डॉलर था। एक अधिकारी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और वस्तुओं के व्यापार में चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात में बढ़ोतरी हुई और इसने कुल निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हालांकि, सेवाओं के निर्यात क्षेत्र का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। यह 2024-25 के 387.55 अरब डॉलर की तुलना में 2025-26 में बढ़कर सर्वकालिक उच्चस्तर 421.32 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यानी सेवाओं का निर्यात 8.71 प्रतिशत बढ़ा। सेवाओं के निर्यात में यह तेज बढ़ोतरी सूचना प्रौद्योगिकी, कारोबारी समाधान और पेशेवर विशेषज्ञता जैसी सेवाओं की बढ़ती वैश्विक मांग को दर्शाती है।


# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर उच्च स्तर पर



नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 58.8 पर पहुंच गई। नए ऑर्डर और उत्पादन में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च के 57.5 से बढ़कर अप्रैल में 58.8 हो गया जो पिछले नवंबर के बाद विस्तार की सबसे मजबूत दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। यह सूचकांक एक प्रश्न पर आधारित होता है, जिसमें पूछा जाता है कि व्यापारिक गतिविधि का स्तर पिछले महीने की तुलना में कैसा है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों के अनुसार, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण, ई-कॉमर्स और विशेष रूप से स्थानांतरण (रिलोकेशन) तथा लॉजिस्टिक्स सेवाओं की मजबूत मांग ने बिक्री वृद्धि को बढ़ावा दिया। अप्रैल में भारत का सेवा पीएमआई पांच माह के उच्च स्तर 58.8 पर पहुंच गया। नए ऑर्डर मजबूत हुए। हालांकि नए निर्यात ऑर्डर में नरमी आई जिससे संकेत मिलता है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच मांग विदेशों से घरेलू उपभोक्ताओं की ओर स्थानांतरित हो रही है। भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग कमजोर पड़ी। कंपनियों ने संकेत दिया कि पश्चिम एशिया में युद्ध और कमजोर पर्यटन ने विस्तार की गति को प्रभावित किया। सेवा कंपनियों ने अपने परिचालन खर्चों में एक बार फिर उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल में मुद्रास्फीति की दर में कमी आने के बावजूद, यह नवंबर 2024 के बाद से उच्चतम स्तरों में से एक बनी रही। कंपनियों ने खाद्य पदार्थ (खाना पकाने का तेल, अंडे, मांस और सब्जियां), गैस तथा श्रम लागत और गैस की कमी का इसकी वजह बताया। इन अतिरिक्त लागतों का हालांकि केवल एक हिस्सा ही ग्राहकों पर डाला गया, जैसा कि बिक्री कीमतों में वृद्धि से संकेत मिलता है। कुल शुल्क मुद्रास्फीति दर तीन माह के निचले स्तर पर आ गई। भारतीय सेवा कंपनियां अगले 12 महीनों में उत्पादन बढ़ने को लेकर आश्वस्त हैं। हालांकि सकारात्मक भावना का स्तर मार्च की तुलना में घटा जो पश्चिम एशिया संकट और लागत दबावों की चिंताओं का असर दर्शाता है। रोजगार के मोर्चे पर, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही की शुरुआत में कंपनियों ने अधिक कर्मचारियों की भर्ती की। उनके अनुसार, नए कारोबार की बढ़ती मात्रा के कारण अल्पकालिक कर्मचारियों और कनिष्ठ स्तर के प्रशिक्षुओं की भर्ती बढ़ी।

# कच्चे तेल 11 प्रतिशत टूटकर 8588 रुपये प्रति बैरल, ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर से नीचे




नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत बुधवार को 11 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 8,588 रुपये प्रति बैरल पर आ गई। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते के संकेतों के बीच वैश्विक तेल मानकों में तेज गिरावट के साथ वायदा बाजार में तेल के दाम घटे हैं।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव I,110 रुपये यानी 11.45 प्रतिशत फिसलकर 8,588 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 12,132 लॉट का कारोबार हुआ। इसी तरह, जून अनुबंध का भाव भी I,098 रुपये यानी 11.69 प्रतिशत टूटकर 8,298 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 4,274 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष समाप्त करने एवं व्यापक परमाणु वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से प्रारंभिक समझौते के करीब पहुंचने की खबरों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी तेज गिरावट आई। ब्रेंट तेल के जुलाई अनुबंध की कीमत 11.57 डॉलर या 10.53 प्रतिशत फिसलकर 98.30 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 12.39 डॉलर यानी 12.11 प्रतिशत टूटकर 89.88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे प्रोजेक्ट फ्रीडम को भी निलंबित कर दिया है। साथ ही दावा किया कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते की दिशा में बातचीत में प्रगति हुई है।

## पेज एक का शेष

### भारत-वियतनाम

शुरू की। वह तीन दिवसीय यात्रा पर आए हैं और एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे हैं।

मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, एक दशक पहले, वियतनाम आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) में भारत का पहला व्यापक रणनीतिक साझेदार बना। तब से, हमारे संबंधों ने तीव्र और व्यापक प्रगति की है। उन्होंने कहा, इस मज़बूत नींव पर आगे बढ़ते हुए, आज हम अपने संबंधों को बेहतर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और भी ऊंचे लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा सहयोग हर क्षेत्र में नए स्तरों तक पहुंचेगासंस्कृति, संपर्क और क्षमता निर्माण के साथ-साथ सुरक्षा, स्थिरता और आपूर्ति शृंखला की मजबूती में भी। उन्होंने कहा कि भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले दशक में दोगुना होकर 16 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और अब इसे 2030 तक 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मोदी ने दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित अनेक समझौतों का भी हवाला दिया, ताकि इस बात पर जोर दिया जा सके कि आने वाले समय में आर्थिक साझेदारी में उल्लेखनीय तेज़ी आने की उम्मीद है।

### मोदी के

किया जाएगा जिसे पूरे राज्य में रवींद्र जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है। इससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता की झलक नजर आएगी। प्रदेश भाजपा सूत्रों के अनुसार, राजनीतिक हलकों में इस तारीख के चयन को भाजपा द्वारा बंगाल की सांस्कृतिक परिकल्पना में अपने ऐतिहासिक उदय को स्थापित करने और तृणमूल कांग्रेस द्वारा इसे बंगाल की भाषाई एवं बौद्धिक लोकाचार से अलग बाहरी लोगों की पार्टी बताए जाने का मुकाबला करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### हिमंत शर्मा

को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया और साथ ही उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने भी इस्तीफा सौंप दिया।

पोस्ट में कहा गया कि राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नयी सरकार के पदभार संभालने तक शर्मा से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने का अनुरोध किया है। बाद में लोक भवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में शर्मा ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 11 मई के बाद होने की संभावना है। उन्होंने कहा यह ऐतिहासिक जीत है, इसलिए हमने इस अवसर पर उपस्थित होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सूचित किया है कि नरेन्द्र मोदी 11 मई तक व्यस्त हैं और उसके बाद ही राज्य का दौरा कर सकेंगे।

### विजय ने

हासिल करने की कोशिश कर रही है, लेकिन अब तक उनकी ओर से कोई सकारात्मक संकेत नहीं मिला है। ये सभी दल द्रमुक गठबंधन का हिस्सा हैं। हाल ही में हुए चुनावों में टीवीके ने 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में 108 सीटें जीती हैं, जबकि सरकार बनाने के लिए 118 सीटों का आंकड़ा आवश्यक है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, विजय 7 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। चुनाव परिणामों के अनुसार, द्रमुक 59, अन्नाद्रमुक को 47, कांग्रेस को पांच, पीएमके को चार, आईयूएमएल, भाकपा, माकपा एवं वीसीके को दो-दो सीटें मिली हैं। वहीं भाजपा, डीएमडीके और एएमएमके को एक-एक सीट प्राप्त हुई।

### अब बदल

ग्रिड, राडार, जीपीएस, बैंकिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम को बाधित करना या अपने नेटवर्क को सुरक्षित व अभेद्य बनाना, नई सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। सेटेलाइट्स के माध्यम से निगरानी, खुफिया जानकारी और नेविगेशन अब युद्ध की आंख और दिमाग बन चुके हैं। अब लड़ाई सिग्नल्स और डेटा के माध्यम से भी लड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर युद्ध जैसी स्थितियों ने यह स्पष्ट किया है कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता कितनी आवश्यक है। कुछ वर्ष पहले भारत का रक्षा निर्यात लगभग 600 करोड़ रुपये ही था, लेकिन निरंतर प्रयासों से आज हमारी सामर्थ्य 38 हजार से 50 हजार करोड़ रुपये तक के रक्षा उत्पाद निर्यात करने की है।

### सीएम योगी

को देखकर हर-हर महादेव का जयकारा लगाया। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, रविंद्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पाकिस्तान के

पाकिस्तानी टीमों को भारत में खेलने की अनुमति देंगे। इसमें कहा गया, अंतरराष्ट्रीय और बहु राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में, चाहे वे भारत में हों या विदेश में, हम अंतरराष्ट्रीय खेल संचालन संस्थाओं की कार्यप्रणाली और अपने स्वयं के खिलाड़ियों के हितों से निर्देशित होते हैं। इसके अनुसार, इसे देखते हुए भारतीय टीमें और व्यक्तिगत खिलाड़ी उन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे जिनमें पाकिस्तान की टीमें या खिलाड़ी भी शामिल होते हैं। इसी तरह पाकिस्तानी खिलाड़ी और टीमें भारत द्वारा आयोजित ऐसी बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगी। इस नीति की घोषणा सबसे पहले पिछले साल अगस्त में की गई थी। यह घोषणा तब हुई जब यूएई में हुए क्रिकेट के एशिया कप में भारत के भाग लेने को लेकर काफी हंगामा मचा था। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान भी खेल रहा था और इसका आयोजन पहलगाम आतंकी हमले के कुछ ही महीनों बाद हुआ था जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

### होर्मुज नहीं

पक्ष अंतरराष्ट्रीय समुदाय के इस मजबूत आह्वान पर जल्द से जल्द प्रतिक्रिया देंगे। खास बात यह कि वांग ने ईरान की परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। ट्रंप ईरान से समृद्ध यूरेनियम के भंडार सौंपने और तेहरान से 20 साल तक परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता जताने की मांग कर रहे हैं। वांग ने अराघची से कहा, चीन ईरान की परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता की सराहना करता है, और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के ईरान के वैध अधिकार की पुष्टि करता है। ईरान के विदेश मंत्री, जो फरवरी के अंत में अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद बीजिंग की अपनी पहली यात्रा पर हैं, ने वांग को युद्ध समाप्त करने के लिए वाशिंगटन के साथ जारी बातचीत के बारे में जानकारी दी।

### जालंधर व अमृतसर

तेज आवाज में धमाके की सूचना मिली। उन्होंने कहा, हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। एसएसपी ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि किसी व्यक्ति ने चारदीवारी की ओर विस्फोटक उपकरण फेंका और उससे धमाका हो गया। विस्फोट के बाद टिन की शीट का एक टुकड़ा गिर गया, जो दीवार पर लगा था। विस्फोट के बाद फॉरेंसिक टीम और बम निष्क्रिय दस्ता घटनास्थल पहुंचा। अमृतसर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आदित्य एस. वारियर भी घटनास्थल पहुंचे और उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि सैन्य अधिकारियों की एक टीम ने भी घटनास्थल पर स्थिति का जायजा लिया, जिसके बाद इलाके में घेराबंदी की गई। रात के समय हुए इस विस्फोट को आसपास के सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है। विस्फोट से एक स्कूटर और एक ट्रैफिक सिग्नल का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया तथा पास की एक दुकान के शीशे टूट गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंजाब फ्रंटियर स्थित बीएसएफ मुख्यालय के बाहर खड़े स्कूटर में आग लग गई। यह स्कूटर गुरप्रीत सिंह का था, जो नियमित रूप से इलाके में पार्सल पहुंचाते हैं।

### उत्तराखंड : सुरक्षा

की आयु पूरी होते ही उन्हें स्वतः पेंशन मिल सके। साथ ही, आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने के निर्देश भी दिए गए।

मुख्यमंत्री धामी ने योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए आय सीमा को यथार्थपरक बनाने और सभी जानकारियों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसके अलावा, लाभार्थियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए कॉल सेंटर प्रणाली को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। समाज कल्याण मंत्री खजान दास ने कहा कि सरकार पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, जिससे योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, निदेशक समाज कल्याण डॉ. संदीप तिवारी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### यूपी : 75 जिलों

आलू, मथुरा का पेड़ा, छप्पन भोग, माखन मिश्री, रबड़ी, अलीगढ़ के डेयरी उत्पाद, कचौड़ी, इमरती, इगलास के चमचम, हाथरस की रबड़ी, कासगंज की मूंग का दलमा, कलाकंद, सोन पपड़ी, सोरों की मोठ की चाट, एटा की चिकोरी/घेवर पूड़ी, अयोध्या की कचौरी/टिकिया/पेड़ा/कुल्हड़ वाली दही जलेबी, सुलतानपुर का पेड़ा/समोसा/पूड़ी और कोहड़े की सब्जी/लाल पेड़ा, बाराबंकी की चंद्रकला मिठाई/लाल पेड़ा, अमेठी की समोसा/गुड़ की खीर/गुलगुला/बड़ी वाली पूड़ी, अंबेडकर नगर की बालूशाही/चाट/खजाना/लाल गन्ने की गोटी, आजमगढ़ की तहरी (मूंग दाल की)/सफेद गाजर का हलवा/लौंगलता, बलिया का सत्तू आधारित उत्पाद/बाटी-चोखा, मऊ की लिट्टी-चोखा/गोंठा की भेली, बरेली की सेवइयां/बर्फी/ छोले-भटूरे/चाट, बदायूं का खोआ आधारित मिठाई/पेड़ा/ पेड़े/लौंज, पीलीभीत की जलेबी/खोआ मिठाई/लस्सी/लौंज, शाहजहांपुर का लौंग बर्फी/गुड़/समोसे/खुरचन, बस्ती का ठेकुआ/पूरी-सब्जी/सिरका/गुड़, संत कबीर नगर का खोआ आधारित मिठाई/समोसा/पेड़ा, सिद्धार्थनगर का खोआ आधारित मिठाई (राम-कचौरी)/मखाना/कालानमक चावल/रामकटोरी, बांदा की सोहन हलवा/बालूशाही, चित्रकूट का मावा, हमीरपुर का बुंदेली व्यंजन (दाल भरे/डुबरी फरा/महुआ बर्फी/माड़े/सन्नाटा), महोबा का दाल बाफला/तिलकुट/देसावरी पान/खजूर का गुड़, गोंडा की इटियाथोक का दही बड़ा व कचौड़ी, बहराइच का चमचम, बलरामपुर की नारियल बर्फी/कलाकंद/ घमंजा/चाट, श्रावस्ती की इमरती, गोरखपुर की लिट्टी-चोखा/लहसुन वाले छोले समोसे/ बर्फी, महाराजगंज की लिट्टी-चोखा/खोआ आधारित मिठाई (राम-कचौरी)/गुड़/मीठा समोसा, देवरिया का मालपूआ/लिट्टी-चोखा/दही/गुड़ की जलेबी, कुशीनगर का केला चिप्स/पेड़ा/लाल खोरमा, झांसी की दाल बाफला/बालूशाही, जालौन के रसगुल्ले/गुझिया, ललितपुर की दूध हलवा/बाजरे की रोटी, कानपुर का समोसा/लड्डू/मलाई मक्खन (मलइयो), कानपुर देहात की खाद्य तेल/लस्सी, औरैया का शुद्ध देसी घी/दूध बर्फी मिठाई/बालूशाही/ गुड़, इटावा का सरसों आधारित उत्पाद (सरसों की चटनी/सलाद) मट्ठा के आलू/खीर मोहन, फरुर्खाबाद का दालमोठ/भुने आलू व शामली की गुड़ आधारित उत्पाद/चाट/मिठाई।

### पाकिस्तान के

टास्क सौंपे जा रहे हैं। इनके माध्यम से संवेदनशील संस्थानों, पुलिस सस्थानों तथा पुलिस अधिकारियों-कर्मियों पर हमलों की साजिश में थे। आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहे है।,




# हैदराबाद ने पंजाब को दिया 236 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : क्लासन-ईशान के अर्धशतक, नीतीश ने नाबाद 29 रन बनाये, तीन बॉलर्स को 1-1 विकेट

एजेंसी



हैदराबाद । आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 236 रन का टारगेट दिया है। पंजाब ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 235 रन बनाए। हैदराबाद के लिए हेनरिक क्लासन और ईशान किशन ने अर्धशतक लगाए। क्लासन ने 43 बॉल पर 69 और ईशान ने 32 बॉल पर 55 रन बनाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई। क्लासन और नीतीश रेड्डी (29*) के बीच चौथे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई। इसके अलावा अभिषेक शर्मा (35) और ट्रैविस हेड (38) ने 55 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पंजाब के लिए लॉकी फर्ग्यूसन, विजयकुमार वैशाख, युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला। विजयकुमार ने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर क्लासन को आउट किया।

बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में क्लासन गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और लॉन्ग-ऑफ पर यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 43 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रफल्र ने 20 ओवर में 235 रन बनाए। 18वें ओवर में क्लासन ने दो रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। फर्ग्यूसन की धीमी गेंद को क्लासेन ने लॉन्ग-ऑन की ओर खेलकर तेजी से दो रन लिए और शानदार फिफ्टी तक पहुंचे। अर्शदीप सिंह ने शानदार वापसी करते हुए ईशान किशन की विस्फोटक पारी का अंत किया। धीमी और शॉर्ट गेंद पर ईशान पुल शॉट को सही टाइम नहीं कर सके और डीप मिडविकेट पर सूर्यांश शेडगे ने अच्छा कैच पकड़ लिया। ईशान 32 गेंदों में 55 रन बनाकर आउट हुए। ईशान और क्लासन के बीच तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई। ईशान किशन ने विजयकुमार वैशाख के ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए लगातार तीन छक्के जड़े। इस ओवर से कुल 21 रन आए। ईशान ने 92 मीटर का लंबा छक्का लगाते हुए सिर्फ 29 गेंदों में अपना अर्धशतक भी पूरा किया। वहीं क्लासन ने भी स्ट्राइक रोटेट कर उनका अच्छा साथ निभाया। ईशान किशन को जीवनदान, कोनोली से कैच छूटा8वें ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर ईशान किशन का आसान कैच छूट गया। ईशान ने लॉकी की मिडिल स्टंप पर शॉर्ट बॉल डीप स्क्वेयर लेग की ओर खेला खेला। जहां कूपर कोनोली खड़े थे।

गेंद सीधे कोनोली के हाथ में आई। लेकिन आखिरी क्षण में कैच छूटा गया। हालांकि, कोनोली ने बाउंड्री बचा ली। यहां ईशान 9 रन पर खेल रहे थे। चहल की बॉल पर क्लासन का कैच ड्रॉप9वें ओवर में युजवेंद्र चहल की गेंद पर हेनरिक क्लासेन को जीवनदान मिल गया।लेग स्टंप के बाहर फुल गेंद पर क्लासेन ने स्वीप खेला, लेकिन टॉप-एज लग गया।गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर सीधे फील्डर के पास गई।शशांक ने दोनों हाथ लगाए, लेकिन कैच नहीं पकड़ पाए और गेंद छूट गई। ईशान को दूसरा जीवनदान, इस बार फर्ग्यूसन से कैच ड्रॉप11वें ओवर में ईशान किशन को जीवनदान मिला। इस बार युजवेंद्र चहल की चौथी बॉल पर लॉकी फर्ग्यूसन ने कैच ड्रॉप किया। चहल की गेंद पर ईशान किशन ने लेंथ बॉल को स्वाइप किया। गेंद हवा में गई, जहां लॉकी फर्ग्यूसन दाईं ओर झपटे। उन्होंने कैच लेने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ से निकल गई। मैदान पर लगातार कैच छूटने से चहल भी निराश नजर आए। चहल ने शानदार गुगली पर हेड को आउट कर पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में हेड गेंद को सही दूरी नहीं दे सके और लॉन्ग-ऑन पर यानसन ने कैच पकड़ लिया। हेड 19 गेंदों में 38 रन बनाकर आउट हुए।

पावरप्ले में हैदराबाद ने 1 विकेट पर 79 रन बनाए। अभिषेक ने अर्शदीप के खिलाफ छक्के के साथ शुरूआत की, जबकि यानयन के पहले ओवर में 21 रन आए। फर्ग्यूसन ने अभिषेक को आउट कर पंजाब को पहली सफलता दिलाई, लेकिन हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। चौथे ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन ने अभिषेक शर्मा की पारी पर ब्रेक लगाया। बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अभिषेक गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर पाए और मिड-ऑफ पर श्रेयस अय्यर ने आसान कैच पकड़ लिया। अभिषेक 13 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 4 छक्के और 2 चौके शामिल रहे। अभिषेक और हेड के बीच 54 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। अभिषेक शर्मा ने मार्को यानसन के ओवर में जमकर हमला बोला। दूसरे ओवर से 21 रन आए, जिसमें अभिषेक ने दो छक्के और दो चौके जड़े। हैदराबाद ने सिर्फ दो ओवर में 32 रन बना दिए। पहले ओवर में अभिषेक शर्मा ने आक्रामक शुरूआत करते हुए दूसरी बॉल पर छक्का जड़ा।

अर्शदीप सिंह के इस ओवर से कुल 11 रन आए। अभिषेक ने ओवर में 9 रन बनाए, जबकि ट्रैविस हेड ने भी खाता खोला। लगातार 6 मैच जीतकर अजेय नजर आ रही पंजाब टीम पिछले दो मुकाबलों में हारकर दबाव में है। वहीं, पैट कमिंस की कप्तानी वाली हैदराबाद टीम अपने घर में पंजाब की कमजोरियों का फायदा उठाकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंचना चाहेगी। हैदराबाद के कप्ताम पैट कमिंस ने कहा कि यहां की पिचों को पढ़ पाना आसान नहीं है, क्योंकि अब तक ज्यादातर मुकाबले हाई-स्कोरिंग रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टीम में अनिकेत वर्मा की जगह नीतीश रेड्डी की वापसी हुई है। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उन्होंने कहा कि टीम ने पिछली हारों से काफी अच्छी सीख ली है। साथ ही उन्होंने बताया की कि टीम में शशांक सिंह और लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी हुई है। दोनों टीमों ने कढछ में 25 बार एक-दूसरे का सामना किया है। सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी रहा है। रफल्र ने 17 मैच जीते हैं, जबकि पंजाब ने 8 जीते हैं। इस सीजन यह दोनों के बीच दूसरा मुकाबला है। पहले मैच में पंजाब ने अपने होम ग्राउंड पर हैदराबाद को 6 विकेट से हराया था।

# अहमदाबाद करेगा आईपीएल फाइनल की मेजबानी

## धर्मशाला और चंडीगढ़ में होंगे प्लेऑफ मैच



नयी दिल्ली। बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर एक धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने इससे पहले 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी।

**प्लेऑफ का कार्यक्रम इस प्रकार**

- क्वालीफायर एकः 26 मई एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला
- एलिमिनेटरः 27 मई न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़
- क्वालीफायर दोः 29 मई न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़
- फाइनलः 31 मई नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

बीसीसीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था। लेकिन स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण जो बीसीसीआई के स्थापित दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया गया है। बोर्ड ने हालांकि कर्नाटक की राजधानी में फाइनल आयोजित करने के लिए की जा रही मांगों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि



संचालन और लॉजिस्टिकल से जुड़े मसलों के कारण इस वर्ष प्लेऑफ चरण के मैच तीन स्थानों पर खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने कहा, क्वालीफायर एक 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें भाग लेंगी। इस मैच के विजेता को फाइनल में सीधा प्रवेश मिलेगा।

इसमें कहा गया है, इसके बाद मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जहां तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 27 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 29 मई को क्वालीफायर दो भी खेला जाएगा। धर्मशाला में पहली बार आईपीएल प्लेऑफ का कोई मैच खेला जाएगा। एलिमिनेटर में जीत दर्ज करने वाली टीम क्वालीफायर दो में क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम का सामना करेगी। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी। बीसीसीआई ने कहा, आईपीएल के मौजूदा सत्र का समापन 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल के साथ होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। यह भी पता चला है कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

## संक्षेप

### क्वीन सिरिकिट कप में तीन सदस्यीय टीम भेजेगा आईजीयू

नयी दिल्ली। युवा गोल्फर गुंतास कौर संधू की अगुवाई में भारत की तीन सदस्यीय टीम क्वीन सिरिकिट कप के लिए 12 से 15 मई तक इंडोनेशिया में होने वाली प्रतिष्ठित एशिया-प्रशांत एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में भाग लेगी। इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने बुधवार को इस टूर्नामेंट के लिए तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया सहित कुल 15 देश भाग लेंगे। अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, म्यांमा, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। संधू भारतीय टीम की अगुवाई करेगी। टीम की अन्य दो सदस्य हरियाणा की सीरत कांग और दिल्ली की कीया बडुगु हैं। संधू 2025 की लेडीज ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन हैं। चंडीगढ़ की यह गोल्फर 2026 में भी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उन्होंने 2025-26 में इंडियन गोल्फ यूनियन के सत्र में अब तक 20 टूर्नामेंट में से छह में जीत हासिल की हैं और वह 17 बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही है।

### आरसीबी के खिलाफ खेल सकते हैं पंड्या

मुंबई। कप्तान हार्दिक पंड्या रायपुर पहुंचने वाले मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के पहले जत्थे में शामिल नहीं थे लेकिन आरसीबी के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले मैच तक उनके फिट होने की संभावना है। मुंबई ने पिछला मैच चार मई को लखनऊसुपर जाइंट्स से खेला था और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अगला मैच दस मई को है। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी और स्टाफ अलग अलग बैच में रायपुर पहुंच रहे हैं। पंड्या कमर में जकड़न के कारण लखनऊके खिलाफ पिछला मैच नहीं खेले थे। टीम सूत्र ने हालांकि कहा कि मामूली चोट है और उन्हें एक मैच के लिये आराम करने को कहा गया था। वह रजत पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी के खिलाफ बेहद अहम अगले मैच में खेलेंगे। मुंबई सात हार और तीन जीत के बाद तालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये उसे बाकी सभी मैच जीतने होंगे।

# आईपीएल फाइनल सहित प्लेऑफ मैच की मेजबानी नहीं मिलने से निराश : केएससीए

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने बुधवार को मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल को बेंगलुरु से अहमदाबाद स्थानांतरित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले पर निराशा व्यक्त की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल मैच बेंगलुरु में होना था, लेकिन बीसीसीआई ने सटीक कारण बताए बिना इस महत्वपूर्ण मैच को अहमदाबाद में स्थानांतरित कर दिया। बीसीसीआई ने हालांकि कहा कि स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ मांगों के कारण स्थान बदला गया क्योंकि इस तरह की मांग बीसीसीआई के स्थापित दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं।

केएससीए अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने आईपीएल 2026 की शुरुआत में घोषणा की थी कि बीसीसीआई ने बेंगलुरु को सात मैच की मेजबानी सौंपने का फैसला किया है। इनमें आरसीबी के पांच घरेलू मैच, एक प्लेऑफ और फाइनल शामिल था। केएससीए के आधिकारिक प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा, केएससीए इस पर निराशा व्यक्त करता है कि आईपीएल के प्लेऑफ मैचों की मेजबानी अन्य केंद्रों को सौंपी गई है।

केएससीए अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद इस संबंध में बीसीसीआई के संपर्क में थे और उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल प्लेऑफ की मेजबानी के लिए केएससीए की तैयारी और गहरी रुचि से औपचारिक रूप से अवगत भी कराया था। मृत्युंजय ने कहा कि बीसीसीआई ने अभी तक प्लेऑफ मैचों को अन्य केंद्रों में स्थानांतरित करने के विशिष्ट कारणों का खुलासा नहीं किया है। उन्होंने कहा, प्लेऑफ की मेजबानी करने के लिए हमारी तैयारी और इच्छा के बावजूद बीसीसीआई ने इन मैचों की मेजबानी अन्य स्थानों को सौंपने का फैसला किया है। मृत्युंजय ने कहा, केएससीए को हालांकि इसके विशिष्ट कारणों की औपचारिक रूप से जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन हम इस संबंध में बीसीसीआई के विशेषाधिकार का पूरी तरह से सम्मान करते हैं।

### टेबल टेनिस में भारत का अभियान समाप्त

लंदन। भारत का विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में निराशाजनक अभियान राउंड ऑफ 32 में अमेरिका के हाथों महिला टीम की 1-3 से हार के साथ खत्म हो गया। पुरुष टीम भी मंगलवार को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में ऑस्ट्रिया से हार गई थी। मनिका बत्रा इस मुकाबले में छाप छोड़ने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। उन्होंने अपना एकल मैच रेयेस जेसिका के खिलाफ 11-2, 11-8, 8-11, 11-4 से जीता। शुरुआती एकल मैच में यशस्विनी घोरपड़े को मोयलैंड सैली ने 0-3 (8-11, 8-11, 7-11) से हरा दिया। दीया चितले भी चीनी मूल की खिलाड़ी लिली झांग का मुकाबला नहीं कर पाईं और 0-3 (8-11, 7-11, 11-13) से हार गईं। मनिका की अपने दूसरे एकल मैच में सैली के खिलाफ 12-10, 9-11, 3-11, 11-13 की हार के साथ भारत प्रतियोगिता से बाहर हो गया। पुरुष टीम भी मंगलवार को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में ऑस्ट्रिया से हार गई थी। मनिका बत्रा इस मुकाबले में छाप छोड़ने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। उन्होंने अपना एकल मैच रेयेस जेसिका के खिलाफ 11-2, 11-8, 8-11, 11-4 से जीता।

# एलएसजी व आरसीबी आज आमने-सामने



एजेंसी

लखनऊ। पिछले मैच में बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तालिका में शीर्ष पर जगह मनाने का मौका गंवाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बल्लेबाजी में अपनी लय फिर से हासिल करके प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने की कोशिश करेगी। आरसीबी फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, लेकिन उसके चार अन्य टीमों के समान 12 अंक हैं। उसकी टीम को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से चार विकेट से मिली हार को भूलकर जल्द से जल्द वापसी करनी होगी। गुजरात के खिलाफ उस मैच में आरसीबी की बल्लेबाजी नाटकीय रूप से धराशायी हो गई थी।

एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 79 रन था जो जल्द ही छह विकेट पर 96 रन हो गया और आखिर में उसकी टीम 155 रन पर आउट हो गई। आरसीबी के बल्लेबाज भले ही इस मैच में लड़खड़ा गए थे लेकिन वह दमदार वापसी करने में सक्षम हैं। उसके बल्लेबाजों ने अब तक आक्रामक खेल दिखाया है और लखनऊके खिलाफ भी वह इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए 379 रन बनाए हैं, वहीं देवदत्त पडिक्कल और कप्तान रजत पाटीदार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नियमित सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के उंगली में चोट के कारण बाहर होने से कोहली के साथ विस्फोटक शुरुआत देने की जिम्मेदारी जैकब बेथेल पर होगी।

### राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप दिल्ली में

नयी दिल्ली। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन होगा जिसमें 35 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यह घोषणा की। चैम्पियनशिप 27 जुलाई से दो अगस्त तक दिल्ली सरकार और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा आयोजित की जायेगी। दिल्ली सचिवालय में इसकी घोषणा करते हुए गुप्ता ने कहा दिल्ली सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, बेहतरीन बंदोबस्त और खिलाड़ियों तथा दर्शकों के लिये खेल का उम्दा माहौल देने को प्रतिबद्ध है। अधिकारियों के अनुसार सात दिवसीय चैम्पियनशिप में इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड, वेल्स, नाइजीरिया, कीनिया, जमैका, त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाड़ी भाग लेंगे।

# आर्सेनल 20 साल में पहली बार फाइनल में

एजेंसी



लंदन। बुकायो साका के पहले हाफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने मंगलवार को एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था।

बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई। आर्सेनल ने अब तक तीनों नॉकआउट राउंड में अपने घरेलू मैदान पर एक भी गोल नहीं खाया है। टीम ने लीग चरण में अपने सभी आठ मैच जीतकर प्रतियोगिता में सबसे कम चार गोल खाए थे। यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने की बेहद करीब है। इसके अलावा वह प्रीमियर लीग में खिताब जीतने की दौड़ में सबसे आगे है। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई रूल्स फुटबॉल क्लब कार्लटन पर एक खिलाड़ी के मैदान पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निपटने में लापरवाही बरतने के लिए 75,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (54,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है।

# विराट कोहली ने इकाना में की मैराथन प्रैक्टिस

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिग्गज बल्लेबाज का लखनऊ में जमकर क्रेज है। उन्होंने आज इकाना में करीब 2 घंटे प्रैटिक्स कर पसीना बहाया। नेट प्रैक्टिस से पहले फील्ड के चक्कर लगाए। फिर बैटिंग की प्रैटिक्स की। स्टेट ड्राइव पर छक्के जड़े। फील्ड सपोर्ट स्टॉफ समेत सभी निगाहें उन पर रहीं। स्टेडियम के बाहर फैंस ने चीयर्स करते रहे। टीम के अन्य कैप्टन रजत पाटीदार, भुवनेश्वर कुमार समेत अन्य खिलाड़ियों ने भी प्रैटिक्स की। इस दौरान विराट कोहली और भुवनेश्वर कुमार आपस में बातचीत करते नजर आए।

आईपीएल पिछले सीजन की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच 7 मई को इकाना में मैच खेला जाएगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम सोमवार देर शाम राजधानी लखनऊ पहुंच गई। टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल और कोच एंडी फ्लावर भी शहर में आ गए हैं। देर रात ब्लैक टी-शर्ट में कोहली एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए। पॉइंट टेबल

**स्ट्रेट ड्राइव पर छक्के लगाए, स्टेडियम में दौड़े, बाहर फैन्स का जमावड़ा**

में दूसरे स्थान पर काबिज बेंगलुरु की टीम ने आज इकाना स्टेडियम में प्रैटिक्स किया। लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के खिलाड़ी बुधवार को प्रैक्टिस करेंगे। हालांकि, 4 मई को मुंबई इंडियंस से मिली हार के बाद एलएसजी प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं। विराट कोहली कड़ी सेक्योरिटी के बीच निकले। कोई फैन उनके करीब नहीं पहुंच पाया। विराट कोहली लखनऊ एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच बाहर निकले।

रॉयल चैलेंजर्स के लिए अब तक का सफर बेहतरीन रहा है। टीम की बल्लेबाजी की कमान विराट कोहली (379 रन), देवदत्त पडिक्कल (282 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (257 रन) ने संभाल रखी है। वहीं, गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार 17 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। पिछले मुकाबले में लखनऊ को हराने के बाद बेंगरलुरु की टीम इस बार भी जीत के इरादे से मैदान में उतरेगी। फिलहाल, इकाना में किंग कोहली के विराट शो को देखने के लिए दर्शक बेताब हैं। ज्येष्ठ महीने का आज पहला बड़ा मंगल है। लखनऊ में 1000 से ज्यादा जगहों पर भंडारे हुए। नगर निगम में इस मंगल के लिए 348



भंडारों का रजिस्ट्रेशन है। वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में मिली आठ विकेट की करारी शिकस्त के बाद कहा कि टीम को मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अब हर मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा हो गया है। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को यहां 12 ओवर में 69 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे। टीम ने हालांकि खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 155 रन बनाए, लेकिन चेन्नई सुपरकिंग्स ने संजू सैमसन की 52 गेंदों में नाबाद 87 रन की पारी की बदौलत 17.3 ओवर में ही आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। इस हार से टीम के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है। टीम को इसके लिए अपने बचे हुए चारों मैच में जीत दर्ज करनी होगी। बदानी ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, अब मामला नॉकआउट जैसा है, चार (मैचों) में चार जीतना होगा।

ड्रेसिंग रूम में सभी खिलाड़ी स्थिति से वाकिफ हैं और अब प्रदर्शन कर लक्ष्य हासिल करना ही एकमात्र विकल्प है। सामूहिक तौर बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, हम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कभी गेंदबाज़ी अच्छी होती है, बल्लेबाज़ी नहीं, कभी इसका उल्टा। इस स्तर पर 60-70 प्रतिशत खिलाड़ियों का योगदान जरूरी है, जो अभी नहीं हो पा रहा। बदानी ने सुपरकिंग्स के खिलाफ 69 रन पर पांच विकेट गिरने की स्थिति पर कहा कि ऐसे समय में बल्लेबाजों को मैदान पर हालात के अनुसार निर्णय लेना होता है। उन्होंने माना कि उस समय बल्लेबाजों ने सतर्क रुख अपनाते हुए पारी को लंबा खींचने और विकेट नहीं गंवाने पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा, ऐसे वक्त पर मैदान में जो बल्लेबाज़ होते हैं, वही तय करते हैं कि मैच को कैसे आगे बढ़ाना है। हम पहले ही पांच विकेट खो चुके थे, इसलिए जल्दीबाजी नहीं करनी थी और पारी को आखिर तक ले जाने की योजना थी।

# डोपिंग को अपराध घोषित करने का प्रस्ताव

## मांडविया राष्ट्रव्यापी निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल की करेंगे शुरुआत



नयी दिल्ली। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया नए श्रम संहिताओं के तहत प्रस्तावित 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल की शुरुआत बृहस्पतिवार को करेंगे। खेल मंत्री मनसुख मांडविया बृहस्पतिवार को जब यहां राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के प्रतिनिधियों के साथ दिन भर चलने वाली बैठक करेंगे तो डोपिंग को अपराध घोषित करना और आगामी राष्ट्रमंडल तथा एशियाई खेलों की तैयारियां चर्चा के मुख्य विषय होंगे।एजेंडा में राष्ट्रीय खेल प्रशासन नियम को लागू करना और बड़े पैमाने पर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए भारत की तैयारी भी शामिल होगी। यह बैठक यहां राष्ट्रीय स्टेडियम में बंद दरवाजों के पीछे होगी।

एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा, जहां तक एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों का सवाल है तो यह मूल रूप से तैयारियों का जायजा लेने की प्रक्रिया है। मंत्री डोपिंग को अपराध घोषित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा करेंगे। मांडविया ने इस बात की वकालत की है कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम में संशोधन किया जाए जिससे कि प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति करने वालों के लिए जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान शामिल किया जा सके। ये दंडात्मक प्रावधान 2018 के डोपिंग रोधी विधेयक के मसौदे का हिस्सा थे लेकिन भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) जैसे निकायों की आपत्तियों के बाद इन्हें हटा दिया गया था। श्रम मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस पहल का औपचारिक उद्घाटन नयी दिल्ली में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (बसईदारापुर) से किया जाएगा। देश भर में 11 अन्य ईएसआईसी अस्पतालों में भी एक साथ उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें संबंधित राज्यों के श्रम मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। यह पहल श्रमेव जयते के व्यापक ढांचे के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है जो श्रम की गरिमा एवं श्रमिकों के लिए मजबूत सामाजिक सुरक्षा पर जोर देता है। यह कार्यान्वयन चार नए श्रम संहिताओं के माध्यम से लाए गए परिवर्तनकारी सुधारों पर आधारित है। इन संहिताओं में 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समाहित किया गया है। इन सुधारों का उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना और सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार करना है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 असंगठित और ऑनलाइन मंच के लिए काम करने वाले श्रमिकों को शामिल करती है। साथ ही इसमें एक सामाजिक सुरक्षा कोष स्थापित करने का प्रावधान है और ईएसआईसी लाभों के दायरे का विस्तार करती है। नई श्रम रूपरेखा के तहत एक प्रमुख प्रावधान 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए अनिवार्य वार्षिक स्वास्थ्य जांच है। ईएसआई योजना के लाभार्थियों के लिए ये जांच ईएसआईसी के व्यापक अस्पताल नेटवर्क के माध्यम से की जाएंगी जिनमें प्रारंभिक निदान, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और सतत स्वास्थ्य निगरानी पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा, खतरनाक या जोखिमपूर्ण कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए आयु पर गौर किए बिना स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होगी। यह पहल स्वास्थ्य अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव और समय-समय पर निगरानी की भी परिकल्पना करती है, ताकि श्रमिकों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा सके। यह राष्ट्रव्यापी पहल व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, भारत के श्रमिकों के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जीती गयी दो विधानसभा सीट में से एक 10 दिन में खाली कर दूंगा: शुभेंदु अधिकारी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दो सीट भवानीपुर और नंदीग्राम पर जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि वह 10 दिनों के भीतर इनमें से एक सीट से इस्तीफा दे देंगे।

अधिकारी ने भवानीपुर सीट पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पराजित किया जबकि नंदीग्राम सीट पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। अधिकारी ने यह भी कहा कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कि वह कौन सी सीट बरकरार रखेंगे। उन्होंने कहा, मैं 10 दिन के भीतर एक सीट खाली कर दूंगा। पार्टी तय करेगी कि मैं कौन सी सीट रखूंगा। भवानीपुर और नंदीग्राम के लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी मैं नहीं भूलूंगा। भवानीपुर को तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी का राजनीतिक गढ़ माना जाता है और सोमवार को हुई मतगणना में अधिकारी ने बनर्जी को 15000 मतों से हरा करारा झटका दिया। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने उनसे तुरंत विजय जुलूस नहीं निकालने और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि अभी विजय रैलियां नहीं निकालें। शांति और अनुशासन बनाए रखें। नौ मई के बाद अनुमति लेकर जश्न मनाएं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घोषणा की कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए कथित हमलों का जिक्र करते हुए अधिकारी ने कहा कि वह उन पर हुए अत्याचारों को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने भरोसा दिया कि आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने कहा, मैं 2011 के परिवर्तन का हिस्सा था, और अब मैं वास्तविक परिवर्तन का हिस्सा हूं। मैं नंदीग्राम के लोगों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। वह 2011 में तृणमूल कांग्रेस की जीत का जिक्र कर रहे थे।

## संक्षेप

### शेड गिरने से चार किसानों की मौत तीन अन्य घायल

करीमनगर। तेलंगाना के मंचरियाल जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में टिन शेड (टिन की छत) और जर्जर ढांचों के गिरने से चार किसानों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात लक्सेट्टीपेट मंडल के दो गांवों में ये घटनाएं तब हुईं, जब भारी बारिश और आंधी के बाद कुछ किसानों ने वहां शरण ले रखी थी। इन मौतों को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए विपक्षी दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने आरोप लगाया कि किसानों की मौत अपनी उपज की खरीद का इंतजार करते हुए हुई। अधिकारियों के अनुसार, कोथुरु गांव में एक टिन शेड के गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस और जिला अधिकारियों ने बताया कि गम्पालपल्ली गांव में एक अन्य घटना में एक और ढांचे के गिरने से दो और लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना में घायल तीन लोगों को इलाज के लिए करीमनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के कारण ये ढांचे गिर गए।

# पटना में ओलावृष्टि और तेज बारिश का 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

पटना। बिहार के कई हिस्सों में बुधवार को मौसम अचानक बदल गया। राजधानी पटना में दोपहर में घने काले बादलों के कारण अंधेरा छा गया। इसके बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई और कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई।

इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मौसम विभाग ने राज्य के 15 जिलों में आंधी और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, सात मई तक राज्य के उत्तर और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि की प्रबल संभावना बनी हुई है। विभाग के अनुसार, बेमौसम बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि ग्रामीण इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं से लोगों में दहशत है। विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, आंधी और बारिश का सिलसिला फिलहाल जारी रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार किशनगंज समेत कई जिलों में अगले 24 से 48 घंटे के दौरान बादल छाने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है।

# भारत-दक्षिण कोरिया की बातचीत 25 को

नयी दिल्ली। भारत और दक्षिण कोरिया 25 मई को वृहद आर्थिक भागीदारी करार (सीईपीए) की समीक्षा पर बातचीत कर सकते हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसे जनवरी, 2010 में लागू किया गया था। यह बातचीत इसलिए जरूरी है क्योंकि भारत ने दक्षिण कोरिया को एक नए द्विपक्षीय व्यापार करार पर बातचीत करने का सुझाव दिया है ताकि इसे और बेहतर बनाया जा सके और व्यापार घाटे की चिंताओं को दूर किया जा सके।

अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के अधिकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के लिए 25 मई को मिल रहे हैं। पिछले महीने यहां हुई एक द्विपक्षीय बैठक में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने कोरिया के व्यापार मंत्री यियो हान-कू को एक नए एफटीए पर बातचीत करने का सुझाव दिया था। गोयल कई मौकों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को उठा चुके हैं। दक्षिण कोरिया को भारत का निर्यात 2023-24 के 6.41 अरब डॉलर से 9.3 प्रतिशत घटकर 2024-25 में 5.81 अरब डॉलर रह गया है। 2024-25 में आयात 0.34 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 21 अरब डॉलर रहा। इस तरह व्यापार घाटा 15.19 अरब डॉलर रहा। 2020-21 में यह आठ अरब डॉलर था।

# पंजाब विस्फोट पर मान की टिप्पणी विभाजनकारी और निंदनीय : भाजपा



नयी दिल्ली। पंजाब में हुए दोहरे विस्फोट को लेकर बुधवार को राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले डर का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

वहीं, भाजपा ने पलटवार करते हुए मान की टिप्पणियों को निंदनीय बताया। पार्टी ने आरोप लगाया कि मान ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की संभावित संलिप्तता की ओर इशारा करने वाले प्रारंभिक जांच निष्कर्षों को नजरअंदाज किया। पंजाब में मंगलवार रात दो विस्फोट हुए। पहला, जालंधर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय के बाहर लगभग आठ बजे और दूसरा, अमृतसर के खासा में सेना छावनी क्षेत्र के पास रात करीब 11 बजे। मान ने इन विस्फोटों को मामूली घटना बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा विधानसभा चुनावों से पहले पंजाब में डर का माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा एक सांप्रदायिक पार्टी है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं और उन्होंने (भाजपा) कहा है कि अब पंजाब की बारी है, जिससे संकेत मिलता है कि ये मामूली विस्फोट पंजाब विधानसभा चुनावों की उनकी तैयारी का हिस्सा हैं। मान ने कहा कि भाजपा लोगों को डराकर वोट हासिल करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी हमेशा हिंसा भड़काकर और जनता को डराकर वोट हासिल करने की कोशिश करती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मान पर पलटवार करते हुए उनकी टिप्पणी को निंदनीय करार दिया। उन्होंने मान पर जांच के निष्कर्षों का इंतजार किए बिना राजनीति से प्रेरित टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। पंजाब एक संवेदनशील सीमावर्ती राज्य है और स्वाभाविक रूप से वहां चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाती है। मुख्यमंत्री का दिया हर बयान महत्वपूर्ण होता है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com